भाद्रपद कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 20 अगस्त 2024
वर्ष 4, अंक 183, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हवा से भी तेज गति से भागता है यह तारा 14

विक्की की छावा का टीजर रिलीज 13

## राज्य के छह जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

हल्द्वानी, कार्यालय



**18** मिलीमीटर हल्द्वानी में हुई बारिश

- अन्य जिलों में भी कहीं-कहीं बारिश की संभावना

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना है। मंगलवार को राज्य में अधिकांश स्थानों पर बारिश होगी। खासतौर से पहाड़ी इलाकों में अतिवृष्टि का अनुमान है।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार राज्य के देहरादून, बागेश्वर, चम्पावत, नैनीताल, पिथौरागढ़ और ऊधमसिंह नगर जिले में कही-कहीं गर्जन के साथ भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही अन्य जिलों में भी बारिश का येलो अलर्ट है। बुधवार को मौसम साफ होने का अनुमान है। इधर, सोमवार को देहरादून के विकासनगर में 29.5 मिमी, यमकेश्वर में 27.5 मिमी, पुरोला में 16.5, अल्मोड़ा में सात मिमी और हल्द्वानी में 18 मिमी बारिश हुई है। देहरादून में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# देवीधुरा में ऐतिहासिक बग्वाल युद्ध 11 मिनट तक चला

- युद्ध के साक्षी बने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी
- देवीधुरा के मां वाराही मंदिर में हुआ ऐतिहासिक युद्ध

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** चम्पावत जिले के देवीधुरा स्थित मां वाराही धाम में इस बार बग्वाल युद्ध 11 मिनट तक चला। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को रक्षाबंधन के अवसर पर मां वाराही धाम में लगने वाले बग्वाल मेले में प्रतिभाग किया।

पाटी ब्लॉक के देवीधुरा में मां वाराही धाम मंदिर के खोलीखांड दुबाचौड़ में रक्षाबंधन पर्व पर सोमवार को बग्वाल खेली गई। इस दौरान बग्वाल युद्ध में चार खाम चम्याल, गहरवाल, लमगड़िया और वालिग के अलावा सात थोकों के योद्धा फरों के साथ मैदान में उतरे। अपराह्न 2:05 पर शंखनाद के साथ युद्ध शुरू हुआ। इस दौरान फल-फूलों के बीच पत्थरों से युद्ध चला। 11 मिनट तक चले युद्ध को महेश पुजारी ने मैदान में पहुंचकर 2:16 पर युद्ध को समाप्त होने की घोषणा की। इस युद्ध में रणबांकुरे समेत 212 दर्शक घायल हुए, जिनका वहां मौजूद चिकित्सा टीम द्वारा उपचार किया गया। खराब मौसम के बाद भी इस ऐतिहासिक पाषाण युद्ध को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग वहां पहुंचे। जिला प्रशासन और जिला पंचायत द्वारा तमाम व्यवस्थाएं की गई थी। यह मेला 26 अगस्त तक चलेगा, जहां विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



देवीधुरा के मां वाराही मंदिर में खेला गया ऐतिहासिक बग्वाल युद्ध। ● एजेंसी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने माँ वाराही मंदिर में घंटी चढ़ाई तथा राज्य की खुशहाली एवं तरक्की की कामना की। मुख्यमंत्री, मां वाराही धाम में चार खाम सात थोक के बीच फलों फूलों से खेले जाने वाले विश्व प्रसिद्ध पाषाण युद्ध के साक्षी बने। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत कुमाऊं क्षेत्र के पौराणिक मंदिरों का सौंदर्यीकरण हो रहा है। देवीधुरा भी इस मिशन का महत्वपूर्ण भाग है। उन्होंने कहा देवीधुरा के ऐतिहासिक और रमणीक क्षेत्र में आकर स्वयं को अभिभूत महसूस कर रहा हूं।

बग्वाल मेला हमारी लोक संस्कृति, आस्था और परंपराओं का संगम है। यह मेला हमारी संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने के साथ ही हमारी संस्कृति का भी संवर्धन करता है। उन्होंने कहा पुरानी परंपराओं को निभाने और आगे बढ़ाने की ऊर्जा आने वाली पीढ़ी को मिलते रहनी चाहिए। पीढ़ी दर पीढ़ी लोक संस्कृति को आगे बढ़ाना हम सभी का कर्तव्य है।

## एक नजर

### पूर्व सेना प्रमुख जनरल पद्मनाभन पैडी का निधन

**चेन्नई।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल सुंदरराजन पद्मनाभन का चेन्नई में निधन हो गया। वह 83 साल के थे। जनरल पद्मनाभन को सैन्य हलकों में प्यार से 'पैडी' के नाम से जाना जाता था। उन्होंने 30 सितंबर 2000 से 31 दिसंबर 2002 तक थल सेनाध्यक्ष के रूप में सेवाएं दी थीं। जनरल पद्मनाभन के परिवार में उनकी पत्नी, बेटी और एक बेटा है। जनरल पद्मनाभन को 15 कोर कमांडर के रूप में उनकी सेवाओं के लिए अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम) से सम्मानित किया गया था।



### मिलावटी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**नोएडा।** यूपी एसटीएफ ने सूरजपुर थाना क्षेत्र में देसी शराब बनाने वाली एक अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। इस सिलसिले में मौके से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के पास से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई है। आरोपियों से पूछताछ के दौरान पता चला है कि ये लोग मिलावटी शराब को प्रदेश के विभिन्न जिलों में शराब की दुकानों पर काम करने वाले सेल्समैन की मिलीभगत से कम दाम पर बेचते थे। एसटीएफ ने बताया कि छापेमारी के दौरान कमल, निखिल सोनी, अमित यादव और गोविंद चौरसिया को गिरफ्तार किया। ये सभी कानपुर के रहने वाले हैं।

# ट्रेनी डॉक्टर की हत्या-दुष्कर्म के आरोपी का होगा पॉलीग्राफ टेस्ट

## कोलकाता की एक कोर्ट ने सीबीआई को दी मंजूरी, पहले ही हो चुका है मनोवैज्ञानिक परीक्षण

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को भी कोलकाता समेत देशभर के चिकित्सकों ने धरना-प्रदर्शन किया। कई जगह स्वास्थ्य सेवाएं भी ठप रहीं। इस बीच कोलकाता की एक अदालत ने सीबीआई को संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की अनुमति दे दी। इस पर ट्रेनी चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या का आरोप है।

संजय रॉय के बारे में बताया जाता है कि वह कोलकाता पुलिस से जुड़ा एक नागरिक स्वयंसेवक है। सीबीआई ने सियालदह कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के संबंध में याचिका दाखिल की थी। कोलकाता के इस हत्याकांड के मामले में भी सीबीआई संजय राय से कुछ सवाल करेगी। इससे पहले जांच एजेंसी आरोपी का मनोवैज्ञानिक टेस्ट करा चुकी है। अब पॉलीग्राफी टेस्ट से पता चल सकेगा कि आखिर आरोपी कितना झूठ और कितना सच बोल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष का भी पॉलीग्राफी टेस्ट कराना चाहती है। सीबीआई सूत्रों का कहना है कि संदीप घोष के बयान में कई गड़बड़ियां पाई गई हैं। पीड़िता के परिवार द्वारा दिए गए बयान और संदीप घोष के बयान अलग हैं।




कोलकाता में घटना के विरोध में प्रदर्शन करते युवा। ● एजेंसी

### सरकार ने केंद्रीय अस्पतालों में सुरक्षा तैनाती में 25 प्रतिशत बढ़ोतरी की

**नई दिल्ली।** कोलकाता की घटना के बाद स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून की मांग कर रहे रेजिडेंट डॉक्टरों के विरोध-प्रदर्शन के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों में सुरक्षा तैनाती में 25 प्रतिशत की वृद्धि की अनुमति दी है। अधिकारियों ने बताया कि मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल के अलावा सरकारी अस्पतालों द्वारा सुरक्षा समीक्षा किए जाने के बाद उनकी मांग के आधार पर मार्शलों की तैनाती को भी मंजूरी दी जाएगी। हालांकि सूत्रों ने कहा कि आरजी कर अस्पताल मामले के आधार पर केंद्रीय कानून लाने से कोई बड़ा अंतर नहीं आएगा, क्योंकि ये घटना मरीज-डॉक्टर हिंसा का मामला नहीं था।

### आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य से सीबीआई ने की लगातार चौथे दिन पूछताछ

**कोलकाता।** सीबीआई के अधिकारियों ने सोमवार को लगातार चौथे दिन आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष से महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना की जांच के सिलसिले में पूछताछ की। एक अधिकारी ने बताया कि घोष सोमवार को सुबह सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीबीआई कार्यालय पहुंचे। अधिकारी के मुताबिक, घोष से पूछा गया कि डॉक्टर की मौत की खबर मिलने के बाद उनकी भूमिका क्या थी, उन्होंने किससे संपर्क किया और पीड़िता के माता-पिता को करीब तीन घंटे तक इंतजार क्यों कराया गया। पूर्व प्राचार्य से यह भी पूछा गया कि घटना के बाद अस्पताल की इमरजेंसी बिल्डिंग में संगोष्ठी कक्ष के पास के कमरों की मरम्मत का आदेश किसने दिया था। सीबीआई अधिकारियों ने शुक्रवार से पिछले तीन दिनों में घोष से कई घंटों तक पूछताछ की है।

## प्रधानमंत्री मोदी 23 को जाएंगे यूक्रेन, जेलेंस्की से होगी मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 अगस्त को रूस के साथ युद्ध में तबाह यूक्रेन की यात्रा पर जाएंगे, जहां उनकी यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की के साथ संघर्ष के समाधान के उपायों पर चर्चा होने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार, 23 अगस्त को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के निमंत्रण पर यूक्रेन की आधिकारिक यात्रा करेंगे।



उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक यात्रा भी है, क्योंकि हमारे राजनयिक संबंधों की स्थापना के 30 से अधिक वर्षों में यह पहली बार होगा, जब कोई भारतीय प्रधानमंत्री यूक्रेन का दौरा करेगा। यात्रा के दौरान बातचीत के विषयों पर प्रकाश डालते हुए तन्मय लाल ने कहा, "भारत ने बहुत स्पष्ट और सुसंगत स्थिति बनाए रखी है कि कूटनीति और बातचीत से ही इस संघर्ष (रूस और यूक्रेन के बीच) का हल निकल सकता है, जिससे स्थायी शांति स्थापित हो सकती है। इसलिए बातचीत बहुत जरूरी है।

## उधमपुर में मुठभेड़, हरियाणा के सीआरपीएफ इंस्पेक्टर शहीद

जम्मू, एजेंसी

- आतंकवादियों ने गश्ती दल पर की गोलीबारी, सुरक्षा बलों का अभियान जारी

उधमपुर जिले में सोमवार को गश्ती दल पर आतंकियों द्वारा की गई गोलीबारी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक निरीक्षक शहीद हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बसंतगढ़ में डुडू थानाक्षेत्र के चिल इलाके में अपराह्न करीब साढ़े 3 बजे आतंकवादियों ने सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) पर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि हमले में सीआरपीएफ की 187वीं बटालियन के निरीक्षक कुलदीप सिंह को गोली लगी और बाद में अस्पताल ले जाते समय उनकी मृत्यु हो गई। कुलदीप हरियाणा के रहने वाले थे।

उधमपुर पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'चिल, डुडू में गश्त के दौरान आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त दलों पर गोलीबारी की। मुठभेड़ में सीआरपीएफ के एक निरीक्षक को गोली लगी और वह शहीद हो गए। अभियान जारी है।'

अधिकारियों ने कहा कि संयुक्त गश्ती दल की जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकवादी मौके से भाग गए। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर अतिरिक्त बल भेजा गया है और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है। पिछले सप्ताह निर्वाचन आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा किए जाने के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं।



### आतंकियों को मिली रही है स्थानीय मदद

इससे पहले 7 अगस्त को भी उधमपुर के बसंतगढ़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। हालांकि आतंकी खराब मौसम और धुंध का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे थे। माना जा रहा है कि उधमपुर के बसंतपुर के ऊपर जंगल में आतंकियों के कुछ समूह यहां छिपे हुए हैं। सूत्रों की मानें तो इन आतंकियों को किसी स्थानीय के यहां शरण मिल रही है। सुरक्षाबलों को अप्रैल से इस क्षेत्र में आतंकियों की गतिविधियों के बारे में सूचना है।

# हरिद्वार में परीक्षा केंद्र के बाहर से सॉल्वर गैंग का सरगना गिरफ्तार

ब्यूरो, हरिद्वार

- डमी कैंडिडेट भी पकड़ा गया, 16 लाख में हुई थी डील
- एलटी शिक्षक परीक्षा देने आए थे पहले ही एसटीएफ ने दबोचा

**अमृत विचार :** यूकेएसएसएससी द्वारा संचालित परीक्षा केंद्र के बाहर से एसटीएफ ने नकल माफिया गिरोह के सरगना को पकड़ा है। सरगना के साथ सॉल्वर को भी गिरफ्तार किया गया है। वह परीक्षा केंद्र में दूसरे अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देने वाला था। इससे पहले ही उन्हें दबोच लिया गया। इसके लिए 16 लाख रुपये में सौदा किया गया था।

यूकेएसएसएससी द्वारा एलटी शिक्षक परीक्षा आयोजित की गई थी। रविवार को हरिद्वार में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। उत्तराखंड एसटीएफ को इस परीक्षा को लेकर नकल माफिया गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिली। पता लगा कि मेरठ जिले का रहने वाला ऊधम सिंह परीक्षा में नकल कराने वाला है। उसका गिरोह कई राज्यों में सक्रिय है और पूर्व में भी वह परीक्षाओं में नकल कराने में लिप्त रहा है। जिस पर निरीक्षक अबुल कलाम व निरीक्षक नन्द किशोर भट्ट के नेतृत्व में टीम ने नकल माफिया को दबोचने के लिए अपना जाल बिछा दिया। हरिद्वार के मायापुर इलाके स्थित परीक्षा केंद्र एसवीएम इंटर कॉलेज के बाहर से टीम ने ऊधम सिंह व उसके साथी बिहार निवासी अनुपम कुमार को दबोच लिया।

एसटीएफ के मुताबिक ऊधम ने पेपर सॉल्व कराने के लिए अनुपम कुमार को बिहार से बुलाया था। अनुपम कुमार को कुलदीप नाम के अभ्यर्थी की जगह पेपर में बैठना था। कुलदीप के रिश्तेदार सचिन से ऊधम की डील 16 लाख में हुई थी। इस काम के लिए अनुपम को चार लाख रुपये दिए जाने थे। कुलदीप सिंह की जगह अनुपम का फोटो प्रिंट कर प्रवेश पत्र तैयार किया गया था, ताकि उसको आसानी से अंदर परीक्षा कक्ष में जाने का मौका मिल जाए। लेकिन, परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने से पहले ही एसटीएफ ने उन्हें दबोच लिया। दोनों के खिलाफ उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती परीक्षा में अनुचित साधनों की रोकथाम और निवारण के उपाय) अधिनियम 2023 के तहत कोतवाली हरिद्वार में मुकदमा दर्ज किया है।



सॉल्वर गैंग का सरगना और उसके साथी पुलिस हिरासत में। ● अमृत विचार

### कई राज्यों में सक्रिय है ऊधम का गिरोह

एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल के मुताबिक ऊधम का भर्ती परीक्षा में नकल कराकर पास कराने का अपना एक गिरोह है, जो भिन्न-भिन्न राज्यों में समय-समय पर आयोजित होने वाली परीक्षाओं में सक्रिय रहता है। नकल कराकर पास कराने के बदले अभ्यर्थियों से मोटी धनराशि ली जाती है। इसके खिलाफ मेरठ में फर्जी भर्ती के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें वह जेल भी गया था। ऊधम व उसके साथी से काफी जानकारियां मिली हैं। एसटीएफ उन पर आगे की कार्रवाई करेगी।

## आईएसआईएस से जुड़े दो आतंकियों के खिलाफ एनआईए ने दायर किया आरोपपत्र

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में आईएसआईएस की जिहादी गतिविधियों को बढ़ावा देने और लक्षित हत्याओं से जुड़ी एक बड़ी आतंकी साजिश में शामिल होने के मामले में सोमवार को दो लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि आरोपी अब्दुल मतीन ताह और मुस्सवीर हुसैन शाजिब कर्नाटक के शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के निवासी हैं। दोनों आईएसआईएस की एक बड़ी आतंकी साजिश में शामिल थे और 12 अप्रैल को उन्हें गिरफ्तार किया गया था। संघीय एजेंसी की जांच से पता चला कि ताह इस संगठन से प्रभावित हो गया था और उसने शाजिब तथा अन्य लोगों को भी अपने साथ जोड़ लिया। एनआईए ने कहा कि 2018 में ऑनलाइन माध्यम से ताह का आका भाई उर्फ लैपटॉप भाई से संपर्क हुआ और उसने भाई को महबूब पाशा से मिलवाया। पाशा ने बेंगलुरु शहर के गुराप्पनपाल्या में अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर अल-हिंद ट्रस्ट बनाया था।

### कोल इंडिया की इकाई एनसीएल में रिश्वतखोरी का भंडाफोड़, चार करोड़ रुपये जब्त

## सीबीआई ने अपने ही डीएसपी समेत 5 को पकड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मध्य प्रदेश के सिंगरौली में नॉदर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के मामले में अपने ही पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में एनसीएल के दो अधिकारी भी शामिल हैं। इनमें से एक के आवास से 3.85 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए थे।

संघीय जांच एजेंसी ने इस मामले के संबंध में 17 अगस्त को उत्तर प्रदेश के नोएडा के अलावा सिंगरौली और जबलपुर में तलाशी ली थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एनसीएल के विभिन्न अधिकारियों के परिसर की तलाशी ली गई, जिनमें एनसीएल के मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के निजी सचिव और प्रबंधक (सचिवालय) सूबेदार ओझा, एनसीएल के पूर्व सीएमडी भोला सिंह और इसके वर्तमान मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) समेत अन्य अधिकारी शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि पांच लोगों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें जबलपुर में सीबीआई की भ्रष्टाचार रोधी शाखा में तैनात पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) जॉय जोसेफ दामले, एनसीएल के मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के निजी सचिव सूबेदार ओझा, कंपनी के मुख्य प्रबंधक (प्रशासन) लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) बसंत कुमार सिंह, सिंगरौली स्थित संगम इंजीनियरिंग के निदेशक और कथित बिचौलिए रविशंकर सिंह और उनके सहयोगी दिवेश सिंह के नाम शामिल हैं।




सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि दिवेश सिंह को उनके खिलाफ लंबित शिकायतों और जांच के मामलों में अनुकूल रिपोर्ट प्राप्त करने और जांच एजेंसी द्वारा की जा रही जांच के बदले डीएसपी दामले को पांच लाख रुपये की रिश्वत देते समय रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

### जमीयतुल उलेमा की दायर याचिका के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार का हलफनामा

# मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिला रहा तीन तलाक कानून

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने तीन तलाक को अपराध बनाने वाले-2019 के कानून का एक बार फिर बचाव किया है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि यह कानून मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिला रहा है, जबकि तीन तलाक की प्रथा विवाह की सामाजिक संस्था के लिए घातक है।

मुस्लिम संगठनों जमीयत उलमा-ए-हिंद और समस्त केरल जमीयतुल उलेमा ने अपनी याचिकाओं में अदालत से कानून को असंवैधानिक घोषित करने का आग्रह किया है। इसके जवाब में दाखिल हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा 2017 में इस प्रथा को खारिज करने के बावजूद यह समुदाय के सदस्यों के बीच इस प्रथा से तलाक की संख्या को कम करने में पर्याप्त निवारक के रूप में काम नहीं कर पाया है। हलफनामे में कहा गया है, 'संसद ने अपने विवेक से तीन तलाक से पीड़ित विवाहित मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए उक्त कानून पारित किया।'

हलफनामे में कहा गया, 'यह कानून विवाहित मुस्लिम महिलाओं के लिए लैंगिक न्याय और लैंगिक समानता के व्यापक संवैधानिक लक्ष्यों को सुनिश्चित करने में मदद करता है तथा गैर-भेदभाव और सशक्तीकरण के उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा करने में मदद करता है।



### जमीयत ने भेदभाव वाला कानून बताकर दी है चुनौती

सुप्रीम कोर्ट ने 22 अगस्त 2017 को एक बार में कहकर दिए जाने वाले तीन तलाक (तलाक-ए-बिद्दा) को असंवैधानिक घोषित कर दिया था। कोर्ट 23 अगस्त 2019 को मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 की वैधता का परीक्षण करने के लिए सहमत हो गया। कानून का उल्लंघन करने पर तीन साल तक की कैद हो सकती है। जमीयत ने अपनी याचिका में दावा किया कि एक विशेष धर्म में तलाक के तरीके को अपराध घोषित करना, जबकि अन्य धर्मों में विवाह और तलाक के विषय को केवल नागरिक कानून के दायरे में रखना भेदभाव को जन्म देता है। यह अनुच्छेद 15 की भावना के अनुरूप नहीं है।

# 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण विधेयक पर लगी मुहर

## राज्य आंदोलनकारियों में खुशी की लहर, मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को दी बधाई, राज्य सरकार का जताया आभार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सरकारी भर्तियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण विधेयक को राजभवन से मुहर लगने पर राज्य आंदोलनकारियों ने मिठाई खिलाकर खुशी जताई है।

चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के बैनर तले राज्य आंदोलनकारी सोमवार को एसडीएम कोर्ट के समीप इकट्ठा हुए। यहां उन्होंने एकदूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि यह राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष का सकारात्मक परिणाम है। इस बिल के लिए राज्य सरकार का आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि जल्द ही राज्य आंदोलनकारियों को राज्य सेनानी का दर्जा देने के साथ ही बची हुई मांगों को भी पूरा किया जाएगा। इस दौरान डॉ. हरीश पाल, कमल जोशी, पवन पाल, शिवकुमार गुप्ता, अयोध्या प्रसाद, हेम आदि मौजूद रहे।

इधर राज्य आंदोलनकारियों ने सोमवार को गुरुनानक मार्केट स्थित देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण बिल पर राजभवन से मुहर लगने पर मिठाई बांट कर खुशी जताई और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। राज्य आंदोलनकारी हुकम सिंह कुंवर ने कहा की राज्य आंदोलनकारियों की मांगों में पक्ष- विपक्ष का सहयोग रहा है। इस दौरान केदार पलड़िया, बालम सिंह बिष्ट, नरेश चंद्र भट्ट, मोहन पाठक, बृज मोहन सिजवाली, जगमोहन बगड़वाल, अतहर हुसैन, दीपक रौतेला, हेम चन्द्र पाठक, अयोध्या प्रसाद केसरवानी, संतोष गौड़, भुवन तिवारी मौजूद रहे।


हल्द्वानी में मिठाई खिलाकर खुशी जताते राज्य आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

### राज्य आंदोलनकारियों के हित में ऐतिहासिक फैसला : डब्बू

**हल्द्वानी :** मंडी बोर्ड के चेयरमैन एवं वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी डॉ. अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि राजभवन ने विधानसभा से पारित उत्तराखंड राज्य आंदोलन के चिह्नित आंदोलनकारियों या उनके आश्रितों को सरकारी सेवाओं में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी। अब गजट नोटिफिकेशन के बाद यह अधिनियम बन जाएगा। राज्य आंदोलनकारियों के हित में यह ऐतिहासिक फैसला है इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार का बहुत आभार है।


डॉ. अनिल कपूर डब्बू।

उन्होंने कहा कि राजभवन से मुहर लगने के बाद प्रदेश में चिह्नित आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों को सरकारी सेवाओं में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण मिलने का रास्ता साफ हो गया है। डब्बू ने कहा कि इस वर्ष फरवरी में विधानसभा से विधेयक पारित हुआ था। इसे 11 अगस्त 2004 से लागू माना जाएगा। साथ ही 11 अगस्त 2004 और उसके बाद राज्य सरकार द्वारा जारी शासनादेश के अंतर्गत विभिन्न राज्याधीन सेवाओं व पदों पर चयनित राज्य आंदोलनकारियों की नियुक्तियां वैध मानी जाएंगी।

# पक्ष-विपक्ष और विधायकों का जताया आभार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण विधेयक को राजभवन से मंजूरी मिलने पर राज्य आंदोलनकारियों ने खुशी व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरण किया। शहीद पार्क लखनपुर में राज्य निर्माण आंदोलनकारी मंच के संयोजक चंद्रशेखर जोशी की अध्यक्षता व केंद्रीय संचालन समिति के सदस्य प्रभात ध्यानी के संचालन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राज्य आंदोलनकारियों ने शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि राजभवन में विधेयक लंबित होने से आंदोलनकारियों में भारी आक्रोश था।

जिस कारण सरकार की फजीहत हो रही थी। उन्होंने राज्य आंदोलनकारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्षरत रहने का संकल्प लिया। इस दौरान पुष्कर दुर्गापाल, सुमित्रा बिष्ट, नवीन नैथानी, नवीन नैनवाल, हाफिज सईद अहमद, राजेन्द्र खुल्वे, रईस अहमद, मनोज गोस्वामी, योगेश सती आदि मौजूद रहे।


रामनगर शहीद पार्क में एकत्रित राज्य आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

# दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में जल्द बजेगी मोबाइल की घंटी

- बीएसएनएल ने भीमताल और नैनीताल विधानसभा क्षेत्र में लगाए 32 टावर

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** जनपद के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में जल्द ही मोबाइल की घंटी बजेगी। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने भीमताल और नैनीताल विधानसभा के धारी, ओखलकांडा, बेतालघाट और रामगढ़ क्षेत्र में 4जी नेटवर्क के 32 टावर लगाए हैं। इन टावरों को स्थापित करने का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो गया है।

बीएसएनएल अधिकारियों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरस्थ क्षेत्रों में संचार व्यवस्था स्थापित करने और प्रत्येक का संपर्क एक-दूसरे से कराने के उद्देश्य से इन टावरों को लगाया गया है। भीमताल विधानसभा की भौगोलिक स्थिति के कारण यहां कई स्थानों में टावर नहीं होने से लोगों का अपने परिजनों से संपर्क नहीं हो पाता था। वहीं जिला प्रशासन भी इन क्षेत्रों की स्थिति को जानने के लिए लाचार था। इन मोबाइल टावर के स्थापित होने से लोगों को कई परेशानियों से निजात मिलने की संभावना है। संचार विभाग की माने तो भीमताल में 4, धारी में 2, ओखलकांडा में 14, रामगढ़ में 5 और बेतालघाट में 7 टावर लगाये गये हैं। नैनीताल जनपद में वर्तमान में 191 2जी, 220 3जी, 393 4जी के टावर कार्य कर रहे हैं। विभाग की माने तो नए लगाए गए सभी टावर 4जी के हैं, जिनको बाद में 5जी में बदल दिया जाएगा।



> नए टावरों को लगाने का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। इनमें से कुछ कार्य भी करने लगे हैं। सभी टावरों के नवंबर माह के अंत तक कार्य प्रारंभ करने की संभावना है। इन सभी को वर्ष 2025 में 5जी कर दिया जाएगा।
> –**संजय सिन्हा**, उप खंड अधिकारी, बीएसएनएल भीमताल।

# रोडवेज के दोमंजिला भवन को तोड़ने का कार्य शुरू

- चौराहों के चौड़ीकरण प्रोजेक्ट के तहत तोड़ा जा रहा भवन
- लोनिवि ने बुलडोजर से लोहे की रेलिंग हटाई

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** चौराहों के चौड़ीकरण को लेकर तल्लीताल डांठ में रोडवेज के दोमंजिला भवन का ध्वस्तीकरण शुरू हो गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में बुलडोजर से भवन के बाहर लगी लोहे की रेलिंग हटाई गई।

भवन के भीतर रखा सामान खाली कराने के बाद उसे भी ध्वस्त कर दिया जाएगा। लोनिवि की ओर से शहर के सात चौराहों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। जिसके तहत तल्लीताल डांठ में पुराना डाकघर भी तोड़ा जाना है। पूर्व में लोनिवि डांठ से पुलिस चौकी को हटा चुका है। अब रोडवेज स्टेशन के बगल में स्थित दोमंजिला भवन को ध्वस्त करने की कवायद शुरू हो गई है। लोनिवि के अधिकारी राजस्व टीम के साथ रोडवेज के दोमंजिला भवन को ध्वस्त करने पहुंचे, लेकिन मगर चिन्हित भवन के भीतर काफी सामान रखा हुआ मिला। लोनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनौटी ने बताया कि फिलहाल बुलडोजर से भवन के बाहर लगी रेलिंग को हटा दिया गया है। सामान खाली होने के बाद भवन को भी ध्वस्त किया जाएगा।

# नदी में नहाने से रोकने पर वन आरक्षी की लगाई धुनाई, वीडियो वायरल

- वन दरोगा ने पांच युवकों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** रामनगर वन प्रभाग के देचौरी रेंज के क्यारी गांव में नदी में नहाने से रोकने पर पांच युवकों ने वन आरक्षी को लात घुसों से पीट दिया। आरोपी युवकों ने गाली-गलौज कर वन आरक्षी को जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से वन कर्मियों में रोष व्याप्त है।

पीड़ित वन आरक्षी विजेंद्र सिंह चौहान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते रविवार की शाम वह बसवा बीट में गश्त कर रहा था। सांय करीब पांच बजे क्यारी गांव की खिचड़ी नदी में पांच युवकों को नहाते देख उसने आपत्ति जताई और युवकों को वन अधिनियम का हवाला देकर नदी एवं वन क्षेत्र से बाहर जाने को कहा। इस पर युवक भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। आरोप है कि युवकों ने लात-घूंसों से उस पर हमला किया और गला दबाकर उसे जान से मारने का प्रयास भी किया गया। घटना की किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दी। एसएसआई प्रथम मो. युनूस खान ने बताया कि तहरीर के आधार पर कानिध्य चौधरी पुत्र आनंद चौधरी, तन्मय भट्ट पुत्र विनोद भट्ट, अभिमन्यु चौधरी पुत्र नीटू चौधरी, संजय कुमार यादव पुत्र विद्या प्रसाद यादव और शशांक कुमार पुत्र संजय कुमार के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और कर्मचारी से मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


वन आरक्षी को पीटते आरोपी युवक।

# मेट्रोपोल पार्किंग क्षेत्र में सीवर बहने से लोग परेशान

**नैनीताल :** मल्लीताल मेट्रोपोल पार्किंग क्षेत्र में सीवर बहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुर्गंध से परेशान लोगों ने जल्द निजात दिलाने की मांग की है। इन दिनों नैनीताल के कई क्षेत्रों में सीवर बहने से लोग परेशान हैं। सड़कों, खुले और गलियों में सीवर बहने से काफी परेशानी हो रही है। वहीं संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ रहा है। सीवर का पानी नालों के जरिये झील में समा रहा है। जिससे झील का पानी भी दूषित हो रहा है। सोमवार को मेट्रोपोल पार्किंग क्षेत्र में भारी मात्रा में सीवर बहते रहा। इधर, जल संस्थान के सहायक अभियंता डीएस बिष्ट ने बताया कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### सड़क किनारे झाड़ियों से दुर्घटना का खतरा

**भीमताल, अमृत विचार :** भवाली से भीमताल और भीमताल से हल्द्वानी मुख्य मोटर मार्ग के किनारे जगह-जगह झाड़ियां उगी हुई हैं। जिससे वाहनों के टकराने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार पूर्व में नगर पालिका की ओर से प्रत्येक वार्ड में झाड़ियों को काटने का कार्य किया जाता था। वहीं लोक निर्माण विभाग भी भीमताल-भवाली, भीमताल-हल्द्वानी और अन्य मोटर मार्गों में झाड़ियों को काटने के लिए निविदाएं आमंत्रित करता था, पर इस बार वर्तमान तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। स्थानीय निवासी विपिन चंद्रा, चंदन नौगाई, बंटी आर्या ने लोक निर्माण विभाग और नगर पंचायत से शीघ्र झाड़ियों को काटने की मांग की है।

### गुलदार की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत



**कालाढूंगी, अमृत विचार :** रामनगर वन प्रभाग के कालाढूंगी रेंज के जंगल से सटे वार्ड संख्या एक और दो क्षेत्र में कई दिनों से गुलदार का आंतक बना हुआ है। जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। सोमवार की सांय साढे.पांच बजे उमराव सिंह पटवाल निवासी वार्ड संख्या एक बाजार से सब्जी लेकर घर आ रहे थे तभी रौखड़िया बाबा मंदिर के पास झाड़ियों से गुर्राने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने हल्ला किया तो गुलदार भाग गया। बीते दिन सुरेश गैड़ा की गौशाला में बंधे गाय के बछड़े को गुलदार ने अपना निवाला बनाया था। नगरवासी पुष्कर मंगोलिया, संतोष चौधरी, हेमू गोस्वामी, नर सिंह रावत, योगेश बिष्ट, पुष्कर रावत, दलीप नेगी ने बताया कि गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की गई है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इससे ग्रामीणों में विभाग के खिलाफ रोष व्याप्त है। इधर, रेंजर मुकेश जोशी ने ग्रामीणों से जंगल की ओर न जाने की अपील की है। कहा कि क्षेत्र में वन कर्मियों से गश्त कराई जायेगा।

### झील में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**भीमताल, अमृत विचार :** भीमताल झील में कैंचुला देवी मंदिर के समीप एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दोपहर के समय स्थानीय लोगों ने शव को तालाब में देखा, जिसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। थानाध्यक्ष जगदीप सिंह नेगी ने बताया कि शव के पास से शिनाख्त के लिए कुछ भी नहीं मिला। मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष है। शरीर पर चोट के निशान भी नहीं हैं। बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इधर, दस दिन पूर्व मिले अज्ञात महिला के शव के बारे में भी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

### लेक सिटी क्लब धूमधाम से मनाएगी मेहंदी प्रतियोगिता

**नैनीताल, अमृत विचार :** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की एक बैठक अध्यक्ष ज्योति ढोंडियाल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें तय हुआ कि एक सितंबर को गोवर्धन हॉल में गोल्डी मेहंदी रचे मेरे हाथ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए दीपिका बिनवाल को संयोजक तथा रमा भट्ट, लीला राज, सरिता त्रिपाठी को सह संयोजक बनाया गया है। प्रतियोगिता दो चरणों में होगी। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या होंगी। आयोजक प्रमोद गोल्डी ने बताया कि प्रतियोगिता क्विज व तोल-मोल के बोल का भी आयोजन होगा। बैठक में दीपा पांडे, रानी साह, मंजू बिष्ट, मीनू बुधलाकोटी, अमिता साह, कविता त्रिपाठी, पुष्पा कांडपाल, जीवंती भट्ट, प्रेमा अधिकारी, कविता जोशी मौजूद रहीं।

# रैमजे में डॉक्टरों व कर्मियों के लिए बनाये जाएंगे 14 आवास

- शासन ने भवन निर्माण के लिए जारी किया 5.86 करोड़ का बजट


संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नगर के जीबी पंत अस्पताल (रैमजे) में स्टाफ क्वार्टर के लिए शासन से पांच करोड़ की धनराशि स्वीकृत हुई है। जिसके तहत अस्पताल में पुराने भवन को तोड़कर टाइप-4 के छह व टाइप-3 के आठ आवास बनाए जाएंगे। इनका निर्माण जल्द शुरू हो जाएगा।

ब्रिटिशकाल में बने जीबी पंत अस्पताल के आवासों में रहने की व्यवस्था न होने तथा देखरेख की कमी के चलते आवास जीर्ण-क्षीर्ण अवस्था में हैं। बीते माह स्वास्थ्य सचिव के निरीक्षण के दौरान कई लोगों ने अस्पताल में चिकित्सकों की नियुक्ति कर कुछ विभागों को शुरू करने की मांग की थी। साथ ही यहां बने स्टॉफ व डॉक्टरों के क्वार्टर की मरम्मत की भी मांग की थी।

जिस पर स्वास्थ्य सचिव ने अधिकारियों को प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिये थे। शासन की ओर से आवासों के लिए बजट स्वीकृत कर दिया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल डॉ. हरीश पंत ने बताया कि डॉक्टरों व स्टॉफ के आवासों के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। जिसके तहत शासन से 5 करोड़ 86 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई है।

इसमें छह आवास टाइप-4 और आठ आवास टाइप-3 बनाए जाएंगे। दो चरणों में रैमजे अस्पताल के नीचे चिकित्सक व स्टाफ क्वार्टर का निर्माण किया जाएगा।


नैनीताल स्थित जीबी पंत अस्पताल। ● अमृत विचार

# पर्यटकों की आमद से नैनीताल गुलजार

**नैनीताल :** रक्षाबंधन पर्व के चलते सरोवर नगरी पर्यटकों की आमद से गुलजार रही। देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में घूमने के लिए पर्यटक नैनीताल सहित मुक्तेश्वर, रामगढ़, रामनगर पहुंचे। जिससे पर्यटन कारोबारी खुश नजर आये।

पर्यटकों की आमद से नैनीताल में 70 प्रतिशत होटल पैक हो गये हैं। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट ने बताया 15 अगस्त से लेकर रक्षाबंधन तक लंबा वीकेंड था। जिसके चलते पर्यटक भारी संख्या में नैनीताल समेत आसपास के क्षेत्रों में घूमने पहुंचे। पर्यटकों ने नैनी झील में जमकर नौकायन का आनंद लिया। वहीं पर्यटक हिमालय दर्शन, स्नो व्यू, वॉटरफॉल, किलबरी समेत आसपास के क्षेत्र में पहुंचे, जिससे सभी पर्यटक स्थल एक बार फिर से गुलजार हो चले हैं।

# नकली नोट मामले में दो आरोपी पकड़ से बाहर

- दस दिन पूर्व मल्लीताल क्षेत्र में नकली नोट लेकर पहुंचे थे युवक
- चार युवकों में से दो को गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नकली नोट के मामले में फरार चल रहे दो आरोपी अभी तक पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाये हैं। दस दिन बाद भी पुलिस आरोपियों का पता नहीं लगा पाई है। कोतवाल हरपाल सिंह का कहना है कि दोनों आरोपी युवकों की तलाश जारी है। जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

बीते दिन मल्लीताल क्षेत्र में नकली नोट लेकर चार युवक खरीदारी करने आये थे। इनमें से एक युवक को व्यापारियों ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। तलाशी लेने पर पुलिस को मुजफ्फरनगर निवासी अकिल बालियान के पास से कई देश-विदेशी नकली नोट बरामद हुए थे। व्यापारियों की शिकायत पर पुलिस ने पकड़े गये युवक के अन्य साथियों की खोजबीन शुरू कर दी। दूसरे दिन आरोपी आरिफ की मोबाइल लोकेशन को ट्रेस किया जो ज्योलीकोट क्षेत्र में मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरिफ को पकड़ लिया। उसके पास से 500 के दो नकली नोट और करीब 65 हजार की असली भारतीय करेंसी बरामद हुई थी। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया, लेकिन दो आरोपी अभी भी फरार हैं। पुलिस आरोपियों का अब तक सुराग भी नहीं लग पाई है।

# सनातन धर्म की रक्षा को पैदल रवाना हुए सुनील

- उपराड़ी पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** सनातन धर्म की रक्षा के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बिहार से 1600 सौ किलोमीटर दूर केदारनाथ धाम के लिए पैदल रवाना हुए शिव भक्त का उपराड़ी क्षेत्र में स्वागत हुआ। कुछ देर विश्राम के बाद शिव भक्त गंतव्य को रवाना हो गया।

बिहार के मुजफ्फरपुर से केदारनाथ धाम की पैदल यात्रा पर निकले सुनील रंजन उर्फ बबलू कैंची धाम स्थित बाबा नीब करौरी के दरबार में मत्था टेकने के बाद खैरना-रानीखेत स्टेट हाईवे पर उपराड़ी बाजार पहुंचे। केदारनाथ धाम की यात्रा पर निकले बबलू का स्थानीय लोगों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। बबलू ने लोगों से सनातन धर्म की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि करीब 1300 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर ली है, अब 300 किलोमीटर की यात्रा शेष बची है। बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को सनातन धर्म के प्रति एकजुट करना है।

बबलू पेशे से व्यवसायी हैं। वह पूर्व में भी मां वैष्णो देवी, अयोध्या, वृंदावन धाम की पैदल यात्रा पूरी कर चुके हैं। स्वागत करते वालों में पूर्व सैनिक पनी राम, लक्ष्मण टनवाल, खजान बिष्ट, पान सिंह फर्त्याल, देवेंद्र सिंह, पंकज कांडपाल, लक्की जोशी, ईश्वर सिंह, बहादुर सिंह, देवेंद्र सिंह मेहरा मौजूद रहे।

# केएमवीएन के 49वें स्थापना दिवस पर होगा विशेष कार्यक्रम

**भीमताल :** कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) का 49वां स्थापना दिवस 21 अगस्त बुधवार को मनाया जायेगा। केएमवीएन के अधिकारियों ने बताया कि स्थापना दिवस पर सैलानियों को टैरिफ पर 50 प्रतिशत छूट के साथ डिनर में निशुल्क छूट दी जाएगी। इसके अलावा अन्य संस्थान जो पर्यटन और अन्य गतिविधियां संचालित करते हैं उसमें भी विशेष छूट दी जायेगा। भीमताल के तल्लीताल स्थित गेस्ट हाउस में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें मंडलायुक्त दीपक रावत भी शामिल रहेंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए टीआरसी में विशेष तैयारी चल रही है। जिसकी सफलता के लिए प्रबंधक संजय कुमार और सहयोगी ललित तिवारी प्रयासरत हैं।

# बदहाली पर आंसू बहा रहा शहीद के गांव को जोड़ने वाला मोटरमार्ग

- सुधारीकरण को मिला 1.49 करोड़ रुपये का बजट
- बावजूद जान जोखिम में डाल आवाजाही कर रहे ग्रामीण

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** जम्मू के राजौरी सेक्टर में मां भारती की आन, बान और शान को सर्वोच्च न्यौछावर कर देने वाले वीर जांबाज शहीद संजय सिंह बिष्ट के पैतृक गांव को जोड़ने वाले हली-हरतपा मोटर मार्ग की दुर्दशा विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली को दर्शा रही है।

इस मामले को आरटीआई कार्यकर्ता ने मुख्यमंत्री समाधान पोर्टल पर दर्ज कराया है। अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर कैंची क्षेत्र से तमाम गांवों को जोड़ने तथा हाईवे के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाला महत्वपूर्ण हली-हरतपा मोटर मार्ग बदहाल है।

सरकार ने इस मोटर मार्ग को शहीद संजय सिंह बिष्ट के नाम का दर्जा दिया है। मोटर मार्ग की मरम्मत व सुधारीकरण को लगभग 1.49 करोड़ रुपये भी अवमुक्त किये गये हैं।

बजट अवमुक्त होने के बाद ग्रामीणों को सुगम आवाजाही का लाभ मिलने की उम्मीद जगी पर विभागीय अधिकारियों की अनदेखी ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है। भारी भरकम बजट उपलब्ध होने के बावजूद मोटर मार्ग के बदहाल होने से ग्रामीण जान जोखिम में डाल आवाजाही को मजबूर हो रहे हैं।

आरटीआई कार्यकर्ता कृपाल सिंह मेहरा ने मामले को मुख्यमंत्री समाधान पोर्टल पर दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग उठाई है। कृपाल सिंह ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

इधर, लोनिवि प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता प्रकाश उप्रेती ने बताया कि सात किलोमीटर के दायरे में डामरीकरण समेत कई कार्य किए जाने हैं। वर्तमान में कार्य गतिमान है। बारिश से कुछ दिक्कत आई है। तय समय पर कार्य पूरा करवाया जाएगा।

अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।

पढ़ते रहिए अपना अखबार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

| | | | |
|---|---|---|---|
| हल्द्वानी | कार्यालय | : | 7830460114 |
| हल्द्वानी | कृष्णानंद जोशी | : | 9759658008 |
| हल्द्वानी | चंदन सिंह राणा | : | 9719437755 |
| हल्द्वानी | बाला दत्त नैनवाल | : | 9759749932 |
| काठगोदाम | शहजादे आलम | : | 9627035285 |
| नैनीताल | गणेश काण्डपाल | : | 9412017422 |
| रामनगर | सिद्धार्थ पपनै | : | 7983376222 |
| रुद्रपुर | कार्यालय | : | 8476843488 |
| काशीपुर | राहुल पाल | : | 82181 00208 |
| जसपुर | सुखवीर | : | 9536211111 |
| बरेली रोड ITI | कमल आसरा | : | 9917106359 |
| कमलुवागांजा | श्याम भोज | : | 9012803251 |
| ब्लॉक (हल्द्वानी) | पूरन बृजवासी | : | 9927780770 |
| लामाचौड़ (हल्द्वानी) | नन्दा बल्लभ जोशी | : | 9568591773 |
| पनचक्की, हल्द्वानी | मनोज डालाकोटी | : | 8923661000 |
| पंचायत घर, हल्द्वानी | हरीश जोशी | : | 8218899134 |
| हल्दूचौड़ | गौतम भट्ट | : | 7248505100 |
| हल्दूचौड़ | पूनम पाण्डे | : | 9412134705 |
| लालकुआं | दीपू पांडेय | : | 6399832290 |
| सितारगंज | अतुल शर्मा | : | 7017941901 |
| चोरगलिया | मोहन फर्त्याल | : | 7956252231 |
| बाजपुर | सैनी न्यूज एजेंसी | : | 8445072215 |
| खटीमा | ओम प्रकाश मौर्य | : | 7500981690 |
| टनकपुर | आबिद हुसैन | : | 6398415199 |
| अल्मोड़ा | टी.डी. गुरु | : | 9410183487 |
| रानीखेत | हेम चन्द्र पांडेय | : | 9758833254 |
| किच्छा | राजू सहगल | : | 9837777817 |
| मालधन (रामनगर) | जितेन्द्र कुमार | : | 9917303031 |
| चकरपुर, बाजपुर | जितेन्द्र पाल | : | 9837135170 |
| कालाढूंगी | गोपाल सिंह बिष्ट | : | 9634222693 |
| गदरपुर | रमेश कुमार | : | 7351388930 |
| दिनेशपुर | केवल चंद्र पाठक | : | 7055150050 |
| गूलरभोज | ऋतिक न्यूज एजेन्सी | : | 9917089411 |

**आज का मौसम**

धूप के साथ बारिश होने की संभावना

30.0⁰ अधिकतम तापमान | 29.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.43 | सूर्यास्त 06.47

# प्रशासन को रेलवे के नक्शे का इंतजार फिर होगा अतिक्रमित भूमि का सर्वे

## हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से सटी अतिक्रमित भूमि का प्रकरण, डिजिटल सर्वे के बाद अब कागजी कार्रवाई शुरू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**06** टीमें विभिन्न विभागों की अतिक्रमित भूमि पर बसे छह वार्डों में करेंगी डोर टू डोर सर्वे

**04** हजार,365 मकानों की संख्या वर्ष 2016 में हुए सर्वे में मिले थे, अब नया सर्वे होगा

**अमृत विचार :** रेलवे ने हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से सटी अपनी भूमि के सीमांकन के लिए डिजिटल सर्वे पूरा कर लिया है। जिला प्रशासन को रेलवे के नक्शे का इंतजार है, नक्शा मिलने पर तुलनात्मक अध्ययन के बाद अतिक्रमित भूमि पर डोर टू डोर सर्वे शुरू होगा।

रेलवे की हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से सटी लगभग 30 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण है। अतिक्रमण हटाने का यह प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमित भूमि पर वर्षों से रह रहे लोगों के पुनर्वास/विस्थापन को लेकर उत्तराखंड सरकार, केंद्र व रेलवे को मंथन के निर्देश दिए थे। इधर, इसी क्रम में रेलवे ने एक बार फिर से भूमि का सीमांकन सर्वे शुरू किया था। शुरुआती चरण में रेलवे भूमि का डिजिटल सर्वे किया था जो कि पिछले सप्ताह पूरा हो चुका है। अब अतिक्रमित भूमि में डोर टू डोर सर्वे शुरू होना है लेकिन इससे पूर्व रेलवे अतिक्रमित भूमि का एक नक्शा जिला प्रशासन को मुहैया कराएगा। जिला प्रशासन राजस्व के नक्शों के अधार पर तुलनात्मक अध्ययन करेगा। सूत्रों की मानें तो यह अध्ययन एक दिन में ही पूरा हो जाएगा। इस अध्ययन के बाद रेलवे व जिला प्रशासन संयुक्त रूप से लगभग 30 हेक्टेयर अतिक्रमित भूमि पर फिर से हाउस होल्ड सर्वे करेगा। इस भूमि पर नगर निगम के छह वार्ड आते हैं, इन वार्डों में यह सर्वे होगा। सर्वे में जल संस्थान, बिजली विभाग, आंगनबाड़ी, राजस्व, खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी-कर्मी भी शामिल होंगे। हर वार्ड के लिए एक-एक टीम गठित कर दी गई है जो कि सर्वे करेगी। इस सर्वे में घरों की संख्या, घरों में रहने वाले लोगों की संख्या, धार्मिक व व्यवसायिक स्थल आदि का डेटा इकट्ठा किया जाएगा। हालांकि रेलवे का प्रोफार्मा भी इसमें शामिल किया जाएगा। रेलवे के इज्जत नगर मंडल जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि रेलवे ने पिछले सप्ताह डिजिटल सर्वे पूरा कर लिया है। अब नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।


हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से सटी भूमि पर बसी गफूर बस्ती। ● अमृत विचार

### आठ सालों में मकानों की संख्या बढ़ने के आसार

**हल्द्वानी :** रेलवे ने वर्ष 2016 में अतिक्रमित भूमि का सीमांकन व सर्वे किया था। तब उक्त भूमि पर 4,365 मकान चिन्हित किए गए थे। इसको लगभग आठ वर्ष पूरे हो चुके हैं, ऐसे में पूरी आशंका है कि इन मकानों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई है। ऐसे में नये सिरे से सर्वे होने पर छह वार्डों में मकानों, धार्मिक, सरकारी एवं व्यवसायिक स्थलों की सटीक संख्या की गिनती हो सकेगी।

### सैटेलाइट इमेज से भी लिया जा रहा डेटा

**हल्द्वानी :** डिजिटल सर्वे के साथ ही अधिकारी बनभूलपुरा की सैटेलाइज इमेज भी निकलवा रहे हैं। इससे पिछले एक दशक में हुए अतिक्रमण, रेलवे की पैमाइश के बाद नए निर्माण वगैरह की स्थिति भी स्पष्ट हो जाएगी। सूत्रों की मानें तो जिला प्रशासन व रेलवे दोनों ही इस दिशा में काम कर रहे हैं। इससे ठोस व वैज्ञानिक डेटा उपलब्ध होगा।

### एक नजर

## दस किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार



**रामनगर :** पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के तहत दस किलो से अधिक गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। प्रभारी कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि बीते दिन वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल पुलिस कर्मियों के साथ गश्त कर रहे थे। वह उटपड़ाव से चोरपानी पहुंचे तो एक व्यक्ति रेलवे मैदान में एक सफेद कट्टे के साथ दिखाई दिया। शक होने पर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम राम मोहन पुत्र सूरज पाल निवासी शिवलालपुर थाना रामनगर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 10 किलो 160 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जिस पर टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। टीम में हेड कांस्टेबल नसीम अहमद, महबूब आलम, ललित शामिल रहे।

# खुले में शौच कर रहे युवक को बस ने कुचला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अपराध**
- 14 अगस्त को हुई थी घटना तब कुछ और ही वजह आई थी सामने
- पिता की तहरीर पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा


सूरज। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** मंगलपड़ाव इलाके में बस से कुचल कर मरे युवक की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। इसमें कहा गया कि युवक बस के पीछे बैठ कर शौच कर रहा था और बैक करते वक्त चालक ने बस से उसे कुचल दिया जबकि घटना के दिन वजह कुछ और ही सामने आ रही थी।

पांडे गार्डन निवासी रघुवर दत्त जोशी ने बताया कि 14 अगस्त की सुबह उनका 23 वर्षीय बेटा सूरज जोशी मॉर्निंग वॉक के लिए निकला था। सुबह करीब पांच बजे वह घास मंडी के पास सड़क किनारे शौच करने बैठ गया। तभी वहां खड़ी बस के चालक ने अचानक बस को तेजी से बिना किसी हेल्पर, इंडीकेटर या हॉर्न दिए ही बैक कर दी। इससे सूरज बस के पहिये के नीचे आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

जबकि घटना के दिन पुलिस का कहना था कि 13 अगस्त की रात सूरज जोशी बस के पीछे आकर सो गया था। सुबह जब चालक ने बस बैक की तो सूरज की गर्दन पहिये के नीचे आ गई। कोतवाली के एसएसआई महेंद्र प्रसाद ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है कि घटना किस वजह से हुई है।

## टोल फ्री नंबर पर करें शिकायत, दें सुझाव

**हल्द्वानी :** अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि जनपद नैनीताल में लोग अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने, निर्वाचक नामावली में दर्ज करने, नाम को पृथक करने एवं किसी प्रविष्टि को शुद्ध करने में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए, शिकायत व सुझाव देने के लिए टोल फ्री नंबर 05942-235284 पर दे सकते हैं।

# बनभूलपुरा हिंसा के छह आरोपी अल्मोड़ा व हरिद्वार जेल में शिफ्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** जेल में रहकर सांप्रदायिक षड्यंत्र रचने वाले बनभूलपुरा हिंसा के आधा दर्जन आरोपियों को अल्मोड़ा और हरिद्वार जेल में शिफ्ट कर दिया गया है। इन सभी ने एक मामूली से विवाद को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की थी।

बनभूलपुरा हिंसा के आरोपियों को उप कारागार हल्द्वानी की बैरक नंबर दो में रखा गया है। 26 जुलाई को हिंसा के दो आरोपियों का एक अन्य बंदी से विवाद हो गया था। पसीने की बदबू आने पर दूसरे बंदी ने हिंसा के आरोपियों से दीवार से हाथ नीचे रख कर खड़े होने को कहा था। इसको लेकर कारागार में जमकर विवाद हुआ था। 29 जुलाई इन्हीं हिंसा के आरोपियों ने मामले का सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की। आरोप लगाया कि कारागार के नाई ने उनकी दाढ़ी काट दी। इस मामले की गाज एक बंदी रक्षक पर गिरी और उसकी ड्यूटी एक माह के लिए कारागार द्वार पर लगा दी गई। हिंसा के आरोपियों ने बंदी रक्षक पर अभद्र भाषा इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था।

मामला जेल से बाहर आया तो एलआईयू और इंटेलीजेंस ने भी जांच शुरू कर दी। 30 जुलाई को आईजी जेल ने मामले में रिपोर्ट तलब कर ली। पुलिस, एलआईयू और इंटेलीजेंस की संयुक्त रिपोर्ट में सांप्रदायिक षड्यंत्र की बात सही पाई गई। माना गया कि यदि यह आरोपी साथ रहे तो दोबारा षड्यंत्र रच सकते हैं। इसको देखते हुए जेल प्रशासन ने तीन आरोपियों को अल्मोड़ा जेल और तीन को हरिद्वार जेल शिफ्ट कर दिया। जेल अधीक्षक प्रमोद पांडे ने बताया कि आईजी विमला गुंज्याल के निर्देश पर विवाद में शामिल सभी छह आरोपियों को सोमवार सुबह दूसरी जेलों में शिफ्ट किया गया है।

## आज भी मध्यम बारिश के आसार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मौसम विभाग ने मंगलवार को भी कुमाऊं में मध्यम बारिश का अनुमान जताया है।

कुमाऊं मंडल के सभी जिलों में लगातार तीन दिनों से बारिश हो रही है। मंगलवार को भी पूरे मंडल में बारिश होने की संभावना है। बागेश्वर और पिथौरागढ़ में बारिश का ओरेंज अलर्ट है हालांकि 21 अगस्त को मौसम साफ हो जाएगा। इधर, हल्द्वानी में लगातार तीसरे दिन बादल छाए रहे और बारिश हुई। यहां रुक-रुक कर बारिश हो रही है। हल्द्वानी में 18 मिमी, कालाढूंगी में 15 मिमी, नैनीताल में 1.5 मिमी और रामनगर में 1.4 मिमी बारिश दर्ज हुई है। सोमवार को हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 29.5 और न्यूनतम 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी निजात मिली है। पहाड़ों में भी तापमान में कमी आयी है।

# जब लगा जाम, तब जारी हुआ डायर्वजन प्लान

**लापरवाही**
- रक्षाबंधन पर सुबह 11 बजे जारी होने वाला डायवर्जन जारी हुआ सवा 12 बजे
- पुलिस की बनाई व्यवस्था का न जनता को पता लगा और न अधिकारियों को

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


देवलचौड़ चौराहे पर लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रक्षाबंधन से ठीक एक दिन पहले पूरा शहर जाम में उलझ कर रह गया था। सुबह से शुरू हुए जाम का सिलसिला शाम ढलने के बाद भी बना रहा। बावजूद इसके पुलिस ने सबक नहीं लिया। रक्षाबंधन से एक दिन पहले वाली स्थित रक्षाबंधन पर न तो डायवर्जन प्लान तैयार किया, लेकिन जारी समय पर नहीं किया गया। जिससे इसका कोई फायदा नहीं हुआ और टीपीनगर चौराहे पर जाम लगता और खुलता रहा।

पुलिस के अनुसार शहर में डायवर्जन प्लान रक्षाबंधन पर सुबह 11 बजे से लागू होना था। नियम अनुसार डायवर्जन प्लान एक दिन पहले जारी कर दिया जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। प्लान ऐन वक्त रक्षाबंधन के दिन जारी किया गया। 11 बजे से शहर के रूट डायवर्ट थे और इसकी जानकारी पुलिस ने अपने व्हाट्सएप ग्रुप पर सवा 12 बजे के बाद जारी किया। जबकि एक दिन पहले ही पुलिस अपनी इन्हीं गलतियों की वजह से शहर को परेशान कर चुकी थी। दरअसल, डायवर्जन की असल जरूरत रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर थी, जो की नहीं गई। रक्षाबंधन के दिन अधिकांश दुकानें बंद थीं, सड़कों और चौराहों पर सन्नाटा था और तब रूट डायवर्जन प्लान जारी किया गया। एसपी यायातात हरबंस सिंह का कहना है कि रूट प्लान यदि देरी से जारी किया गया है, तो इसकी जानकारी की जाएगी।


रेस्टोरेंट मालिक से मारपीट के बाद कोतवाली में जमा भीड़। ● अमृत विचार

# घायलों की मदद के बदले रेस्टोरेंट मालिक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**शर्मनाक**
- बेस अस्पताल में घायल मोटर साइकिल सवार के दोस्तों ने की मारपीट
- सुबह साढ़े सात बजे नैनीताल रोड पर हुई थी दो मोटर साइकिल में टक्कर

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में घायल की मदद करना एक रेस्टोरेंट के मालिक को भारी पड़ गया। घायल मोटर साइकिल सवार के दोस्तों ने रेस्टोरेंट मालिक को बुरी तरह पीट डाला। सूचना पर रेस्टोरेंट मालिक के लोग भी मौके पर पहुंच गए। दोनों से हाथापाई शुरू हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई। जहां पहले तो जमकर हंगामा हुआ और फिर समझौता हो गया।

नैनीताल रोड स्थित नैनीताल डिस्ट्रिक को-ऑपरेटिव बैंक में बसंत मिश्रा, स्नैक्स के नाम से रेस्टोरेंट चलाते हैं। सोमवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे बैंक के पास दो मोटर साइकिल के बीच टक्कर हो गई। फतेहपुर निवासी दूध विक्रेता 62 वर्षीय देवीदत्त पालिवाल और दूसरी मोटर साइकिल पर सवार दमुवाढूंगा निवासी युवक घायल हो गया। देवीदत्त के घुटने की हड्डी टूटी और घायल युवक को बसंत मिश्रा, उनकी पत्नी लक्ष्मी मिश्रा और भाई षष्ठी मिश्रा ऑटो से बेस अस्पताल लेकर पहुंचे। आरोप है कि इसी दौरान मोटर साइकिल चालक के भाई और दोस्त पहुंच गए। रेस्टोरेंट मालिक ने तेजी और लापरवाही से मोटर साइकिल न चलने की नसीहत दी तो युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव में आए स्नैक्स मालिक के भाई व पत्नी से भी हाथापाई की। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को कोतवाली ले आई। हिरासत में लेने की खबर मिलते ही मोटर साइकिल चालक के माता-पिता व परिजन पहुंचे। दोपहर करीब डेढ़ बजे तक कोतवाली में हंगामा होता रहा। एसएसआई कोतवाली महेंद्र प्रसाद ने बताया कि बातचीत के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

# अस्पतालों की सुरक्षा को जारी होगी नई एसओपी

संवाददाता, देहरादून/हल्द्वानी

**योजना**
- महिला स्टाफ की सुरक्षा की मांग पर मिला आश्वासन
- एसटीएच में बढ़ाई जाएगी सीसीटीवी कैमरों की संख्या



**अमृत विचार:** कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी हत्या के बाद पूरे देश में मेडिकल स्टाफ की सुरक्षा की मांग उठ रही है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा है कि अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की सुरक्षा प्रदेश सरकार के लिए प्राथमिकता है। इसी क्रम में सरकार अस्पतालों के लिए एसओपी यानी गाइडलाइन में आवश्यक बदलाव करेगी। शीघ्र ही नई एसओपी जारी की जाएगी।

देहरादून में दून मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर महिला मेडिकल स्टाफ ने उनसे मांग की थी कि अस्पतालों में रात्रि पाली में महिला डॉक्टरों, नर्स और महिला कर्मचारियों को सुरक्षा मुहैया कराई जाए। स्वास्थ्य सचिव ने आश्वस्त किया कि मेडिकल स्टाफ को सुरक्षा देने का काम पूरी जिम्मेदारी के साथ किया जाएगा।

स्वास्थ्य चिकित्सा निदेशक डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा कि महिला सुरक्षा के उपाय सरकार की प्राथमिकताओं में हैं। इधर हल्द्वानी में राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में भी महिला मेडिकल स्टाफ की सुरक्षा की मांग उठी है। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि एसटीएच में वर्तमान में 110 सुरक्षा गार्ड हैं। अब अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे बढ़ाए जाएंगे और साथ ही मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों की संख्या को भी कम किया जाएगा। डॉ. जोशी ने कहा कि महिला कर्मियों की सुरक्षा को लेकर एक बैठक की जाएगी। जिसमें महत्तवपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि एसटीएच में शनिवार की रात को एक किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया था। साथ ही अस्पताल में आए दिन चोरी की घटनाएं भी होती रहतीं हैं।

# ब्रेकडाउन तो कहीं फॉल्ट ने उपभोक्ताओं को रुलाया

संवाददाता हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सोमवार को रक्षाबंधन पर बिजली जाने से ग्रामीण क्षेत्र में लालकुआं फीडर से जुड़े 11 हजार उपभोक्ताओं को रविवार देर रात 8.25 बजे से सोमवार दिन भर परेशान रहना पड़ा।

मौसम में उमस और गर्मी बढ़ने और बिजली लाइनों में फॉल्ट आने की समस्या शुरू हो गई है। रविवार देर रात लोड बढ़ने के दौरान फॉल्ट आने लालकुआं फीडर की 33केवी की लाइन ब्रेक डाउन में चली गई। इसके बाद इसे पंतनगर से हटाकर से किच्छा जोड़ा गया। वहीं बमेठा बंगर क्षेत्र में कृष्णा स्टोन क्रशर के पास 11केवी की लाइन में फॉल्ट आने से क्षेत्र में हर 15 मिनट में सप्लाई बंद होने से उपभोक्ता परेशान रहे। यह परेशानी सोमवार दोपहर तक बनीं रही। ईई ग्रामीण डीडी पांगती ने बताया कि फॉल्ट आने से समस्या रही। इसे सोमवार को ठीक कर लिया गया था।

**प्रदर्शन** कांग्रेसियों ने महिला उत्पीड़न के विरोध में किया मौन उपवास, रक्षाबंधन के पर्व पर महिला सुरक्षा का लिया संकल्प

# महिलाओं को सुरक्षा देने में प्रदेश सरकार नाकाम : नेता प्रतिपक्ष

संवाददाता, हल्द्वानी


अंबेडकर पार्क में मौन उपवास करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक सुमित हृदयेश व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचार के विरोध नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने मंगलपड़ाव स्थित आंबेडकर पार्क में मौन उपवास किया। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की।

मौन उपवास के के बाद नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि महिलाओं और बेटियों के ऊपर दिन प्रतिदिन बढ़ते अत्याचारों से देवभूमि कलंकित हो रही है। कानून और न्याय प्रक्रिया को राजनीति से परे रखने की जरूरत है। भयमुक्त सरकार के अपने वायदे पर अमल करने में राज्य की भाजपा सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा की राज्य सरकार के कार्यकाल में आए दिन महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। महिलाओं को सुरक्षा देने में प्रदेश सरकार नाकाम रही है। रुद्रपुर में दुष्कर्म के बाद नर्स की हत्या, देहरादून में पुलिस चौकी से सटे आईएसबीटी परिसर में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदातें सीधे पुलिस की लचर कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही हैं। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि बेटियों पर बढ़ रहे अत्याचारों से उत्तराखंड के लोगों का सिर शर्म से झुका हुआ है। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर हम सब कांग्रेसी उत्तराखंड की हर एक माता, बहन और बेटी की सुरक्षा का संकल्प लेते हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल ने कहा कि महिला सुरक्षा और सम्मान से संबंधित जिम्मेदारियों को हम सबको समझना होगा और ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद बिष्ट ने कहा कि महिला सुरक्षा राष्ट्रीय अस्मिता का मामला होना चाहिए। इस दौरान महिला पीसीसी सदस्य सतीश नैनवाल, हरीश मेहता, हेमंत बगडवाल, तारा नेगी, राजेन्द्र खनवाल, भोला भट्ट, दीप पाठक, नंदन दुर्गापाल, गोपाल नेगी, जीवन कार्की, ललित जोशी हाजी सुहैल सिद्दीकी, मलय बिष्ट, जगमोहन चिलवाल, जया कर्नाटक, विमला सांगुड़ी, संध्या डालाकोटी, राधा आर्य, कमला सनवाल, दया बमेठा, प्रीति आर्य, अखिल भंडारी, ललित मोहन पांडे, डॉ. मयंक भट्ट, डॉ. केदार पड़लिया, परमजीत संटी, कानू बिष्ट, योगेश जोशी, महेशानंद, इंदरपाल आर्य मौजूद रहे।

## नियमितीकरण में हो आरक्षण का पालन

**हल्द्वानी:** अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन ने अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई करने के दौरान आरक्षण का पालन करने की मांग की है। सोमवार को विधायक सुमित हृदयेश को ज्ञापन सौंपकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि 16 अगस्त को प्रदेश के मंत्रिमंडल की बैठक में दैनिक वेतन भोगी संविदा और उपनल कर्मचारियों को 2013 की नियमावली के तहत नियमित करने पर सहमति बनी है लेकिन नियमित किए जाने के दौरान आरक्षण नियमावली का पालन नहीं किया गया है। इससे एससी-एसटी वर्ग के हितों का नुकसान हो रहा है। एसोसिएशन ने नियमित करने से पहले सूची बनाने और आरक्षण का पालन करने की मांग की है। इस दौरान एसोसिएशन के नंदकिशोर टम्टा, वीरेंद्र टम्टा, दुर्गा प्रसाद, कुंदन लाल आर्य आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



एक्स डांस क्रू के कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि।

### 46 प्रतिभागियों ने ग्रैंड फिनाले में दिखाया हुनर

**हल्द्वानी :** एक्स डांस क्रू स्टूडियो हल्द्वानी में आरंभ अध्याय दो के माध्यम से बच्चों ने अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान 46 प्रतिभागियों ने ग्रैंड फिनाले में वेस्टर्न और क्लासिकल फॉर्म के जरिये अपना हुनर दिखाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निवर्तमान पार्षद मधुकर श्रोत्रिय ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। निर्णायक योगेश रौतेला और रोहित फर्त्याल रहे। संचालन रिंपी बिष्ट, यामिनी और आंचल ने किया। इस दौरान प्रबंधक सौरभ फर्त्याल ने बताया कि क्रू स्टूडियो के बच्चे देहरादून, लखनऊ के साथ ही मुंबई में भी टीवी शो में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग वेस्टर्न फॉर्म में भव्य तड़ागी विजेता बनी और जूनियर वर्ग (वेस्टर्न) में तनिष्का बिष्ट, सीनियर वर्ग (वेस्टर्न) में दलशीत कौर, जूनियर वर्ग (क्लासिकल) में सौम्या कर्नाटक और सीनियर वर्ग (क्लासिकल) में प्राची पंत ने जीत हासिल की।

### मोटाहल्दू के दो बच्चों ने जीता गोल्ड और सिल्वर

**हल्द्वानी/मोटाहल्दू :** काशीपुर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय पेंटाथलॉन चैंपियनशिप में जिले के चार बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में मोटाहल्दू के रुद्र जोशी ने दो गोल्ड और श्रद्धा जोशी ने दो सिल्वर जीते। मेडल जीतने पर उनके पिता शेखर जोशी ने खुशी जताई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तराखंड ओलंपिक एसोशिएशन के सचिव डॉ. डीके सिंह, स्पेशल प्रिंसिपल सेक्रेटरी स्पोर्ट्स एंड यूथ वेलफेयर एडीजी पुलिस अमित कुमार सिन्हा, उप खेल निदेशक रशिका सिद्दीकी और जिला खेल अधिकारी निर्मला पंत आदि उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करते नंदन नेगी। ● अमृत विचार

### पेंटाथलॉन, ट्रायथलॉन में नंदन नेगी ने जीते दो स्वर्ण

**रामनगर :** लिटिल स्कॉलर्स स्कूल काशीपुर में सम्पन्न हुई 13वीं मॉडर्न पेंटाथलॉन नेशनल चैंपियनशिप बायथल, मास्टर बी में रामनगर के नंदन सिंह नेगी ने स्वर्ण पदक जीता। इसी प्रतियोगिता के ट्रायथलॉन में भी नेगी ने स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने दो स्वर्ण पदक जीतकर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। विजेता नंदन नेगी ने बताया कि उनके साथ मास्टर ए के भी प्रतिभागियों ने भाग लिया। मास्टर ए में 40 से 50 वर्ष एवं मास्टर बी 50 से 60 वर्ष के खिलाड़ी प्रतिभाग करते हैं। इस बयाथल में पहले 1200 मीटर दौड़ना होता है, फिर 100 मीटर तैरना होता है फिर 1200 मीटर दौड़ना होता है। कहा कि रोजमर्रा की भागती, दौड़ती जिन्दगी में सभी लोग अपने व अपने स्वस्थ्य जीवन के लिए अवश्य समय निकालें। नेगी की इस उपलब्धि पर मॉडर्न पेंटाथलॉन उत्तराखंड के अध्यक्ष पंकज भल्ला, सचिव दयाल, राशिका सिद्दीकी, निर्मला पंत, अनुराग पंत, गोपाल बिष्ट ने बधाई दी है।

### नमक के कट्टे चुराता चोर कैमरे में हुआ कैद

**रामनगर :** बाजार क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद चोरों के हौंसले बुलंद हैं। सोमवार की तड़के करीब तीन बजे होली चौक से निरंजन प्रसाद अग्रवाल की दुकान के बाहर रखे नमक के 10 कट्टे चोर ले गया। चोर ने अकेले ही दस कट्टे नगर पालिका की साइकिल नुमा गाड़ी में रखे और चलता बना। साइकिल नुमा गाड़ी स्पीड ब्रेकर में काफी देर तक अड़ गई, जिसे चोर ने खुद ही धक्का देकर निकाल लिया। कयास लगाया जा रहा है कि यह कृत्य किसी और का नहीं बल्कि कूड़ा बीनने वाले किसी युवक का हो सकता है। निरंजन अग्रवाल ने बताया कि इससे पहले पैठ पड़ाव में अभिषेक अग्रवाल की दुकान से एक व्यक्ति ने दस कट्टे उठाये थे, जो जंगलात के गेट के पास से बरामद हुए। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गयी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति के चुनाव पर जोर

**रामनगर :** प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति पैठ पड़ाव के सदस्यों की आम सभा में सभी ने एक स्वर में कार्यकारिणी के चुनाव कराने पर जोर दिया। समिति के आजीवन सदस्य देवेंद्र भट्ट एवं कैलाश जोशी की संयुक्त अध्यक्षता में हुई बैठक में तय हुआ कि जब तक नए चुनाव संपन्न नहीं हो जाते तब तक समिति के नाम से किसी भी प्रकार के कार्यक्रम नहीं किए जाएंगे। चुनावों के संबंध में एक प्रतिनिधिमंडल उप निबंधन कार्यालय में जाकर जिला निबंधन अधिकारी को बैठक की स्थिति से अवगत कराएगा। बैठक का संचालन जगदीश चंद्र तिवारी ने किया। इस दौरान भगवत सिंह बिष्ट, भारत नेगी, ओम प्रकाश खुल्वे, रमेश जुयाल, भुवन चंद्र बिष्ट, भारत नेगी, सोमपाल गुसाईं, एडवोकेट पूरन चन्द्र पांडे, प्रभात ध्यानी, सुमित लोहनी, अमित लोहनी, चंद्रशेखर पंत, ओम प्रकाश रौतेला, तनुज दुर्गापाल, संजय बिष्ट, एडवोकेट दीपक जोशी, विजय पपनै, ललित बिष्ट, धीरज सती आदि मौजूद रहे।

# पूछड़ी में घर बचाने के लिए आज से शुरू होगा चार दिवसीय धरना

## आइसा के सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ जनसंपर्क कर भागीदारी का किया आह्वान

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** वन ग्राम पूछड़ी से गरीब बस्तियों को उजाड़ने का छात्र संगठन आइसा ने पुरजोर विरोध किया है। सोमवार को संगठन के सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ जनसंपर्क किया और मंगलवार (आज) से शुरू हो रहे धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भागीदारी करने का आह्वान किया।

आइसा रामनगर के अध्यक्ष सुमित ने कहा कि वन विभाग ने पूछड़ी के ग्रामीणों को गांव खाली करने का नोटिस दिया है, जिससे हजारों की आबादी के सामने बेघर होने का संकट खड़ा हो गया है। इसके चलते ग्रामीण परेशान हैं और खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। कहा रामनगर के वन गांव पूछड़ी और नई बस्ती को उजाड़ने की घोषणा उत्तराखंड में गरीबों को बेघर करने की नई दास्तान लिख रही हैं। धामी सरकार दशकों से रह रहे गरीबों के घरों पर जिसमें अधिकांशतः गरीब, दलित, अल्पसंख्यक लोग हैं, बुलडोजर चलाना शर्मनाक है। इसको लेकर 20 अगस्त से चार दिवसीय धरना शुरू किया जायेगा। आइसा नेता शबनम ने पूछड़ी और अन्य गांवों को उजाड़ने की कोशिश बंद करने, अतिक्रमण के नाम पर गरीबों को उजाड़ना बंद करने तथा दशकों से पूछड़ी में रह रहे लोगों को मालिकाना हक देने की मांग की। जनसंपर्क के दौरान प्रमोद कुमार, किशन, आसिफ, रुखसाना अंसारी, अनीता देवी, गुंजन देवी, सावित्री देवी, आशा देवी, गौरी, पूनम देवी, आरती, रिंकी, डौली, किशनपाल, शकीना, फरजाना, आशा आदि रहे।



वन ग्राम पूछड़ी में जनसंपर्क के लिए जाते ग्रामीण व संगठन के सदस्य ● अमृत विचार

# 21 अगस्त को होने वाले भारत बंद पर हुई चर्चा

संवाददाता हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के जिला कार्यकारिणी के कार्यकर्ताओं की सोमवार को लोनिवि विश्रामगृह में बैठक हुई। बैठक में सुप्रीम कोर्ट के एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में क्रीमी लेयर बनाने के फैसले के विरोध में होने वाली भारत बंदी पर चर्चा की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के आह्वान पर 21 अगस्त को होने वाले भारत बंद किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष शिव गणेश की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के क्रीमी लेयर के फैसले को लेकर नाराजगी जताई। कार्यकर्ताओं ने फैसले का विरोध करते हुए कहा कि 21 अगस्त को बुद्ध पार्क में सुबह आठ बजे से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन भेजा जाएगा। बैठक में हरीश सिलौली, जगदीश टम्टा, जितेंद्र कुमार वर्मा, गजेंद्र पाल सिंह और नसीम सलमानी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**बैठक**

- लोनिवि विश्राम गृह में हुई बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक
- बुद्ध पार्क में धरना-प्रदर्शन करने का लिया निर्णय

### भारत बंदी पर मिला जोहार मिलन केंद्र का समर्थन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जोहार मिलन केंद्र में सोमवार को 21 अगस्त को होने वाली भारत बंदी को लेकर सभा की गई। सभा में शामिल जोहार मिलन केंद्र के सभी कार्यकर्ताओं ने पूर्ण रूप से भारत बंद कार्यक्रम को समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर भीम आर्मी से बीएल आर्य, जीआर टम्टा, गजेंद्र सिंह पांगती, भूपेंद्र सिंह पांगती और दीपक चनियाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

# जल संस्थान के खिलाफ रोष

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** जल संस्थान की लापरवाही के खिलाफ नगर वासियों का गुस्सा फूट गया। उन्होंने हाथों में तख्ती लेकर विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही मांग पूरी न होने उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी।

नगर के मुख्य बाजार धापला रोड के समीप 15 दिन से जल संस्थान की ओर से बनाए गए वॉल सेफ्टी टैंक का ढक्कन टूटा हुआ है। जिसमें गिरकर कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। इसको लेकर सोमवार को लोगों ने जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा के नेतृत्व में लोगों ने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही शीघ्र गड्ढे को ढकने की मांग की। चेताया कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान मोहम्मद नईम, इनायत अली, मोहम्मद सफी, मोहम्मद नासिर, मनोज अधिकारी, शाकिर हुसैन, हनीफ अहमद आदि मौजूद थे।



जल संस्थान के खिलाफ नारेबाजी करते नगरवासी। ● अमृत विचार

### 13 वाहनों के काटे चालान जुर्माना वसूला

**गरमपानी, अमृत विचार :** खैरना पुलिस ने चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में लोहाली क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान टीम ने तेज रफ्तार, ओवरलोड, बगैर कागजात वाहन दौड़ा रहे 13 वाहन चालकों के चालान काटे। साथ ही 6,500 रुपये जुर्माना वसूला। वहीं टीम ने बाजार क्षेत्र में शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने पर छह लोगों का चालान कर 1,500 रुपये जुर्माना वसूला।

चौकी प्रभारी के अनुसार अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान राजेंद्र सती, जगदीश धामी, प्रयाग जोशी आदि मौजूद रहे।

प्रवेश सूचना
ITDA CALC
* I.I.T. Roorkee Validated Course
* IT Department उत्तराखण्ड सरकार
Formerly
HILTRON CALC
Certificate, Diploma, Advance Diploma & PGDCA
• Software • Hardware & Networking • Accounting & Finance
Special Batches for Polytechnic, B.Tech, MCA, BCA Students
TIKONIA CENTRE
Sakhawat Ganj, Behind Mandir, Tikonia, Haldwani. Ph. 220950, 9359490696

# शिक्षक सुरेंद्र अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से होंगे सम्मानित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** गणित के प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र सिंह पड़ियार को 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक और अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार इस साल उनकी ओर से किए गए शोध और अन्य अकादमिक कार्यों के लिए दिया जा रहा है। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑर्गेनाइज्ड रिसर्च व ग्रीन थिंकर्स और सेंटर फॉर स्मार्ट मॉडर्न कंस्ट्रक्शन व वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया, द इंटेलिजेंट इंडियन और एल्सेवियर मेंडेली की ओर से संयुक्त रुप से दिया जाएगा।

डॉ. सुरेंद्र ने इस साल जनवरी से अगस्त तक 2 शोध पत्र ईएससीआई में, 4 शोध पत्र स्कोपस, 4 शोध पत्र वेब ऑफ साइंस, 2 शोध पत्र पीर रिव्यू जर्नल, 3 शोध पत्र यूजीसी केयर ग्रुप, 2 बुक चैप्टर स्प्रिंगर में और दो अन्य बुक चैप्टर एडिट पुस्तक में प्रकाशित होने के साथ 4 पेटेंट और 3 पुस्तक लेखन जनवरी से अगस्त तक किया है। डॉ. सुरेंद्र को इससे पहले भी शोध और अन्य शैक्षणिक क्षेत्र में कार्य करने के लिए बेस्ट रिसर्च स्कॉलर अवॉर्ड, बेस्ट रिसर्च अवॉर्ड, अंतर्राष्ट्रीय यंग साइंटिस्ट अवार्ड, अंतर्राष्ट्रीय विशिष्ट अचीवर अवार्ड दिया गया है। उन्हें राज्य सरकार ने बेस्ट टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड से भी पुरस्कृत किया है।

वह मूल रूप से ओखलकांडा ब्लॉक के नरतोला गांव के रहने वाले हैं। 2014 से विभिन्न कॉलेजों में गणित के प्राध्यापक के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर कॉलेज के सभी कार्मिकों सहित अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शीघ्र वेतन देने की मांग उठाई

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने कार्मिकों की विभिन्न मांगों को लेकर रोडवेज में बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के अप्रैल माह से वेतन नहीं आने पर नाराजगी जताई और शीघ्र वेतन दिए जाने की मांग की। संघ ने कहा कि आंगनबाड़ी के कई मिनी केंद्रों को फुल केंद्र बना दिया गया है लेकिन इनमें सहायिकाओं की तैनाती नहीं की गई है।

आंगनबाड़ी केंद्रों में पौष्टिक आहार के अंतर्गत मिलने वाला राशन नहीं मिल रहा है। केंद्रों की ओर से राशन उपलब्ध नहीं होने का हवाला दिया जा रहा है। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को एचआर सातवें वेतनमान के आधार पर दिये जाने की मांग भी की। संघ के पूर्व महामंत्री शेखरानंद पांडे ने कहा कि रोडवेज के बस बेड़े में अधिकांश बसें पुरानी हो गई हैं और बसों की कमी के चलते कई पर्वतीय मार्गों पर बसों का संचालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने इन मार्गों पर बसों के संचालन के लिए नई बसों की खरीद की मांग उठाई। भारतीय मजदूर संघ कार्मिकों की समस्याओं के मुद्दों को हमेशा उठाता है और आगे भी लगातार संघर्ष किया जाएगा। इस दौरान संघ के प्रदेश मंत्री वीरेंद्र खदरियाल, जिलामंत्री मदन सिंह गैड़ा, जिलाध्यक्ष प्रेम दुम्का, रमेश चंद्र जोशी, प्रेमा बिष्ट, गीता बिष्ट और रेनू आदि मौजूद रहे।





बैठक को संबोधित करते वक्ता।

### समिति सदस्यों को दी अधिकारों की जानकारी

**गरमपानी, अमृत विचार :** काकड़ीघाट क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम पंचायतों में बनी ग्राम पेयजल व स्वच्छता समितियों की दो दिवसीय कार्यशाला में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।

न्याय पंचायत स्तरीय कार्यक्रम में समिति सदस्यों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में बताया गया। पर्यटक आवास गृह के सभागार में देव ऋषि एजुकेशनल सोसायटी देहरादून, पेयजल व स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में ग्राम पेयजल व स्वच्छता समितियों की कार्यशाला हुई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा रावत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह रावत, अनिल प्रकाश, संजय सिंह, देवेंद्र सिंह, जीवन सिंह, मनोज सिंह, सरिता देवी, पार्वती देवी, माया बिष्ट, गीता देवी, भगवती देवी, मोहन मौजूद रहे।

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET? Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



### रक्षाबंधन पर हल्द्वानी उप कारागार में बंद बहनों से मिलने नहीं पहुंचे भाई, भाइयों को राखी बांधने के लिए पूरे दिन इंतजार करती रहीं बहनें

# मुल्जिम बहनों को भूले भाई, बहनों ने निभाया फर्ज

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाई-बहन का अटूट रिश्ता जेल की चाहरदिवारी में दम तोड़ रहा है। बहनें तो बड़ी संख्या में जेल में बंद भाइयों की सूनी कलाई पर राखी बांधने पहुंची, लेकिन भाई अपनी मुल्जिम बहनों को भूल गए। हल्द्वानी उप कारागार में महिला बैरक में महिलाओं का दिन अपने भाइयों के इंतजार में बीत गया। हालांकि बहनों ने जेल के बाहर भी खूब इंतजार किया।

हल्द्वानी उप कारागार में आमतौर पर बंदियों और कैदियों की संख्या 1200 से 1800 से बीच होती है, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं। रक्षाबंधन के दिन जेल में बंदियों और कैदियों की कुल संख्या 1258 थी और इसमें 74 महिलाएं हैं। रक्षाबंधन पर जेल प्रशासन ने जेल में विशेष इंतजाम किए थे और इस विशेष दिन पर जेल में मिलाई करने की इजाजत सिर्फ महिलाओं को दी गई थी। ताकि व्यवस्था बनी रही। बहनें सुबह से ही मिठाई, राखी व अन्य सामान लेकर अपनी बारी के इंतजार में खड़ी हो गईं। इससे जहां पुरुष कारागार में अलग उत्साह था तो इसके ठीक उलट महिला कारागार में सन्नाटा छाया था। दरअसल, बहनें तो जेल में बंद अपने भाइयों को राखी बांधने पहुंचीं, लेकिन भाई महिला बैरक में बंद अपनी बहनों का हालचाल लेने भी नहीं पहुंचे।

जेल प्रशासन के मुताबिक पूरे दिन में जहां 300 से अधिक बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, वहीं सिर्फ पांच पुरुष (भाई) ही अपनी बहनों से राखी बंधवाने पहुंचे।


हल्द्वानी उप कारागार के बाहर लगी बहनों की कतार। ● अमृत विचार

#### चार भाई-बहनों ने जेल के अंदर ही मनाया पर्व

**हल्द्वानी :** इंतजार जेल के बाहर भी था और अंदर भी। अंदर बंद महिलाएं अपने भाइयों का और भाई अपनी बहनों का कर रहे थे। जबकि जेल के भीतर ही चार भाई-बहन मुलाकात को बेचैन थे। अलग-अलग मामलों में बंद इन भाई बहनों तो तब तक इंतजार करना पड़ा, जब तक मिलाई करने आए लोगों की पहली खेप खत्म नहीं हो गई। इसके बाद जेल के भीतर ही चारों भाई-बहनों की मुलाकात कराई गई। बहनों ने विधिवत भाई को तिलक कराया, मुंह मीठा कराया और राखी बांधी।

#### जेल के गुलाब जामुन छेना और बर्फी से कराया मुंह मीठा

**हल्द्वानी :** जेल प्रशासन जेल रसोईं को लेकर कई प्रयोग कर रहा है। जिसका ताजा उदाहरण जेल बेकरी है। रक्षाबंधन पर भी जेल में विशेष इंतजाम थे। कैदियों और बंदियों के लिए पकवान बनवाए गए थे। इसके साथ जेल में पहली बार मिठाई भी बनवाई गई। ये उन बहनों के लिए थी, जो अपने भाइयों के लिए मिठाई लाना भूल गईं थी। जेल में बने गुलाब जामुन, लड्डू, छेना और बर्फी बनवाए गए थे। इनकी बिक्री की गई और वह बाजार भाव से कम में। दरअसल, बाहर से केवल खुली मिठाई लाने की अनुमति दी गई थी। ऐसे सील पैक मिठाई को अंदर नहीं ले जाने दिया गया।


मंदिर में पूजा-अर्चना करते लोग। ● अमृत विचार

## सावन के आखिरी सोमवार और रक्षाबंधन पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** सावन के आखिरी सोमवार व रक्षाबंधन पर्व के मौके पर शहर के विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। भक्तों ने भगवान शिव को बेलपत्र, दूध-दही, घी, शहद और धतूरा अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने भगवान शिव से अपनी मनोकामनाएं पूरी करने की प्रार्थना की। शहर के पिपलेश्वर महादेव मंदिर, आंवलेश्वर मंदिर, सिद्धेश्वर मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर और बेलबाबा मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही भक्त पहुंचने लगे थे और दिनभर लोगों के आने का सिलसिला चलता रहा। काफी संख्या में भाई-बहन भी मंदिरों में सुख-समृद्धि की कामना के लिए पहुंचे।

## सार-संक्षेप


संस्कृत महाविद्यालय में ऋषि तर्पण के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

#### ऋषि तर्पण के बाद किया यज्ञोपवीत धारण

**हल्द्वानी :** श्रावणी उपाकर्म के अवसर पर सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में विधि पूर्वक पंचांग ऋषि तर्पण आदि होने के बाद अपराह्न 1.30 बजे के बाद यज्ञोपवीत धारण किया गया। इस मौके पर संस्कृत सहायक निदेशक यशोदा प्रसाद सेमल्टी, प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे, तारादत्त गुरुरानी, जगदीश पांडे, डॉ. गोपाल दत्त त्रिपाठी, गणेश पंत, साकेत पाठक, मोहित जोशी, पंकज उप्रेती और धीरज उप्रेती आदि उपस्थित रहे।


श्री महादेव गिरि संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग।

#### विधि-विधान से हुआ कलश स्थापना व ऋषि पूजन

**हल्द्वानी :** रक्षाबंधन पर्व व श्रावणी पूर्णिमा पर देवलचौड़ स्थित श्री महादेव गिरि संस्कृत महाविद्यालय में वैदिक विधि-विधान से श्रावणी उपाकर्म, ऋषि तर्पण और जनेऊ प्रतिष्ठा की गयी। प्राचार्य डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने पंचांग कर्म, कलश स्थापना, ऋषि पूजन और रक्षा विधान पूजन कर ऋषि तर्पण व जनेऊ धारण कराया। इस दौरान आचार्य गोविंद बल्लभ जोशी, प्रमोद जोशी, विष्णु दत्त थुवाल, चौधरी समर पाल सिंह आचार्य शेखर चंद्र जोशी, आचार्य राकेश पंत, भवानी दत्त, उमेश चंद्र आदि उपस्थित रहे।


रामनगर में भाई की कलाई पर राखी बांधकर तिलक लगाती बहन।

#### हर्ष और उल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन

**रामनगर :** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रक्षाबंधन का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। भद्रा होने की वजह से अधिकांश लोगों ने दोपहर डेढ़ बजे से पर्व मनाना शुरू किया। जिन बहनों के भाई दूर-दराज क्षेत्रों में रहते हैं उन्होंने समय का ध्यान न रखकर सुबह से ही त्योहार को मनाने के लिए बसों और कारों से राह पकड़ी। बहनों ने जहां कलाई में रक्षा सूत्र बांधते हुए भाई की दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहन की रक्षा का वचन दिया। सनातन धर्म से जुड़े लोगों में खासकर पर्वतीय समाज के लोगों ने जनेऊ को बदलकर पूजा-अर्चना की। नगर की मिठाई की दुकानों में दिनभर भीड़ रही। वहीं रोडवेज बसों में भी यात्रियों की काफी भीड़ रही।

# महिला डॉक्टर्स ने बांधी राखी, पुलिस ने दिया रक्षा का वचन

### कोलकाता रेप एंड मर्डर केस के बाद पुलिस ने दिया भरोसा, एसपी सिटी व सीओ सिटी पुलिस टीम संग पहुंचे एसटीएच

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कोलकाता रेप एंड मर्डर केस का हल्द्वानी में भी जमकर विरोध हुआ। मेडिकल कर्मियों को सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए पुलिस रक्षाबंधन के पर्व पर डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंची। पुलिस ने मेडिकल महिला कर्मियों से राखी बंधवाई और उन्हें रक्षा का वचन दिया। इसके साथ ही विभागीय महिलाओं ने भी अपने अधिकारियों को राखी बांधी।

कोलकाता में हुई घटना के बाद शहर में भी सरकारी व निजी चिकित्सकों हड़ताल कर विरोध दर्ज कराया था। सोमवार को एसपी सिटी प्रकाश चंद्र और सीओ सिटी नितिन लोहनी पुलिस कर्मियों के साथ डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचे। वह अपने साथ उपहार भी लाए थे। अस्पताल में महिला चिकित्सक, नर्स व अन्य महिला कर्मियों ने विधिवत तिलक, आरती कर पुलिस कर्मियों को राखी बांधी। बदले में पुलिस कर्मियों ने उन्हें उपहार भेंट किए और रक्षा का वचन दिया। इसके अतिरिक्त शहर में जगह-जगह पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों के साथ भी रक्षाबंधन का त्योहार मानकर उनसे रखी बंधवाई और उपहार भेंट किए।

**लालकुआं :** क्षेत्र में रक्षाबंधन पर्व उत्साह से मनाया गया। क्षेत्र के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मुहूर्त के हिसाब से चलने वाले अधिकतर लोगों ने दोपहर डेढ़ बजे बाद रक्षा सूत्र धारण किया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और लंबी उम्र की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों को पारितोषिक दिया।

कई परिवारों ने अन्य वर्षों की तरह मोहल्लों में जाकर रक्षा सूत्र बंधवाने एवं सुबह मंदिर जाकर भगवान के दर्शन करने की परंपरा का निर्वहन किया। मिठाई की दुकानों में दिनभर भीड़ रही।

**भवाली :** नगर में रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। वहीं भाइयों ने बहनों को उपहार देकर आशीर्वाद दिया। पुरुषों ने पूजा-अर्चना के बाद यज्ञोपवित (जनेऊ) धारण किया। सुबह से ही बाजार में चहल पहल दिखाई दी। मिठाई की दुकानों पर लोगों की खासी भीड़ रही।

नगर के विभिन्न मंदिरों में लोगों ने भगवान को रक्षा सूत्र चढ़ाये। इधर, रोडवेज की बसों में निशुल्क यात्रा की वजह से काफी भीड़ रही।


एसटीएच में सीओ सिटी नितिन लोहनी को राखी बांधती महिला।


सीओ सिटी और काठगोदाम थानाध्यक्ष को राखी बांधती महिला कांस्टेबल।


भाई को राखी बांधती नन्ही बहन।


आर्मी कैंट में जवानों को राखी बांधती एक समाज श्रेष्ठ समाज की सदस्य।

#### संस्था की बहनों ने जवानों को बांधी राखी

**हल्द्वानी :** एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था की महिलाओं ने सोमवार को रक्षाबंधन के मौके पर आर्मी कैंट में तैनात जवानों को राखी बांधी। अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू और सदस्य योगिता बनोला के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जवानों को संस्था की सदस्य महिलाओं ने तिलक लगाकर उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। रिंकी गुप्ता ने कहा कि भारतीय सेना के जवान अपना घर परिवार छोड़कर देश की रक्षा कर रहे हैं। इनके सम्मान में संस्था की बहनों की ओर से राखी बांधी गई है। जवानों को राखी बांधने वालों में प्रीती आर्या, मीना जोशी, पूनम गुप्ता, अंशिका साहू, जया जोशी, कल्पना भंडारी, पूजा जोशी और निकिता साहू मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था कोषाध्यक्ष बलराम हालदार, हेमन्त साहू, सूरज मिस्त्री, रोहतास प्रजापति, सुशील राय, दीपक कुमार और मुकेश कुमार मौजूद रहे।


कालाढूंगी में भाई को राखी बांधती बहनें।

#### नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में दिखा उत्साह

कालाढूंगी, कोटाबाग, बैलपड़ाव व चकलुवा क्षेत्र में रक्षाबंधन पर्व धूमधम से मनाया गया। सुबह से ही बहनों का भाइयों के घर पहुंचना शुरू हो गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। भाइयों ने बहनों को दक्षिणा व उपहार देकर रक्षा का वचन दिया। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रक्षाबंधन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

## रक्षाबंधन पर विधि-विधान से पूजन कर धारण किया जनेऊ

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** रक्षाबंधन के अवसर पर कमलुवागांजा स्थित धौलीनाग खंतोलीजन सेवा समिति ने सनातनी परंपरा के अनुसार धार्मिक रीति रिवाज से रक्षाबंधन मनाया। इस दौरान सभी लोगों ने धार्मिक विधि-विधान से जनेऊ पूजन, ऋषि तर्पण, श्रावणी उपाकर्म आदि समस्त कार्यक्रम किये। अपराह्न 1:30 बजे बाद सभी ने सामूहिक रूप से जनेऊ धारण किया।

पूजा कार्यक्रम में एक साथ शंख ध्वनि और घंटियों के बजने से पूरा माहौल गूंज उठा। धौलीनाग खंतोलीजन सेवा समिति के संस्थापक सचिव किशोर कुमार पंत एडवोकेट (वर्तमान में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं) ने बताया कि समिति के सदस्य बीते कई सालों से हल्द्वानी में एक साथ मिलकर परंपराओं और रीति-रिवाजों का पालन कर रहे हैं।

कहा कि वर्तमान में हाथ से जनेऊ बनाने की विधि बहुत कम लोग जानते हैं और यह विधि लुप्त होती जा रही है। इस दौरान संरक्षक प्रकाश चंद्र पंत, राजेश पंत, घनश्याम पंत, नीरज पंत, ललित मोहन पंत, नवीन पंत, दिवाकर पंत, कैलाश पंत, महेश पंत, गिरीश चंद्र पंत, योगेश सहित बागेश्वर के खंतोली मूल के हल्द्वानी में रहने वाले लोग मौजूद रहे।


रक्षाबंधन पर पूजा करते धौलीनाग खंतोलीजन सेवा समिति के लोग। ● अमृत विचार


रक्षाबंधन पर भाई को राखी बांधती बहन।

### जगदंबा मंदिर में आयोजित हुआ श्रावणी उपाकर्म

**हल्द्वानी:** जगदंबा मंदिर में सोमवार को रक्षाबंधन के अवसर पर सामूहिक रुप से श्रावणी उपाकर्म का आयोजन हुआ। इस मौके पर डॉ. भुवन चंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में पूजन और जनेऊ बदलने का कार्य किया गया। इस मौके पर डॉ. राजेन्द्र पांडे, बसन्त त्रिपाठी, खष्टीबल्लभ पाठक, राकेश काण्डपाल, योगेंद्र जोशी और केतन पांडे आदि शामिल रहे।


गुरुनानक पुरा में भाई की कलाई पर राखी बांधती बहन। ● अमृत विचार

## भाइयों के करीब पहुंचकर भी कलाई पर नहीं बंध सकी 32 बहनों की राखी

संवाददाता हल्द्वानी

**अमृत विचार:** अधूरे पते ने शहर में रहने वाले 32 भाइयों तक उनकी बहनों की ओर से भेजी गई राखी को कलाई में नहीं बंधने दिया। डाकिए घरों के बाहर पहुंचकर भी पता पूरा नहीं होने के कारण वापस लौट गए। विभाग ने इन राखियों को प्रधान डाकघर में रख दिया है।

सोमवार को अवकाश होने के बाद भी डाकघर खुले रहे। प्रधान डाकघर से 24 डाकियों ने सुबह सात बजे से शहरभर में रहने वाले भाइयों तक राखी पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन अधूरे और गलत पते ने 32 राखियों को भाइयों तक पहुंचने ही नहीं दिया। डाकिए राखियों के लिफाफे पर लिखे पते पर घंटियां बजाते रहे, लेकिन कहीं घर पर कोई नहीं मिला तो कहीं पते में घर और कॉलोनी का नाम सही नहीं मिलने के कारण वापस इन लिफाफों को बांटा नहीं जा सका।

डाकपाल गौरव जोशी ने बताया कि रक्षाबंधन पर भाईयों को राखी पहुंचाने के लिए सुबह सात बजे से 36 डाक कर्मियों ने 1799 राखी के लिफाफों बांटने के लिए तैयार किया था लेकिन 32 लिफाफे रक्षाबंधन पर भी वापस आ गए। कहा कि नैनीताल परिमंडल के सभी डाकघरों से वापस लौटी राखियों को प्रधान डाकघर में इकठ्ठा किया जाएगा।

सप्ताहभर में भेजने वाली बहनों या भाईयों की ओर से पूछताछ नहीं करने के बाद इन्हें लखनऊ आरएलओ भेज दिया जाएगा।


डाकघर में वापस आया राखी के लिफाफों का ढेर। ● अमृत विचार

## देवखड़ी नाले की दीवार ढही एक दर्जन घरों में घुसा पानी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बारिश में देवखड़ी नाले के उफान पर आने से दीवार टूट गई इस वजह से लगभग एक दर्जन घरों में पानी व मलबा घुस गया। सूचना पर पहुंची प्रशासन की टीम ने घरों से मलबा निकलवाना शुरू कर दिया है।

बीते सोमवार की देर सायं अचानक झमाझम बारिश हुई तो पर्वतीय क्षेत्रों में भी दिन भर बारिश का सिलसिला रहा। इस बारिश से बरसाती नाले उफान पर आ गए। खासकर देवखड़ी नाले में अत्यधिक पानी आ गया और तेज बहाव में नाले के टॉप पर बनी दीवार ढह गई और पानी तेज बहाव से नीचे की ओर आ गया। इस वजह से देवकी विहार में लगभग एक दर्जन घरों में नाले का पानी मलबे के साथ घुस गया। लोगों ने तुरंत प्रशासन को जानकारी दी। क्षेत्रवासियों की सूचना पर प्रशासन व नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और लोगों के घरों से मलबा निकालना शुरू किया। परिवारों को अस्थायी राहत शिविरों में भी शिफ्ट करने पर विचार हुआ लेकिन स्थिति नियंत्रण में देखकर परिवारों ने शिफ्टिंग से इंकार कर दिया। वहीं, दीवार को लेकर प्रशासन की चिंता बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार-मंगलवार को मध्यम बारिश के आसार हैं, ऐसे में नाले के उफान पर आने से तबाही हो सकती है। एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि देवखड़ी नाले के ऊपरी क्षेत्र में दीवार ढह गई। देवकी विहार में कई घरों में पानी व मलबा घुस गया, जिसे निकलवाया जा रहा है।


रोडवेज स्टेशन के बाहर बसों के इंतजार में खड़े लोग। ● अमृत विचार

## रक्षाबंधन पर भी यात्रियों ने झेली परेशानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** रक्षाबंधन के मौके पर मंगलवार को रोडवेज स्टेशन में यात्रियों की भीड़ रही। त्यौहार के मौके पर सभी भाई समय पर बहनों के घर पहुंचना चाहते थे जिसके लिए स्टेशन में सुबह से उनके आने का सिलसिला शुरू हो गया था। भीड़ बढ़ने पर कई यात्रियों को बस के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा तो दूसरी ओर स्टेशन में बस के पहुंचते ही सीट पाने के लिए यात्रियों के बीच मारामारी होने लगी। स्टेशन में बरेली, काशीपुर, नैनीताल और टनकपुर जाने वाले यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ रही। इस दौरान इन रूटों पर पर्याप्त बस न होने के कारण यात्री काफी देर तक इधर-उधर भटकते रहे। बाद में रोडवेज की ओर से अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की गई। हल्द्वानी डिपो के एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि बरेली के लिए 5 अतिरिक्त बसें भेजीं, काशीपुर के लिए 3 अतिरिक्त सहित कुल 8 बसें, नैनीताल और टनकपुर के लिए 3-3 अतिरिक्त सहित कुल 15 बसें भेजीं। इधर, मंगलवार को दिल्ली के लिए यात्रियों की संख्या सामान्य रही।

## सार-संक्षेप



गांव बाजपुर में सपा में शामिल हुए लोगों का स्वागत करते अरविंद यादव।

### जन समस्याओं को लेकर अभियान चलाने का निर्णय

**बाजपुर :** समाजवादी पार्टी की बैठक गांव बाजपुर में संपन्न हुई। इसमें आने वाले समय में जनसमस्याओं को लेकर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव ने कहा कि भाजपा शासनकाल में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। आए दिन देवभूमि को कलंकित करने वाले लोग बहन-बेटियों की अस्मत लूट कर उनकी जान ले रहे हैं। देहरादून में सामूहिक दुष्कर्म, रुद्रपुर में सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या, हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल में छेड़छाड़, रुद्रपुर में अश्लील वीडियो दिखाया जा रहा है, लेकिन ऐसे लोगो पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही और न ही अपराध रोकने की कोई ठोस रणनीति बनाई जा रही है। बताया गया कि कार्यक्रम के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों और विचारों से प्रभावित होकर 35 लोगों ने सपा में शामिल होने का निर्णय लिया जिनका स्वागत किया गया। इस मौके पर अमित कुमार, मो .आजम, अवतार शर्मा, उज्ज्वल सिंह, सुहेल अहमद, हर्ष शर्मा, दबीर रजा, दानिश अली, अजीमुद्दीन, अकरम अंसारी, समीर अंसारी, मुख्तियार खान, संदीप सिंह राणा, अनिल पासवान, अवधेश सिंह, लोकेश कुमार, सुशील यादव आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में आकाशीय बिजली गिरने से काली पड़ी छत की ग्रिल। ● अमृत विचार

### आकाशीय बिजली गिरने से उपकरण फुंके

**काशीपुर :** किला मोहल्ला में एक घर पर आकाशीय बिजली गिरने से पास के तीन अन्य घर में भी असर हुआ है। चारों घरों के लाखों रुपये के बिजली उपकरण फुंक गए। इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। सोमवार को सुबह से ही बरसात शुरू हो गई थी। इस दौरान मोहल्ला किला स्थित अजय अग्रवाल के घर पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिसके चलते उनके घर का एलईडी टीवी, 7 पंखे, बल्ब, सेट टॉप बॉक्स के अलावा दीवार पर दरार पड़ गई। उनके घर के साथ-साथ ही मेहराज खान, जैकी, अशोक कुमार के घर के भी बिजली के उपकरण फुंक गए। जिसके चलते लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। अजय अग्रवाल ने बताया कि बिजली गिरने के दौरान वह अपने घर में मौजूद थे। अचानक से एक चमक और भारी भरकम आवाज आई और उनके घर की सब लाइट बंद हो गई। हालांकि इस दौरान किसी को भी कोई चोट आदि नहीं आई है। बाकी नुकसान का आंकलन अभी भी किया जा रहा है।

### पेड़ काटने के आरोप में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**काशीपुर :** यूकेलिप्टिस के 9 सरकारी पेड़ काटने के मामले में पुलिस ने राजस्व उप निरीक्षक की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। राजस्व उप निरीक्षक गौरव कुमार ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि 18 अगस्त की दोपहर साढ़े 12 बजे उन्हें फोन पर सूचना मिली कि शंकरपुरी कॉलोनी निकट डिग्री कॉलेज में वन तस्करों द्वारा अवैध रूप से नदी खाते के सरकारी पेड़ काटे जा रहे हैं। जिस पर वह मौके पर पहुंचे तथा मौके पर राजस्व उप निरीक्षक मनीष कुमार भी मौजूद थे। मौके पर देखा कि मोहल्ला कटोराताल निवासी अशरार अहमद द्वारा 9 यूकेलिप्टिस के सरकारी पेड़ कटवा दिये गये हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 21 को रुद्रपुर में बसपा करेगी धरना-प्रदर्शन

**काशीपुर :** बसपा जिला अध्यक्ष राजेश गौतम ने बताया कि एक अगस्त को उच्चतम न्यायालय ने एससी-एसटी में वर्गीकरण के संबंध में सुनाए गए फैसले से आरक्षण पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती इसके खिलाफ दो बार प्रेस वार्ता व ट्वीट भी कर चुकी हैं। इसी क्रम में 21 अगस्त की सुबह करीब 10 बजे आंबेडकर पार्क रुद्रपुर में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शीशपाल सिंह के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन होगा।

### चाय गिरने से झुलसी बच्ची

**काशीपुर :** एक मासूम बच्ची खौलती चाय गिरने से झुलस गई। कुंडेश्वरी निवासी तीन वर्षीय सोनाक्षी सोमवार की सुबह चाय गिरने से झुलस गई। परिजन उसे सरकारी अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टर ने इलाज कर बच्ची को छुट्टी दे दी है।

### एक साथ तीन बाघ दिखने से ग्रामीणों में दहशत

**खटीमा :** उत्तर प्रदेश सीमा से सटे मझोला से लगे यूपी क्षेत्र के खिरका फार्म और ढकिया गांव के खेतों में बाघ के देखे जाने से सीमा से लगे उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना यूपी के वनकर्मियों को दे दी है। मझोला गांव से करीब आधा किलोमीटर की दूरी रविवार रात्रि करीब नौ बजे तीन बाघों ने मिलकर एक आवारा गाय का शिकार कर उसे अपना निवाला बना लिया। बाघों की चहल कदमी की आवाज सुनकर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई और बाघों को देखने के लिए टॉर्च से उजाला किया। रोशनी होने तथा ग्रामीणों को देखकर बाघ गन्ने के खेतों की ओर चले गए। वहीं तीन बाघ एक साथ दिखने से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने को कहा है। वन दरोगा सोनी सिंह ने बताया कि हमारी टीम लगातार क्षेत्र में नजर बनाए हुए है और बाघ की लोकेशन ट्रेस कर के लिए डब्ल्यूटीआई ने दो कैमरे लगाए हैं। टीम में वन दरोगा सोनी सिंह, अरूण कुमार, राजीव ढाली, राम अवतार आदि थे।

# रक्षाबंधन पर घर पहुंचे सीएम, कैंप कार्यालय में सुनीं समस्याएं

## दैवीय आपदा में खटीमा की जर्जर सड़कों की स्थिति से अवगत कराया, नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी मिलने पर आभार जताया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** रक्षाबंधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निजी आवास नगरा तराई कालापुल पर पहुंची बहनों ने राखी बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की। बाद में मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय लोहिया हेड में जनता से मिले और उनकी समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रविवार शाम खटीमा पहुंचने पर लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की कार्यकत्रियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु बिष्ट, जिला मंत्री किशोर जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य किशन सिंह किन्ना आदि कार्यकर्ताओं को राखी बांधी। महिला अधिवक्ताओं ने भी पुष्कर सिंह धामी को राखी बांधकर उनके साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया। पीसीसी जोशी ने सीएम धामी को दैवीय आपदा में खटीमा की जर्जर सड़कों की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने महाविद्यालय के छात्र नेताओं से भी मुलाकात की। राज्य आंदोलन कारियों ने मुख्यमंत्री धामी से भेंट कर सरकार द्वारा नौकरियों में दिए जाने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को राज्यपाल की मंजूरी मिलने पर उनका आभार जताया। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री अनिल डब्बू, पूर्व मंडी चेयरमैन नंदन सिंह खड़ायत, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजुनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसडीएम रविन्द्र बिष्ट, नगर महामंत्री मनोज वाधवा नंदन सिंह खड़ायत, भुवन जोशी, सतीश गोयल, नवीन बोरा, रंजीत नामधारी, गोपाल बोरा, अशोक बत्रा, राजेश राणा, कामिल खान, भवानी भण्डारी, सतीष भट्ट, भुवन भट्ट, सन्तोष अग्रवाल, दीपक तिवारी आदि मोजूद रहे।



कैंप कार्यालय पर लोगों का आभार जताते सीएम पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

### राज्य आंदोलनकारियों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री धामी से मिला

**खटीमा :** पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री कैप्टन शेर सिंह दिगारी के नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिला और 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण बिल की मंजूरी पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं राज्यपाल का आभार जताया। इस दौरान गोपाल सिंह बिष्ट, मोहन चंद, हरीश जोशी, अमित पांडे, जगदीश पांडे, प्रकाश तिवारी, भगवान जोशी, आलोक गोयल, सर्वेश पाठक, उमेद सिंह, भुवन भट्ट, जानकी पांडे, विमला मुंडेला, नित्यानंद जोशी, विद्याधर जोशी, हरिश्चंद्र सकलानी, जानकी गोस्वामी, किशन सिंह बिष्ट आदि थे।

### भाजपा नगर महामंत्री ने रखीं कई समस्याएं

**खटीमा :** भाजपा नगर महामंत्री संजय पिलखवाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपकर बागनाथ मंदिर वार्ड संख्या 10 में छत का निर्माण कराने, क्षतिग्रस्त ऊंची महुवट मार्ग दुरुस्त कराने, त्रिदेव कॉलोनी, पकरिया में नाली एवं सीसी रोड निर्माण कराए जाने की मांग की।

### सड़क और नाली निर्माण को धनराशि जारी होने पर खुशी

**खटीमा :** सभासद गोकुल ओली एवं महेश राणा ने कंजाबाग रोड के नाली निर्माण एवं सड़क निर्माण के लिए साढ़े चार करोड़ की धनराशि अवमुक्त होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। जिला महामंत्री सतीश गोयल एवं नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने कोतवाली खटीमा से टोल टैक्स तक दोनों ओर डिवाइडर लगाने और एनएच की नाली के चौड़ीकरण और नगर को जल भराव से निजात दिलाने की मांग रखी।

### खटीमा-मझोला मार्ग की दुर्दशा का मुद्दा रखा

**खटीमा :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपकर युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री सतीश चंद्र भट्ट ने उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग की दुर्दशा का मामला उठाया। उन्होंने हर घर नल योजना के तहत खोदे गए मार्ग के गड्ढों को समतल नहीं करने से आम जनता को हो रही परेशानी से अवगत कराया। लोहिया हेड स्थित कैंप कार्यालय में युवा नेता भट्ट ने मुख्यमंत्री धामी के समक्ष उत्तराखंड व यूपी को जोड़ने वाले खटीमा-मझोला मार्ग की जर्जर हालत से अवगत कराते हुए कहा कि बारिश से मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। जिससे आम आदमी का चलना मुश्किल हो गया है।

## अश्लील हरकत करने का आरोपी मौलवी गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

▶▶ **गांव मलसी में ही छिपा बैठा था आरोपी, पुलिस ने न्यायालय के समक्ष किया पेश**

**अमृत विचार :** तालीम देने की आड़ में अश्लील हरकत करने के आरोपी मौलवी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि गांव में ही छिपा बैठा आरोपी भागने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि गांव मलसी निवासी एक महिला ने शिकायती पत्र दिया था कि गांव में ही एक मस्जिद है। जिसमें डांग थाना जहानाबाद पीलीभीत यूपी निवासी मौलवी शब्बीर रजा को उर्दू की तालीम देने के लिए नियुक्त किया था। जिसमें उसकी आठ वर्षीय बेटी भी पढ़ने जाती थी। कई दिनों से मानसिक अवसाद से गुजर रही बेटी से पूछा, तो उसने बताया कि एक दिन मौलवी ने सभी बच्चों की छुट्टी कर दी और कुछ नाबालिग लड़कियों के साथ उसे भी कमरे में रोक दिया। आरोप था कि मौलवी ने बच्चियों को अश्लील वीडियो और अश्लील हरकतें भी की।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट कर आरोपी मौलवी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की एक टीम को रामपुर, बिलासपुर व मुरादाबाद के लिए रवाना कर दिया था, लेकिन रविवार की देर शाम को सूचना मिली कि आरोपी मौलवी गांव में ही छिपा बैठा है। जिस पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी शब्बीर रजा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।



खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को राखी बांधती बहन, साथ में उनकी माताजी।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को दोनों बहनों ने बांधी राखी

**खटीमाः** नगरा तराई आवास पर सोमवार सुबह उनकी दोनों बहनों पुष्पा देवी और नंदी देवी ने अपने भाई मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कलाई पर राखियां बांधकर मुंह मीठा कराया और उनके दीर्घायु होने की कामना की। वहीं मुख्यमंत्री धामी ने उनकी सदैव रक्षा करने का वचन दिया। इस दौरान उनकी माता विष्न देवी मौजूद रहीं।

## दूसरी एजेंसी पर गैस बुकिंग ट्रांसफर करने से परेशानी

संवाददाता, काशीपुर

▶▶ **उपभोक्ता लगाते रहे एक एजेंसी से दूसरी एजेंसी के चक्कर**

**अमृत विचारः** दूसरी गैस एजेंसियों पर गैस बुकिंग ट्रांसफर कर देने से उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के लिए एक एजेंसी से दूसरी एजेंसी के चक्कर काटने पड़े। इससे उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। परेशान उपभोक्ताओं में काफी रोष भी देखने को मिला।

दरअसल काशीपुर गैस एजेंसी से गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं ने अपने-अपने सिलेंडर की बुकिंग की थी। बताया जाता है कि जब उपभोक्ता गैस एजेंस सिलेंडर लेने पहुंचे तो उन्हें पता चला कि उनकी ऑनलाइन पर्ची की बुकिंग अन्य गैस एजेंसी पर गलती से ट्रांसफर हो गई है। ऐसे में उपभोक्ता सिलेंडर के लिए दूसरी गैस एजेंसियों के चक्कर काटते रहे। इसके बाद जब अधिकारियों ने बुकिंग की डिटेल चेक की तो करीब 700 ऐसी पर्ची निकली जो अन्य एजेंसी में ट्रांसफर कर दी गई। काशीपुर गैस एजेंसी के प्रबंधक अमित मनराल ने बताया कि उपभोक्ता जब अपना गैस सिलेंडर लेने आए तो उसी समय ऑफिस के कर्मचारियों ने देखा तो एक दिन में लगभग सात सौ बुकिंग पर्ची किसी अन्य एजेंसी को ट्रांसफर कर दी गयी। बताया कि उन्हें पांच हजार सिलेंडर की जगह मात्र 3546 सिलेंडर की सप्लाई मिली। कम सिलेंडर मिलने से बैक लॉग बढ़ गया और आपूर्ति बाधित हो गई। उन्होंने बताया कि सेल्स ऑफिसर ने बिना बताए किसी अन्य एजेंसी में पर्चियां ट्रांसफर कर दी। इससे लोग काफी परेशान रहे।

## विधायक बेहड़ ने सुनीं जनसमस्याएं

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने रक्षाबंधन त्योहार के दिन भी जन संवाद कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं।

प्रत्येक सोमवार को कांग्रेस विधायक बेहड़ द्वारा आवास-विकास किच्छा स्थित कैम्प कार्यालय में क्षेत्र वासियों की समस्याएं सुनी जाती हैं। त्यौहार का दिन होने के बावजूद विधायक बेहड़ सोमवार की सुबह कैम्प कार्यालय पहुंचे और समस्त क्षेत्र वासियों को रक्षाबंधन की बधाई दी। जन संवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व विधायक बेहड़ ने मौके पर पहुंचे तमाम लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना और कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। इस दौरान वार्ड नंबर 12 नूरी मस्जिद वार्ड के पूर्व सभासद नजाकत खान, हाजी रहीस अहमद, शफीक अहमद, सईद अहमद, अख्तर अहमद, इब्ने हसन, इरशाद बेग, मोहम्मद इस्माइल आदि ने सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराए जाने का आग्रह किया। मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, ओमप्रकाश दुआ, नितिन शर्मा, फिरासत खान, राकेश खुराना, छोटे लाल, धर्मेंद्र सिंधी, कुलदीप सिंह लक्की आदि मौजूद रहे।



किच्छा में जन समस्याएं सुनते किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

## छात्रों के लिए खुला छात्रवृत्ति पोर्टल

संवाददाता, रुद्रपुर

**पहल**

▶▶ **मैट्रिक पूर्व छात्रवृत्ति के लिए पात्रता रखी दो श्रेणी में**

▶▶ **पात्र अभ्यर्थियों से योजना का लाभ लेने की अपील**

**अमृत विचारः** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए मैट्रिक पूर्व और मेट्रिकोत्तर राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) खुला हुआ है। अनुसूचित जाति के पात्र छात्र पोर्टल scholarship.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। पात्रता पूर्ण करने वाले लाभार्थी को ही इसका लाभ दिया जाएगा।

सीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि मैट्रिक पूर्व छात्रवृत्ति के लिए पात्रता दो श्रेणी में रखी गई है। प्रथम श्रेणी में छात्र अनुसूचित जाति का हो, छात्र के माता-पिता की वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक न हो। साथ ही मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 9 और कक्षा 10 में पढ़ने वाले छात्र हो। इस पात्रता को पूर्ण करने वाले छात्रों की पात्रता राशि शैक्षणिक भत्ता 3500 रुपये से 7000 रुपए प्रतिवर्ष एवं दिव्यांग छात्रों के लिए 10% अतिरिक्त भत्ता रखा गया है। द्वितीय श्रेणी में ऐसे छात्र जिनके माता-पिता व अभिभावक सफाई से संबंधित कार्य में लगे है और जिन्हें स्वास्थ्य संबंधी खतरे की आशंका है, कोई आय सीमा का मानदण्ड नहीं है एवं जो मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 10 में पढ़ रहे हो। इस पात्रता को पूर्ण करने वाले छात्रों की पात्रता राशि शैक्षणिक भत्ता 3500 रुपये से 8000 रुपये प्रतिवर्ष एवं दिव्यांग छात्रों के लिए 10% अतिरिक्त भत्ता रखा गया है। उन्होंने बताया कि मैट्रिकोत्तर छत्रवृत्ति के लिए जो पात्रता रखी गई है उसके अनुसार छात्र के माता-पिता की वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक न हो, मान्यता प्राप्त विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र हो एवं कक्षा 11 से आगे सभी मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम के छात्र हो। इस पात्रता को पूर्ण करने वाले छात्रों की पात्रता राशि शैक्षणिक भत्ता 2500 रुपये से 13500 रुपए प्रति वर्ष, दिव्यांग छात्रों के लिए अतिरिक्त 10% भत्ता एवं अनिवार्य अप्रतिदेय शुल्क शामिल है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति के वह छात्र जो पात्रता रखते हों वे छात्र ऊपर दिए गए लिंक पर आवेदन कर सकते हैं।

## सड़क दुर्घटना में एक गाय की मौत, बछड़े को सांप ने काटा

संवाददाता, जसपुर

**दुखद**

▶▶ **दूसरी सड़क दुर्घटना में एक और गाय हुई घायल**

**अमृत विचारः** सड़क दुर्घटना में एक गाय की मौत हो गई। जबकि एक बछड़े की सर्प दंश से मौत हो गई।

जसपुर हाईवे से गांव अंगदपुर को जाने वाले मार्ग पर रात्रि के दौरान अज्ञात वाहन एक गाय को टक्कर मार कर फरार हो गया। हादसे के बाद गाय ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। इधर रात्रि के दौरान हाईवे पर कालिया वाला के पास एक ट्रक ने एक गाय को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी पंकज सिंह व पीआरडी जवान हंसराज मौके पर पहुंचे और उन्होंने तत्काल घायल गाय को जसपुर के राजकीय पशु चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसके कान में लगे टैग से गाय की मालकिन का पता लगाया। पुलिस द्वारा सूचना देकर गाय की मालकिन गांव धर्मपुर निवासी मिथलेश देवी को बुलाया गया। मिथलेश देवी ने बताया कि पिछले 2 साल से उसकी गाय लापता थी। उपचार के बाद पुलिस ने घायल गाय को वाहन में लाद कर उसकी मालकिन के घर पहुंचवा दिया।

जसपुर-पतरामपुर मार्ग स्थित गांव जमनी वाला के पास कृपाल सिंह के खेत में एक बछड़ा चर रहा था। तभी उसे किसी सांप ने डस लिया। मुंह से झाग आने बाद उसकी मौत हो गई। खेत मालिक ने जेसीबी मंगा कर आसपास के अन्य लोगों के सहयोग से उसे दफना दिया। उधर, गौ रक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था उत्तरी देव धाम जन कल्याण समिति के संस्थापक अध्यक्ष महाराज सिंह चौहान ने सड़क दुर्घटना में गो वंशियों के चपेट में आने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में गौशाला बनाई जाए।

## फायरिंग-तोड़फोड़ प्रकरण में दर्ज किया गया मुकदमा

संवाददाता रुद्रपुर

**जांच**

▶▶ **नामजद मुख्य आरोपी का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा**

**अमृत विचारः** गांव भूरारानी में एक घर पर धावा बोलकर फायरिंग, तोड़फोड़ और मारपीट करने के प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने नामजद मुख्य आरोपी का आपराधिक इतिहास भी खंगालना शुरू कर दिया है।

एसएसआई अशोक कुमार ने बताया कि वार्ड-32 भूरारानी निवासी रंजीता ने बताया कि पड़ोसी संजीत साहनी जो कि एक आपराधिक प्रवृत्ति का है और उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले में भी दर्ज हैं। आरोप था कि संजीत अपने साथियों के साथ तमंचे व धारदार हथियार लेकर आया और 17 अगस्त की शाम साढ़े पांच बजे घर पर बोल दिया। इस दौरान संजीत साहनी, संजय साहनी, झनझट, भगवान दास, राहुल व मनोज कुमार, मन्नू, चंदा, रंजीत साहनी, आसू साहनी धारदार हथियार व तमंचे लेकर आए और मुस्कान, पति अशोक सहित उस पर जानलेवा हमला कर दिया। साथ ही घर में तोड़फोड़ की। आरोप था कि जब सभी लोग जान बचाकर भागे, तो हमलावरों ने पीछे से फायरिंग शुरू कर दी। जिससे वह बाल-बाल बचे और बाहर खड़ी बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हो चुका है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### मारपीट की घटना में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** मारपीट की घटना में पुलिस ने दो पक्षों के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम मिस्सरवाला निवासी आबिद ने कुंडा थाना पुलिस में तहरीर सौंपी। जिसमें बताया कि बीती 15 अगस्त की शाम लगभग छह बजे उसका बेटा कासिम घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान उसका पड़ोसी फुलजहां की बेटी अकसरा (14) से खेलने को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद उसका बेटा घर पर आ गया। कुछ देर बाद फुलजहां, उसकी बेटी अकसरा, पति अब्दुल्ला व उसका दोस्त सखावत हुसैन घर में घुस आए और मारपीट शुरु कर दी। मारपीट की घटना में उसका सिर फट गया और बेटे की आंख पर चोट आई। उधर फुलजहां ने पुलिस में तहरीर सौंपी। जिसमें कहा कि वह शाम लगभग छह बजे घर में बैठी हुई थी। इसी दौरान पड़ोस के घर की मुर्गियां उसके घर में घुस गईं। जिस पर उसकी बेटी अकसरा ने मुर्गियों को घर से भगा दिया। इस बात को लेकर अफसरी, उसका बेटा अलफिसा ने उसकी बेटी को मारना-पीटना शुरु कर दिया।

रविवार रात्रि 11 बजे की है वारदात, सोसाइटी उपाध्यक्ष पर लगा है आरोप, सीसीटीवी में कैद हुई घटनाक्रम की फुटेज, पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू की

# भाजपा नेत्री के पुत्र पर जानलेवा हमला कर घायल किया, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के बेटे पर रविवार की देर रात्रि जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि सोसाइटी के उपाध्यक्ष ने साथियों के साथ मिलकर धारदार हथियार से घर के सामने हमला किया। युवक को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलते ही सिडकुल चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी ली और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

मेट्रोपोलिस कॉलोनी निवासी भाजपा महिला मोर्चा की प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य मधु राय भाटिया के पति मनमोहन राय ने तहरीर देते हुए बताया कि 31 जुलाई को एमआरडब्ल्यू के उपाध्यक्ष विक्रांत फुटेला ने उसके बेटे पीयूष राय भाटिया को जान से मारने की धमकी दी थी। जिसको 18 अगस्त की रात्रि को अंजाम दिया गया।

आरोप था कि बेटा पीयूष अपने परिवार के साथ रात्रि 11 बजे हल्द्वानी से घर लौटा, तो मैनेजर विकास गुप्ता ने फोन कर उसकी लोकेशन पूछी। आरोप था कि जैसे ही पीयूष कार से सामान उतारने लगा, तभी धारदार हथियारों से लैस नकाबपोश पांच से छह युवक आए और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। जिसमें उसका बेटा पीयूष गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को आनन फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलते ही सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। शिकायतकर्ता ने एमआरडब्ल्यू के उपाध्यक्ष विक्रांत फुटेला, अक्षय फुटेला, कपिल हुंडियां, मैनेजर विकास गुप्ता व अज्ञात पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सीसीटीवी में कैद घटनाक्रम की फुटेज को बरामद कर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। पंतनगर थाना प्रभारी मनोज कुमार रतूडी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएंगी।


वारदात के बाद घायल पीयूष राय भाटिया।


सीसीटीवी में कैद हमलावर। ● अमृत विचार

### 31 जुलाई को पीयूष ने दी थी तहरीर

**रुद्रपुर :** पॉश कॉलोनी में मेट्रोपोलिस रेजिडेंशल वेलफेयर एसोसिएशन- नई मेट्रोपोलिस ऑनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के बीच पिछले कई माह से तलवार खिची हुई थी और लोग पुरानी कार्यकारिणी के खिलाफ मोर्चा खोले हुए थे। जिसमें पीयूष भी अहम भूमिका निभा रहा था, क्योंकि आरोपी विक्रांत फुटेला पुरानी कार्यकारिणी का उपाध्यक्ष भी है। भाजपा नेत्री के बेटे को आभास हो चुका था कि फुटेला उस पर हमला कर सकता है। यहीं कारण है कि पीयूष ने 31 जुलाई को तहरीर देकर जानमाल का खतरा बताया था।

### वादी-प्रतिवादी की है भाजपा की पृष्ठभूमि

**रुद्रपुर :** रविवार की देर रात्रि हुए हमला प्रकरण में नामजद विक्रांत फुटेला के परिवार की पृष्ठभूमि भाजपा की रही है। आरोपी के रिश्तेदार, चाचा भी भाजपा से जुडे. हैं। वहीं घायल पीयूष राय भाटिया की मधु राय महिला मोर्चा की प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य के साथ-साथ भाजपा की सक्रिय नेत्री हैं और कई बड़े पदों पर भी रही है। ऐसे में सत्ताधारी पृष्ठभूमि होने के बाद क्या दोनों पक्षों में समझौता होगा या फिर कानूनी दांव पेच खेले जाएंगे।

### सोची-समझी साजिश थी वारदात

**रुद्रपुर :** भाजपा नेत्री के पति मनमोहन राय ने बताया कि रविवार की सुबह ही बेटा पीयूष परिवार को लेकर हल्द्वानी गया था। बताया कि हल्द्वानी रहने के दौरान भी पीयूष के मोबाइल पर कई बार सोसायटी के मैनेजर विकास गुप्ता का फोन आया था और बार-बार कितने बजे आने की सूचना प्राप्त कर रहा था। यही कारण है कि जैसे ही बेटा सोसाइटी के मुख्य गेट पर पहुंचा और घर के सामने उतरा, वैसे ही घात लगाए बैठे हमलावरों ने हमला कर दिया।

# नर्स हत्याकांड में फिसली गाबा-शर्मा की जुबान, मचा बवाल

वीडियो वायरल, मुस्लिम समुदाय में दिखा भारी रोष, जिला अध्यक्ष-महानगर अध्यक्ष का पुतला फूंका, वोट नहीं देने का आह्वान किया


रुद्रपुर में जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा का पुतला फूंकते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार


गदरपुर में मौजूद वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** नर्स हत्याकांड को लेकर जहां हर नेता-अधिकारी बड़ी ही सोच-समझकर अपना बयान दे रहा है। वहीं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा और महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने पुतला दहन के दौरान नर्स हत्याकांड में ऐसा बयान दिया कि मुस्लिम समुदाय में भारी आक्रोश देखने को मिला। जिसको लेकर युवाओं ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष-महानगर अध्यक्ष का पुतला फूंका और वोट नहीं देने का आह्वान कर दिया।

रविवार को नर्स हत्याकांड को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा और महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में पुतला दहन हुआ था। मीडिया में दिए बयान में गाबा ने नर्स कार्यस्थल के अस्पताल संचालक को ईमानदार छवि का बताते हुए प्रकरण को लेकर कई बार उनकी जुबान फिसल गई। इसके अलावा महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा भी अपने बयान में कुछ शब्दों को गलत तरीके से बोल गए। बस क्या था सोशल मीडिया में बयान वायरल होते ही मुस्लिम समुदाय में आक्रोश पैदा हो गया और सोमवार की सुबह मुस्लिम युवाओं ने इंदिरा चौक पर गाबा व शर्मा के खिलाफ नारेबाजी कर कांग्रेस को वोट नहीं देने का आह्वान किया। साथ ही ऐलान किया कि वार्ड में बयान की वीडियो को दिखाया जाएगा। ताकि ऐसे दोहरी नीति के नेताओं को बेनकाब किया जा सके। इस मौके पर सद्दाम पासा, कामिल अंसारी, विक्की बेग, उमेद खान, हाशिम खां, अन्नू खान, फरमान खान, मोहम्मद आलम, सुहैल खां, फ़रीद अंसारी, आदिल अंसारी, अयूब खान आदि मौजूद रहे।



"रविवार को पुतला दहन के दौरान बार-बार मीडिया को बयान देते वक्त नर्स हत्याकांड प्रकरण में अस्पताल संचालक को लेकर जुबान फिसल गई थी। जिसका एहसास बाद में हुआ और मीडिया को अपना बयान देकर उस पर माफी भी मांगी, क्योंकि कांग्रेस ने हमेशा मुस्लिम समुदाय के मुद्दों को उठाया। नर्स हत्याकांड में भी कांग्रेस सीबीआई जांच की मांग कर रही है। बावजूद इसके गलत बयानबाजी का उन्हें खेद है। - हिमांशु गाबा, जिला अध्यक्ष कांग्रेस"



"जिलाध्यक्ष द्वारा बयान देते वक्त जुबान फिसल गई थी। जिसका प्रदेश नेतृत्व ने भी संज्ञान लिया है, लेकिन जरा सी गलती को तूल देना गलत है। उन्हें पता है कि कुछ कांग्रेस के लोग ही पार्टी को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं। साथ ही उनके द्वारा दिए गए बयान से छेड़छाड़ कर गलत तरीके से पेश किया। राजनीतिक द्वेष भावना के चलते इस प्रकार का भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। समाज की भावनाओं को आहत करना किसी का मकसद नहीं था। -**सीपी शर्मा**, नगर अध्यक्ष।"

### केलाखेड़ा के युवाओं ने कैंडल मार्च निकाला

**बाजपुर :** कोलकाता में महिला चिकित्सक एवं रुद्रपुर में नर्स की दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में केलाखेड़ा के युवाओं ने कैंडल मार्च निकाला। साथ ही आरोपितों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की गई। इस मौके पर अब्दुल्लाह पठान, साजिद अल्वी, दानिश अंसारी, जमशेद तुर्क, मोहम्मद अली, नीतू सिंह आदि मौजूद रहे।

### अभया करती चीख पुकार, फिर भी चुप क्यों है सरकार

**शांतिपुरी।** कोलकाता में महिला रेजिडेंट डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद जघन्य हत्या के विरोध में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरनगर की छोटी छोटी बच्चियों ने पोस्टर बनाए। जिसमें 'अभया करती चीख पुकार, फिर भी चुप क्यों है सरकार', जस्टिस फॉर द विक्टिम और हिंसा नहीं सुरक्षा दो आदि नारे लिखे। साथ ही आरोपी को फांसी देने की मांग करते हुए जवाहरनगर से नगला गोलगेट तक बिना किसी वयस्क महिला या पुरुष के सहयोग से रैली निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया। रैली का आयोजन करने वाली हिमांशिका सुप्याल थी, जबकि पोस्टर बनाने वालों में संध्या सुप्याल, अनामिका जोशी, अंकित जोशी, वंदना जोशी, कार्तिकेय सुप्याल, हिमानी धपोला, सुजल वर्मा, कनिका गड़िया, धारा गड़िया, खुशी वर्मा, नमन वर्मा, वाणी डिमरी और शिवानी डिमरी आदि शामिल थे।

### अस्पताल की पैरवी करना गाबा को पड़ा भारी

**गदरपुर :** रुद्रपुर में नर्स की बेरहमी से की गई हत्या मामले में फुटेला अस्पताल की पैरवी करना कांग्रेस जिलाध्यक्ष को भारी पड़ गया। जिलाध्यक्ष का बयान वायरल होने के बाद लोग तीखी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष के इस बयान को सही प्रकार से पेश करने के लिए कांग्रेसियों को आगे आना पड़ा। उनका कहना था कि वह शुरुआत से ही मृतका को इंसाफ दिलाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जब तक पीड़ित परिवार को इंसाफ नहीं मिल जाता, कांग्रेस इस लड़ाई को जारी रखेगी। सोमवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मृतका के पिता से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान गाबा के बयान को लेकर राजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि सही और गलत के लिए न्यायपालिका है। इस दौरान संजीव अरोरा, शराफत अली मंसूरी, राजेश बाबा, शैलेंद्र शर्मा, विकास तनेजा मौजूद रहे।

### कांग्रेसियों ने किया मौन उपवास

**खटीमा :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देहरादून और रुद्रपुर में महिलाओं के साथ हुए जघन्य अपराधों के विरोध में शहीद स्मारक के मुख्य द्वार पर एक घंटे तक मौन उपवास रखा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार शाम चार से पांच बजे तक शहीद स्मारक के मुख्य द्वार पर एक घंटे तक मौन उपवास रखा। इस अवसर पर विधायक भुवन कापड़ी, पीसीसी सदस्य उमेश राठौर, नगर अध्यक्ष रवीश भटनागर, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र आर्य, जिला पंचायत सदस्य अरविंद कुमार, पीसीसी सदस्य जसविंदर पप्पू, राशिद अंसारी, नासिर खान, राजकिशोर सक्सेना, रमेश रौतेला, मोहम्मद ताहिर, अरफात मौजूद रहे।

### ममता से इस्तीफा और हत्यारों को फांसी देने की मांग

**खटीमा :** पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के जघन्य प्रकरण के विरोध में मझोला में सैकड़ों राष्ट्रप्रेमी युवाओं ने युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल के नेतृत्व में नगर में कैंडल मार्च निकाला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनर्जी को त्यागपत्र दे देना चाहिए। पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने कहा कि ममता बनर्जी तुष्टिकरण की राजनीति करती हैं। वरिष्ठ व्यापारी अरुण सिंह, गुलशन स्वर्णकार, अभिनव वर्मा, कपिल वर्मा, कनिष्क गौतम मौजूद रहे।



स्वनिर्मित पोस्टर के साथ रैली निकालतीं बच्चियां। ● अमृत विचार



बाजपुर केलाखेड़ा में कैंडल मार्च निकालकर विरोध-प्रदर्शन करते युवा।


खटीमा में शहीद स्मारक द्वार पर मौन उपवास पर बैठे कांग्रेस कार्यकर्ता।

# ट्रांजिट कैंप में दो मंजिला मकान दिखाकर हड़पे 60 लाख रुपये

संवाददाता, रुद्रपुर

**धोखाधड़ी**
- पीड़ित करता है बिजली फिटिंग का कार्य
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में दो मंजिला मकान दिखाकर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने जब मकान पर कब्जा मांगा, तो डराया-धमकाया जाने लगा, जबकि पीड़ित बिजली फिटिंग का कार्य करता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आवास-विकास रामपुर यूपी व हाल निवासी सुख सागर कॉलोनी बगवाड़ा निवासी सौरभ सैनी ने बताया कि उसके पिता प्रेमचंद सैनी बिजली फिटिंग एवं दिहाड़ी का कार्य करते थे। जिंदगी भर कमाई जोड़ने के बाद उन्होंने शास्त्री नगर गंगापुर रोड पर ओमप्रकाश राजपूत नाम के व्यक्ति से 167.28 वर्गमीटर का बना दो मंजिला मकान देखा था और 60 लाख रुपये में मकान का सौदा हुआ। तय समय अवधि 18 दिसंबर 2021 को सारा भुगतान भी कर दिया गया। बताया कि पिता प्रेमचंद व ताऊ उमेश चंद के साथ सात जुलाई 2024 को विक्रेता के घर पहुंचे और मकान की रजिस्ट्री कर कब्जा देने की बात कही। इस पर आरोपी ने अभद्रता शुरू कर दी और मकान पर कब्जा देने और रकम वापस करने से इंकार कर दिया। बुजुर्ग पिता से धक्कामुक्की के बाद उसके पिता मानसिक अवसाद से गुजरने लगे और कुछ दिनों बाद वह बीमार हो गए। आठ जुलाई को तबीयत खराब होने पर डॉक्टरों ने देहरादून रेफर कर दिया। जहां 16 जुलाई को उपचार के दौरान पिता की मौत हो गई। पिता की मौत के बाद वह विक्रेता से लगातार दस्तावेजों के आधार पर मकान पर कब्जा देने की गुहार लगाता रहा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मैनुअल व बयानों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# रोडवेज बस की टक्कर में घायल छात्रा की मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

- 19 जुलाई को हुआ था सड़क हादसा, 11वीं में पढ़ती थी छात्रा, शव पोस्टमार्टम को भेजा

**अमृत विचार :** एक माह पहले रोडवेज बस की टक्कर से घायल एक छात्रा की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं छात्रा की मौत होने के बाद परिवार में कोहराम मच गया हुआ है।

किच्छा कोतवाली के देवरिया गांव निवासी जोगा सिंह की 16 वर्षीय बेटी भावना बिष्ट राजकीय इंटर कॉलेज देवरिया में 11वीं की छात्रा थी। बताया जा रहा है कि 19 जुलाई को रोजमर्रा की भांति भावना कोचिंग सेंटर से साइकिल से घर लौट रही थी कि अचानक यूपी रोडवेज बस डिपो ने साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई और आनन-फानन में छात्रा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक माह के लंबे उपचार के बाद आखिरकार रविवार की शाम को छात्रा ने दम तोड़ दिया। छात्रा की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं बगवाड़ा चौकी को सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएसआई अशोक कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस रोडवेज चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# कर्मचारियों की कमी के कारण प्रदूषण मापने में आ रहीं दिक्कतें

संवाददाता, काशीपुर

- पीसीबी के चार मॉनिटरिंग स्टेशनों से नियमित एकत्र नहीं हो पा रहा डाटा

**अमृत विचार:** कर्मचारियों की कमी के चलते पीसीबी को प्रदूषण का डाटा इकट्ठा करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। इतना नहीं नियमित मॉनिटरिंग स्टेशनों से डाटा नहीं लिया जा रहा है।

उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) का ऊधम सिंह नगर में क्षेत्रीय कार्यालय खुलने के बाद काशीपुर और रुद्रपुर में प्रदूषण की मात्रा मापने के लिए काशीपुर में सरकारी अस्पताल व रुद्रपुर में जिला अस्पताल में मॉनिटरिंग स्टेशन की स्थापना की गई। इस दौरान दोनों ही जगह वायु में धूल कणों की मात्रा मापने के लिए मशीनें लगाई गईं। उस समय दोनों मशीनों से डाटा एकत्र करने के लिए छह कर्मियों की तैनाती के साथ ही दो वैज्ञानिक सहायकों को भी रखा गया। जिससे पीसीबी को प्रदूषण की मात्रा मापना आसान हो गया। नियमित प्रदूषण की मॉनिटरिंग की जा रही थी। करीब चार साल पहले काशीपुर में दो अन्य जगहों नवीन अनाज मंडी और गन्ना संस्थान में भी मॉनिटरिंग स्टेशन की स्थापना कर दी गई। लेकिन कर्मचारियों की संख्या बढ़ने की जगह कम हो गई। अब छह कर्मियों की तुलना में महज तीन कर्मी चार मॉनिटरिंग स्टेशनों से डाटा कलेक्ट कर रहे हैं। ऐसे में नियमित डाटा कलेक्ट नहीं होने से पीसीबी को प्रदूषण की मात्रा मापने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं दो वैज्ञानिक सहायक की तुलना में अब एक ही वैज्ञानिक सहायक काम कर रहे हैं।

"कर्मचारियों की कमी के चलते मॉनिटरिंग स्टेशनों से डाटा कलेक्ट करने में दिक्कतें आ रही है। कर्मचारियों के पद भरने के लिए मुख्यालय को पत्र भेजा गया है।
-**नरेश गोस्वामी**, क्षेत्रीय अधिकारी, पीसीबी"

**खुलासा** दोनों आरोपियों से लाखों की नगदी समेत सोने के आभूषण बरामद, दस दिनों के भीतर पुलिस ने किया खुलासा

# मुरादाबाद के दो आरोपियों ने की थी गदरपुर में चोरी

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र की एक पॉश कॉलोनी में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने महज 10 दिनों के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी के लाखों रुपये एवं सोने के जेवरात बरामद किए हैं। चोरी की इस घटना को अंजाम देने वाले दोनों आरोपी यूपी के बताए जा रहे हैं। जिनके खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

सोमवार को थाना परिसर में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह ने बताया कि बीती पांच अगस्त की देर रात्रि लगभग एक बजे आवास-विकास कॉलोनी की एक बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने लाखों रुपये की नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया था। घटना के दौरान मकान स्वामी वेद प्रकाश कक्कड़ अपने पूरे परिवार सहित बेटे से मिलने नोएडा गए हुए थे। एसपी अभय प्रताप ने बताया कि करीब 600 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालने के बाद पुलिस टीम के हाथ कुछ अहम सुराग लगे। 18 अगस्त को मुखबिर से मिली सूचना पर सकेनिया, अब्दुल्ला नगर के बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान एचएफ डीलक्स बाइक पर आ रहे दो लोगों को रोककर पूछताछ की गई तो उनकी संदिग्ध गतिविधियां देख शक होने पर जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से दो बैग में रखे चार लाख 92 हजार रुपये बरामद हुए। जिस बैग से रुपए बरामद हुए उसके ऊपर कक्कड़ गिफ्ट कलेक्शन का नाम अंकित था। दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कबूल की। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम बॉबी निवासी शाबाद रोड थाना बिलारी एवं दूसरे ने अपना नाम विजय निवासी ग्राम धनपुरा तुर्कखेड़ा थाना बिलारी जिला मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) बताया।


गदरपुर थाने में चोरी की घटना का खुलासा करते एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह।

### टीम को मैन ऑफ द मंथ के लिए किया जाएगा नामित

**गदरपुर :** आवास विकास में हुई चोरी का खुलासा करते हुए एसपी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने जिस तत्परता के साथ मात्र 10 दिनों में खुलासा किया है। उसके लिए पूरी पुलिस टीम बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि मामले का खुलासा करने वाली पुलिस टीम के नाम एसएसपी के पास मैन ऑफ द मंथ के लिए भेजे जाएंगे। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक बेहड़ एवं महामंत्री संदीप चावला ने बताया कि उद्योग व्यापार मंडल जल्द ही पुलिस टीम को सम्मानित करेगा।

### पुलिस टीम में ये रहे शामिल

**गदरपुर :** थानाध्यक्ष जसवीर चौहान, एसआई बसंत प्रसाद, मुकेश मिश्रा, एसओजी प्रभारी प्रकाश चंद, हेड कॉन्स्टेबल विनय कुमार, मोहन बोरा, बलवंत सिंह, दर्शन सिंह, कुलदीप सिंह, प्रदीप कुमार, रवि पासवान शामिल रहे।

बलवानप्यशक्तोऽसौ धनवानपि निर्धनः ।
श्रुतवानपि मूर्खोऽसौ यो धर्मविमुखो जनः ॥

जो व्यक्ति कर्मठ नहीं हैं, अपना धर्म नहीं निभाता वो शक्तिशाली होते हुए भी निर्बल हैं, धनी होते हुए भी गरीब हैं और पढ़े लिखे होते हुए भी अज्ञानी हैं ।


## संपादकीय

# निगरानी बढ़ाई जाए

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एमपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। चिंता की बात है कि दो वर्षों में यह दूसरी बार है जब एमपॉक्स को वैश्विक आपातकाल घोषित किया गया है। अफ्रीकी देशों में आतंक मचाने के बाद यह वायरस स्वीडन और फिर पड़ोसी देश पाकिस्तान तक पहुंच चुका है। अभी भारत में इस वायरस का असर नहीं दिख रहा है लेकिन चिंताएं बढ़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एमपॉक्स की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। भारत के लिए जोखिम का आंकलन करने के लिए 12 अगस्त को राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा विशेषज्ञों की एक बैठक बुलाई गई थी। एनसीडीसी द्वारा पहले जारी किए गए एमपॉक्स पर एक संक्रामक रोग अलर्ट को नए घटनाक्रमों का पता लगाने के लिए अद्यतन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर स्वास्थ्य टीमों को संवेदनशील बनाया गया है। 2022 में एमपॉक्स का वैश्विक प्रकोप हुआ और भारत समेत कई देश इससे प्रभावित हुए। डब्ल्यूएचओ के अनुसार 2022 से वैश्विक स्तर पर 116 देशों से एमपॉक्स के कारण 99,176 मामले और 208 मौतें दर्ज की गई थीं। कांगो में एमपॉक्स के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। पिछले साल, रिपोर्ट किए गए मामलों में काफी वृद्धि हुई और इस साल अब तक दर्ज किए गए मामलों की संख्या पिछले साल की कुल संख्या से अधिक हो गई है, जिसमें 15, 600 से अधिक मामले और 537 मौतें शामिल हैं। 2022 में अंतर्राष्ट्रीय चिंता से जुड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किए जाने के बाद से भारत में 30 मामले सामने आए। एमपॉक्स का आखिरी मामला मार्च 2024 में पता चला था। एमपॉक्स की पहचान पहली बार 1950 के दशक में अनुसंधान प्रयोगशालाओं में बंदरों में की गई थी, इंसान में इसका पहला मामला 1970 में ही पता चला था। डर यह है कि यह वायरस विकसित हो सकता है।

यह वायरस श्वसन संक्रमण विकसित कर सकता है और घातक हो सकता है। इसे रोकने का सबसे अच्छा तरीका संक्रमण की संख्या को कम करना, इसे वर्तमान भौगोलिक क्षेत्र में सीमित रखना और धीरे-धीरे इसे खत्म करना है। विशेषज्ञों के मुताबिक भारत को एमपॉक्स वायरस को समझने के लिए जीनोमिक निगरानी पर फोकस करना चाहिए और इसके प्रसार को रोकने के तरीके विकसित करने चाहिए। इससे पहले कि यह प्रकोप तेजी से पश्चिमी देशों और अन्य स्थानों पर फैल जाए, हमें प्रकोप को दबाने और सामूहिक प्रतिरक्षा में सुधार करने की आवश्यकता है। एमपॉक्स वायरस की रोकथाम में मामलों का तेजी से पता लगाना महत्वपूर्ण है। वायरल प्रकोप को रोकने के लिए दुनिया को एकजुट और सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है।

# जन विज्ञान लेखन में मीमांसा और विमर्श का अभाव



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

नई स्थितियों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं, अन्वेषण और डिस्कवरीज को जो नाम विदेशियों ने अपनी कल्चरल और भाषायी विरासत के हिसाब से दिए, उन्हें भारत की भाषायी विरासत के अनुसार हम देखें और मौजूदा सूत्रों के अनुसार नए, समानार्थी शब्दों को गढ़ कर काम चला पाएं, ऐसी कोशिश भी हमने की है।

देवीप्रसाद चट्टोपाध्याय की मानक किताब -स्टडीज इन द हिस्ट्री ऑफ़ साइंस इन इंडिया के अध्ययन से यह ज्ञात होता है सन 1875 से पहले वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में नवीन गतिविधि का विकास भारत में सदियों तक बाधित रहा। वैज्ञानिक शोध और विकास (आरएंडडी) में निरंतरता का ह्रास के अलावा नई चुनौतियों के समाधान तलाशने हेतु देश के प्रबुद्ध लोगों द्वारा शोध अध्ययन नहीं किए जाएंगे, नए ज्ञान का सृजन नहीं होगा, और इन नई स्थितियों का सामना करते हुए, नई खोज या नई क्रियाओं और अन्वेषण से प्राप्त परिणाम, नए ज्ञात हुए पदार्थ, नई प्रक्रियाओं के लिए नाम नहीं सोचे जाएंगे तो नए शब्द कैसे बनेंगे? विज्ञान शोध साहित्य में जिन सहस्रों नए नामों का जन्म पश्चिम के देशों में हुआ और ज्ञान संकलन की एक पद्धति अर्थात इनफार्मेशन कैटेलॉगिंग हुई इन्हें ही हम अब इस्तेमाल करने के लिए बाध्य हैं। विधाओं का पश्चिम के शैली में वैश्विक-मानकीकरण करने से देशज और स्थानीय नाम हम इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। भारत के मनीषियों द्वारा वैज्ञानिक शब्दों के संकलन और प्रक्रियाओं की कैटेलॉगिंग का काम तेरहवीं सदी के बाद रुक गया। यह काम पहले भी और आज भी संस्कृति निष्ठ, अर्थात कल्चर-स्पेसिफिक रहा है।

भारत में विज्ञान और टेक्नोलॉजी में पिछले बीस साल में हुए शोध कार्य की मात्रा, गुणवत्ता, फंडिंग का स्केल, स्कोप और गति चकित करती है। भारत के वैज्ञानिकों द्वारा प्रकाशित किए गए शोध पर्चों के विषयों की विविधता और इनकी विशाल संख्या इसकी पुष्टि करती है। केवल मेडिकल रिसर्च के फील्ड में भारत के विज्ञानियों ने सन 1999 से 2008 की अवधि में 65,745 शोध पर्चों का प्रकाशन किया था। शोधकार्य का मौलिक संप्रेषण सर्वाधिक अंग्रेजी भाषा में होता है लेकिन इस विशाल गतिविधि और इससे मिलने वाले परिणामों को भारतीय भाषाओं के जरिये आमजन से हम शेयर करने का जब भी जतन करते हैं, तब भारतीय भाषाओं के मंच पर हमें कुछ नए शब्द मिलते हैं। इन शब्दों के मिजाज़ को इनके इस्तेमाल से ही महसूस किया जा सकता है। हमारे साइंटिस्ट विदेशी और स्वदेशी प्रकाशनों में

> भारत में विज्ञान और टेक्नोलॉजी में पिछले बीस साल में हुए शोध कार्य की मात्रा, गुणवत्ता, फंडिंग का स्केल, स्कोप और गति चकित करती है। भारत के वैज्ञानिकों द्वारा प्रकाशित किए गए शोध पर्चों के विषयों की विविधता और इनकी विशाल संख्या इसकी पुष्टि करती है।

जितनी संख्या में शोध प्रकाशन करते हैं, पॉपुलर शैली में इसके इस्तेमाल की परसेंटेज एक प्रतिशत भी नहीं। जितना हो पा रहा है, उसकी लिंग्विस्टिक स्टडीज पर भी ध्यान नहीं है। इस बारे में ब्रिटिश एसोसिएशन फॉर दएडवांसमेंट ऑफ़ साइंस के पिछले 200 साल के रिकाड्र्स चकित करते हैं। पश्चिम की भाषाओं में गढ़े गए शब्दों को अपनी कल्चरल बैकग्राउंड में जब भी हम देखते हैं तो नए शब्द सूझते भी हैं और नहीं भी।


नई स्थितियों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं, अन्वेषण और डिस्कवरीज को जो नाम विदेशियों ने अपनी कल्चरल और भाषायी विरासत के हिसाब से दिए, उन्हें भारत की भाषायी विरासत के अनुसार हम देखें और मौजूदा सूत्रों के अनुसार नए, समानार्थी शब्दों को गढ़ कर काम चला पाएं, ऐसी कोशिश भी हमने की है। आधुनिक विज्ञान में शोधकार्य की स्पीड बहुत है और हम कुछ भी करके एक शब्दावली गढ़ लें, नए शब्दों की जरूरत महसूस होने पर आईएनएस संकलन का नया प्रकाशन निकालना ही पड़ता है। अंग्रेजी से वर्नाक्युलर में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली पहली बार सन 1906 में बनाई गई और दूसरी बार भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की पहल पर सन 1955 में ए कॉम्प्रेहेंसिव इंग्लिश-हिंदी डिक्शनरी ऑफ़ गवर्नमेंटल एंड एजुकेशनल वड्र्स एंड फ्रेजेज़, डॉ. रघुबीरा की रहनुमाई में तैयार की गई थी। इसमें 19 वैज्ञानिक विधाओं से संबंधित शब्दावली एक थिसारस की तरह दी गई। वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग की सन 1961 में स्थापना होने के बाद तीसरी बार दो खंडों में डिक्शनरी ऑफ़ साइंटिफिक एंड टेक्निकल टर्म्स का प्रकाशन हिंदी भाषा और वर्नाक्युलर में किया किया है। अनुभव है कि इसमें दिए गए शब्दों के मीडिया में इस्तेमाल से लेख बोझिल और समझ से परे हो जाता है। वैज्ञानिक लेखन के क्षेत्र में हिंदी भाषा में लोकरुचि शैली के टेक्स्ट के प्रति रुचि बनाए रखने और इसके निहितार्थों को समझने के लिए लोकभाषा में शब्दों की तलाश हमें करनी चाहिए।

इस माने में डॉ.रमेश दत्त शर्मा, बृजमोहन गुप्त, डॉ.जगदीप सक्सेना और डॉ.अरविन्द मिश्र के सराहनीय पर्यास रहे। इनकी लिखी हुई विज्ञान कथाओं और लेखों की समीक्षा करने से भाषा में नवनीत प्रयोग, वर्तनी और गठन के सामर्थ्य के बारे में हम परिचित हो सकते हैं। जर्नलिज्म और मास-कम्युनिकेशन स्कूल्स में भाषा को लेकर कुछ खास नहीं बताया-सिखाया जाता। भारत में वर्नाक्युलर जर्नलिज्म पर किए गए अनेक समीक्षात्मक अध्ययनों में भाषा कौशल संबंधी टिप्पणियां देखने को नहीं मिलती हैं। इन अध्ययनों के जरिये हम विशुद्ध विज्ञान और लोकशैली में वैज्ञानिक लेखन की लिस्टिंग तो ऑथर इंडेक्स के रूप में करते रहे हैं, परन्तु सब्जेक्ट इंडेक्स का गठन अभी तक विचाराधीन ही है। मूल टेक्स्ट समेत ऐसे कैटेलॉग्स या बिब्लियोमीट्रिक स्टडीज उपलब्ध नहीं हैं जिनसे संदर्भ लेकर गहराई से भाषाई दृष्टिकोण (लैंग्वेज एंड लिंगुस्टिक स्टडीज) से आमजन के लिए विज्ञान लेखन के बारे में अध्ययन किए जा सकें। उदाहरण के लिए एस्ट्रोनॉमी, एस्ट्रोफिजिक्स, एस्ट्रोबायोलॉजी और एस्ट्रोकेमिस्ट्री के टर्म्स को वर्नाक्युलर में भारतीय एस्ट्रोनॉमी और ज्योतिष के अध्ययन के बावजूद सटीकता से अभिव्यक्त करना चुनौतीपूर्ण है। 'स्टार-राउंड क्लस्टर' के लिए तारों का समूह लिखने से भी वह आशय स्पष्ट नहीं होता जो सर्वथा उपयुक्त है जैसे कि गोलाकृति में तारा-गुच्छ। शब्द की अंतरात्मा और मिजाज़ की अभिव्यक्ति को समग्र रूप में समझने के लिए शब्द समूह हम बना सकते हैं। 'गहन अंतरिक्ष' से 'डीप स्पेस' का आशय स्पष्ट नहीं होता लेकिन ब्रह्माण्ड शब्द कब और क्यों इस्तेमाल करना चाहिए, यह वर्तनी और स्थिति पर निर्भर है जिसके बारे में लेखक एलर्ट नहीं रहते। गैलेक्सीज, कांस्टलेशंस, गैस क्लाउड, ब्लैक होल, न्युट्रान स्टार, सोलर एकॉउस्टिक्स, रेडिएशन बस्ट्र्स आदि शब्दों के समानार्थी शब्द इंडियन वर्नाक्युलर में मौजूद नहीं हैं। खगोल विषय के ज्यादातर लेखक सभी किस्म की गैलेक्सीज को आकाशगंगा ही लिखते हैं जबकि आकाशगंगा वही एक है जिसमें पृथ्वी और हमारा तारा 'सूर्य' और अन्य सात ग्रह मौजूद हैं। सभी तारे सूर्य नहीं हैं। भावार्थ प्रकट करने से भी निहितार्थ स्पष्ट नहीं होता क्योंकि ब्रह्मांड में मौजूद पदार्थ की भौतिक और रासायनिक संरचना अत्यधिक तेज़ी से बदलती रहती है।

भारतीय मानस में विज्ञान के प्रति समझ में इजाफा करने तक ही बात सीमित नहीं है। बल्कि नई पीढ़ी के विज्ञान संचारकों और पत्रकारों को साइंस कम्युनिकेशन में दक्ष बनाने की भी है। इसके लिए भारत सरकार के विज्ञान और टेक्नोलॉजी मंत्रालयों के संरक्षण में काम करने वाली अनेक एजेंसीज अपने स्तर पर दूसरी पंचवर्षीय योजना के समय से ही काम करती रही है। फिर भी वर्नाक्युलर भाषाओं में उस स्तर तक की दक्षता का अभाव बना हुआ है जैसे प्रयास की झलक अमरीका और ब्रिटेन के बारे में जर्नल ऑफ़ थे रॉयल सोसाइटी ऑफ़ मेडिसिन की वॉल्यूम 96 के अक्टूबर सन 2003 के अंक में प्रकाशित लेख वाट शुड द सिटीजन नो अबाउट साइंस से मालूम पड़ती है। भारत में इस बारे में उन पर्चों में स्थिति का आकलन किया गया जो एक समय नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड स्टडीज के इनफार्मेशन साइंटिस्ट्स इंडियन जर्नल ऑफ़ साइंस कम्युनिकेशन के 37 अंकों में प्रकाशित हुए। वर्षों के प्रयास के बावजूद देखने में आता है कि हिंदी में विज्ञान लेखन में क्वांटिटेटिव वृद्धि के बावजूद भाषा की वर्तनी, शब्द चुनाव और टेक्स्ट में प्रवाह के अंदाज़ में कई तरह की कमी बनी हुई है। मीमांसा और विमर्श का अंदाज़, अर्थात स्टाइल ऑफ़ क्रिटिकल एग्जामिनेशन एंड डिस्कशन, इसमें शुमार नहीं है। भारत में जनविज्ञान लेखन शैली में सांस्कृतिक प्रभाव के कारण शास्त्रार्थ प्रभाव नहीं है।

## प्रसंगवश

# दुनिया की पहली तस्वीर





ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

दृश्यों और चेहरों के यांत्रिक अंकन से शुरू फोटोग्राफी आज एक ऐसी कला का रूप ले चुकी है जिसमें कैमरे के एक क्लिक से भावनाओं का विशाल संसार रचा जा सकता है। हाथ में कैमरा पकड़े व्यक्ति के भीतर अगर संवेदना और अंतर्दृष्टि है तो वह एक तस्वीर से वह इतना कुछ कह जा सकता है जो एक महाकाव्य या उपन्यास के विस्तार में भी कहना संभव नहीं है। विश्व फोटोग्राफी दिवस के दिन यह जानना दिलचस्प होगा कि दुनिया की सबसे पहली तस्वीर वर्ष 1826 में खींची गई थी। डामर की काली प्लेट पर लिए गए उस फोटो को खींचने में आठ घंटे और तैयार करने में छह साल लगे थे। तस्वीर को खींचने का श्रेय जाता है फ्रांस के आविष्कारक जोसेफ नाइसफोर और उनके मित्र लुइस डॉगेर को।

आमतौर पर फोटो खींचते समय हमें यह पता होता है कि हमें किस दृश्य को किस एंगल से कैप्चर करना है, लेकिन इस पहली तस्वीर के साथ ऐसा नहीं था। अपने घर की पहली मंजिल की खिड़की के पास खड़े होकर जोसेफ से अचानक ही एक तस्वीर कैप्चर हो गई जिसमें खिड़की के बाहर का एक दृश्य था। यह पल इतिहास में दर्ज हुआ और दुनिया की इस पहली तस्वीर को 'व्यू फ्राम द विंडो एट ले ग्रास" का नाम दिया गया। इस तस्वीर को 13 साल बाद 19अगस्त 1839 को फ्रांस की सरकार द्वारा मान्यता दी गई और बिना किसी कॉपीराइट के इस कला को दुनिया को उपहार के रूप में समर्पित करने का फैसला लिया गया। उसी दिन की स्मृति में हर साल 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस के तौर पर मनाए जाने का सिलसिला शुरू हुआ। सभी फोटोग्राफर और फोटोग्राफी की कला के प्रशंसक मित्रों को बधाई दुनिया की उस पहली तस्वीर के साथ।

# आर्थिक लूट का नया तरीका डिजिटल अरेस्ट



अनूप शुक्ल
कानपुर

> हमको लगता है कि पूरी दुनिया आज इंटरनेट में सिमट गई है। लोग इंटरनेट के इतने आदी हो गए हैं कि बिना नेट के बेचैन होने लगते हैं।

मेरे पास एक संदेश आया कि क्या आप कोई जॉब खोज रहे हैं? हमने लिखा नहीं। फिर आफ़र आया कि अगर चाहें तो 203 रुपए प्रतिदिन से शुरू करके और भी कमा सकते हैं। 203 रुपया प्रतिदिन मतलब एक अकुशल श्रमिक की दिहाड़ी का लगभग एक चौथाई। हमने फिर मना किया। उसने फिर कहा- 'सोच लो। अभी काम लग रहा मामला लेकिन आगे और बढ़ेगा पैसा।' संदेश देने वाला अपने को गूगल का भारत का एचआर बता रहा था। हमको लगा कि बताओ गूगल वाले इतना चिल्लर काम बांट रहे हैं। लगा कि गूगल ने भी कोई लाड़ले भैया स्कीम लांच की है।

इससे आगे बात नहीं की। हमको लगा कि और बात की तो आगे के मैसेज में कोई लिंक आएगा। उस पर क्लिक करके काम ज्वाइन करने को बताया जा जाएगा। जैसे ही क्लिक किया वैसे ही हमारा काम लग जाएगा। हमारे पैसे कहीं और चले जाएंगे। हमने नंबर ब्लाक किया और दूसरे काम में लग गए।

लिंक करके पैसे लूटने का तरीक़ा तो पुराना है। ओटीपी पूछकर खाता ख़ाली करना भी चलन में हैं। इसके चलते आनलाइन सामान ख़रीदने में डर लगने लगा है। हाल ही में इनकम टैक्स रिफ़ंड के लिए लिंक क्लिक करा के पैसे लूटने के किस्से भी सुनने में आए हैं। इधर एक और नया तरीक़ा पता चला- डिजिटल अरेस्ट। डिजिटल अरेस्ट के तरीक़े से पिछले दिनों एसजीपीजीआई, लखनऊ की एसोसिएट प्रोफेसर के साथ साइबर फ्रॉड हुआ और इनसे 2.81 करोड़ रुपये का स्कैम किया गया। उनके पास फ़ोन आया कि उनके खाते से ऐसे लेनदेन हुए हैं जो आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। उनसे कहा गया कि उनके खाते की जांच हो रही है। उनके खाते के सारे विवरण ले लिए गए। यह भी कहा गया कि वे इस बारे में किसी को बताएं नहीं अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। वे झांसे में आ गईं और उनके खाते से 2.81 करोड़ रुपए निकाल लिए गए। उन्होंने बाद में पुलिस को रिपोर्ट कराई। उन्होंने जिस तरह घटना का बयान किया उससे लगा कि वे उन लोगों के सामने एक आज्ञाकारी बालक की तरह फ्रॉड करने वालों के आदेश का पालन करतीं गईं। लुटती गईं।

इस घटना के कुछ दिन पहले लखनऊ के ही प्रसिद्ध कवि नरेश सक्सेना जी को डिजिटली अरेस्ट किया गया। लूटने की कोशिश करने वालों ने उनको भला इंसान बताया गया। उनसे उनकी कविताएं भी सुनी गईं। नरेश सक्सेना जी की डिजिटल अरेस्ट का क़िस्सा काफ़ी चर्चा में रहा था। अख़बारों में भी आया था। शायद पढ़ नहीं पाईं होंगी एसजीपीजीआई की प्रोफ़ेसर साहिबा। पढ़ती तो लूटने से बच जातीं। इससे यह भी पता चलता है कि पुलिस से कितना डर है अपने यहां लोगों में।

डिजिटल अरेस्ट आर्थिक लूट का नया तरीक़ा है। किसी को डरा-धमका कर उससे पैसे लूट लिया। यह भी तभी संभव है जब पैसे ट्रांसफ़र करना आनलाइन संभव हो। पैसे की लूट तो बचाई जा सकती है सावधान रहकर। लेकिन एक और तरह की डिजिटल अरेस्ट में हम फंसे हुए हैं। दिन रात जब मौक़ा मिले तब हम मोबाइल इंटरनेट की दुनिया में टहलते रहते हैं। मौक़ा न मिले तो भी निकाला जाता है। स्वयं डिजिटल गिरफ्तारी के लिए खुद को पेश करते रहते हैं। इस डिजिटल अरेस्ट के तमाम स्वरूप हैं। कोई सोशल मीडिया में लगा है, कोई रील बना रहा है, कोई सिनेमा देख रहा है, कोई बतिया रहा है, किसी को यूट्यूब की लत लगी है, कोई ब्रेकिंग न्यूज़ देखने में जुटा है। देश के देश इस डिजिटल ग़ुलामी में जुटे हुए हैं।

हमको लगता है कि पूरी दुनिया आज इंटरनेट में सिमट गई है। लोग इंटरनेट के इतने आदी हो गए हैं कि बिना नेट के बेचैन होने लगते हैं। और कुछ आए न आए नेटवर्क आना चाहिए। कहीं पहुंचने पर सबसे पहले पूछे जाने वाले सवालों में 'वाईफ़ाई का पासवर्ड' होता है। जिन लोगों को काम नहीं मिल रहा वे नेट पर जुटे हैं। सरकार के समर्थन या विरोध में नारे लगा रहा हैं। 'समय बिताने के लिए करना है कुछ काम/शुरू करो नेटबाज़ी लेकर नेता जी का नाम'। घर में नहीं आटा मांग रहे हैं डाटा वाले हाल बने हुए हैं।

इंटरनेट की अधिकतर सेवा प्रदाता कंपनियां अमेरिका में हैं। पूरी दुनिया को ये कम्पनियां अपनी गिरफ्त में लिए हुए हैं। पूरी दुनिया को 'डिजिटली अरेस्ट' किए हैं। अपन को भी इस गिरफ्तारी में मज़ा आ रहा है। डिजिटल ग़ुलामी में जब मज़ा रहा तो इससे छुटकारे की कौन सोचे? डिजिटल दुनिया जग़र-मगर की दुनिया है। इसके चुंगल से बचना आसान नहीं।

## सोशल फोरम

# लोकजीवन की त्रासदी



स्वप्निल श्रीवास्तव
फैजाबाद

लोकजीवन में तेजी से बदलाव हो रहा। वे मोहक नहीं रह गए हैं। जबसे लोकजीवन में पूंजी और सरकारी योजनाओं का प्रवेश हुआ है। लोगों के बीच समरसता और भाई चारा गायब हो गया है। गांवों में कई गोल बन गए हैं। सरकारी योजनाओं का बहुत कम लाभ मजलूमों को उससे ज्यादा दबंग लोगों को मिल रहा है। उनकी कोई जांच नहीं हो रही है। इस लूट से फर्श से अर्श के लोग शामिल हैं। गांवों का शहरीकरण हो रहा है। जो चीजें शहरों में मिलती थी वे यहां उपलब्ध हैं। मांस मदिरा, फास्ट फूड और नशे यहां आसानी से मिल जाते हैं। युवा पीढ़ी तेजी से बर्बाद हो रही है। इस स्तर को कायम करने के लिए जमीनें और बाग बगीचे बिक रहे हैं। जो मुंह में चांदी के चम्मच के साथ पैदा हुए थे। वे बेरोजगारी की सजा भुगत रहे हैं।

हमारे गांव में प्रतिभाशाली लोग पैदा हुए थे। वे अब शहरों में आबाद है। जब तक उनके माता पिता थे तो तीज त्योहार में आ जाते थे। अब साल दो साल में गांव का मुआयना करने आ जाते हैं। उनके बच्चे तो झांकने नहीं आते। हमारे जैसे कुछ लोग अपनी स्मृतियों को दोहराने आते हैं। गांवों में दर्जनों मकानों पर ताले लगे हुए। वहां झाड़ झंखाड़ उग आए हैं। किले की तरह बने हुए मकानों की दीवारें ढह रही हैं। खेती बटाई पर दे दी गई है।

गांव में मजदूर नहीं मिलते है। मजदूरों के बच्चों में जैसे ही रेख आ जाती है। वे दुबई, मुंबई, गुजरात और पंजाब कमाने चले जाते हैं और घर पर अच्छी रकम भेजते हैं। उनकी झोपड़ी पक्के मकानों में बदल रही है। ये मजदूर आपने मालिकों की जमीनें खरीद रहे हैं। शहर में रहने वाले लोग जैसे बूढ़े होने लगते हैं उसे वे अपनी जमीन उन मजदूरों के बच्चों को बेचते हैं जो उनके यहां मजदूरी करते थे। वे जानते हैं कि उनके बच्चे इस जमीन को बेचने नहीं आएंगे और जमीन उनके हाथ से निकल जाएगी।

लोकजीवन के ये बदलाव हमारे साहित्य में नही दर्ज नही हो रहे हैं। जब तक हम गांवों की दुर्दशा से परिचित नहीं होंगे लिखना बेमानी होंगी। यह याद रखना चाहिए कि हमारे गांव प्रेमचंद और रेणु के जमाने के गांव नहीं रह गए हैं। उनके अनुभव बेहद त्रासद हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# नारी सम्मान और सुरक्षा दैनिक जीवन और सोच का हिस्सा बने



समीक्षा मनराल
रामनगर (नैनीताल)

कोलकाता में हाल ही में डाक्टर के साथ भयावह बलात्कार और हत्या की हालिया घटना ने पूरे देश को हिला कर रख दिया। यह घटना और भी शर्मनाक हो जाती है जब हम जानें कि पीड़िता एक डॉक्टर थी, जो अपनी ड्यूटी पर तैनात थी। इस कायरता भरे कृत्य ने न केवल उसकी जिंदगी छीन ली, बल्कि समाज के उस चेहरे को भी उजागर किया जो नारी की सुरक्षा को लेकर असंवेदनशील है।

इसके कुछ ही समय बाद उत्तराखंड में भी एक दर्दनाक घटना घटी, जहां एक नर्स को दरिंदगी का शिकार बनाया गया। इन घटनाओं ने हर नारी के मन में सुरक्षा और सम्मान के सवालों को फिर से जगा दिया है। ये घटनाएं एक के बाद एक, न केवल उन निर्दोष लड़कियों के जीवन को तहस-नहस करती है, बल्कि समाज के प्रति हर लड़की की आत्म-छवि को भी गहरे से प्रभावित करती है और समाज की उस गहरी खाई को उजागर करती हैं, जहां एक नारी की सुरक्षा और सम्मान की धज्जियां उड़ाई जाती हैं।

इन घटनाओं से यह सवाल उठता है कि हमारे देश का ये कैसा कानून है, जो इन दरिंदों को जीने का हक दे सकता है? एक निर्दोष को दर्दनाक मौत के घाट उतारने के बाद, ये अपराधी कैसे अपनी ज़िंदगी जी सकते हैं? क्या हमारी न्याय प्रणाली इतनी कमज़ोर है कि वह ऐसे हैवानों को फौरन सजा नहीं दे सकती? एक लड़की के नज़रिए से, ये घटनाएं आत्म-संवेदन और आत्म-सम्मान पर एक गहरा आघात हैं। वह खुद से पूछती है: क्या मैं इस समाज में सुरक्षित हूं? क्या मेरे सपनों का कोई मूल्य है? क्या मेरा जीवन सिर्फ डर और असुरक्षा के साए में जीने के लिए है?

यह घटनाएं हमारे समाज का कड़वा सच सामने लाती हैं-जहां लड़कियों को अब भी खतरे में जीने के लिए मजबूर किया जाता है। आत्म-स्वाभिमान और सुरक्षा की जो सहज चाहत एक लड़की के दिल में होती है, उसे यह समाज बार-बार नज़रअंदाज़ कर देता है।

कोलकाता और उत्तराखंड की घटनाएं हमारे समाज की गहरी सच्चाई की ओर इशारा करती हैं। यह केवल दो घटनाएं नहीं हैं, ऐसी कई घटनाएं हर दिन इस देश में होती हैं, जहां महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की धज्जियां उड़ाई जाती हैं। नारी के चरित्र पर दाग लगाए जाते हैं और उसे हर दिन उत्पीड़ित किया जाता है। इन कृत्यों का अधिकांश भाग उजागर भी नहीं हो पाता और समाज की जागरूकता की कमी के कारण बहुत सी घटनाएं अनकही रह जाती हैं।

यहां बात सिर्फ दो घटनाओं की नहीं है, बल्कि हर दिन महिलाओं के खिलाफ होने वाले अन्याय और हिंसा की है। समाज में महिला के प्रति असंवेदनशीलता और




हिंसा का यह सिलसिला अब भी जारी है, और इसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

सवाल यह है कि जब हम देश भर में धर्म और मजहब के नाम पर लड़ाइयां लड़ते हैं, तब इंसानियत की लड़ाई क्यों नहीं लड़ी जाती? क्यों नहीं हम समझते कि धर्मों से परे, इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है? बेटियां तो हर धर्म में होती हैं। एक नारी ही जीवन चक्र को गतिमान रखती है-जन्म देने वाली, पालने वाली, राखी बांधने वाली, घर चलाने वाली और जीवनभर साथ निभाने वाली। यदि हर व्यक्ति की अस्तित्व की आधारशिला एक नारी है, तो फिर उस नारी के अस्तित्व की रक्षा क्यों नहीं की जाती? हमारा समाज, जो खुद को सभ्य और प्रगतिशील मानता है, वह अभी भी महिलाओं के प्रति अपनी सोच और व्यवहार में सुधार की आवश्यकता महसूस करता है। यह समय है कि हम समाज के उन रिवाजों और धारणाओं को चुनौती दें जो नारी के सम्मान और सुरक्षा को मामूली मानती हैं। हमें यह स्वीकार करना होगा कि नारी का सम्मान और सुरक्षा केवल कानूनी प्रावधानों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन और सोच का हिस्सा भी होना चाहिए।

ये घटनाएं न केवल कानून और न्याय व्यवस्था पर सवाल उठाती हैं, बल्कि यह भी दर्शाती हैं कि समाज में एक बड़ा बदलाव आवश्यक है। यह बदलाव केवल महिलाओं की सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि समाज की मानवता और उसके मूल्यों के लिए भी जरूरी है। हमें समाज के हर कोने में नारी की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होना होगा।

हमारी सोच में बदलाव लाना होगा, ताकि हर लड़की को उसके जीवन में सुरक्षा और सम्मान प्राप्त हो सके। यही समय है कि हम अपने समाज की बुनियादी धारणाओं को चुनौती दें और एक ऐसा वातावरण बनाएं, जहां हर नारी को उसका असली मूल्य और सम्मान प्राप्त हो। यह हमारा कर्तव्य है कि हम सभी मिलकर इस बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाएं और सुनिश्चित करें कि समाज का हर अंग इस सच्चाई को स्वीकार करे। यह घटनाएं सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि एक पुकार है हम सभी के लिए कि हम जागें, खड़े हों, और सुनिश्चित करें कि हर लड़की को वह सम्मान और सुरक्षा मिले, जिसकी वह सच्ची हकदार है। समाज का यह आईना हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम वाकई एक सभ्य और सुरक्षित समाज का हिस्सा हैं, या हमें बदलाव की सख्त ज़रूरत है?

# वित्तीय तनाव से जूझ रहे कामगार



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

> वित्तीय तनाव और काम के घंटे बढ़ने का दबाव झेल रहे इन कर्मचारियों और श्रमिकों की आवाज उठाने की जरूरत तो होगी ही।

मुंबई के एक दैनिक में प्रकाशित एक खबर के अनुसार कारखानों फैक्ट्रियों आदि में काम करने वाले कर्मचारियों और श्रमिकों का वेतन बीस हजार रुपए से भी कम है और देश का एक बड़ा कामगार वर्ग वित्तीय तनाव से जूझ रहा है।

जहां एक ओर आईटी सेक्टर में काम करने वालों को अधिक काम के बोझ और अधिक काम के घंटे का दबाव बन रहा है वहीं दूसरी ओर अन्य नौकरियों में मासिक वेतन बीस हजार से कम होने से नई मुसीबत सामने आ रही है। कम वेतन पाने वाला आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित हो रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 57 प्रतिशत से अधिक श्रम प्रधान नौकरियां इसी वेतन मान के तहत आती हैं ऐसे में इन कामगारों के लिए सुविधापूर्वक जीवन निर्वाह करना मुश्किल है

उधर बेंगलुरु के उद्यमियों का कहना है कि फ्रेशर की गुणवत्ता इतनी खराब है कि 20 हजार प्रति माह वेतन भी 'अधिक खर्च' है, कॉग्निजेंट के हालिया ऑफ कैंपस भर्ती अभियान के बाद भारतीय आईटी क्षेत्र में वेतन पर बहस तेज हो गई है जहां कंपनी नए स्नातकों को 2.5 लाख वार्षिक या बीस हजार प्रति माह का वार्षिक पैकेज देने की पेशकश कर रही है। वित्तीय तनाव और काम के घंटे बढ़ने का दबाव झेल रहे इन कर्मचारियों और श्रमिकों की आवाज उठाने की जरूरत तो होगी ही। क्या देश की ट्रेड यूनियंस इस काम को कर सकेंगी, इसका समुचित उत्तर तो आने वाले समय में मिल पाएगा?

# बहना ने भाई की कलाई पर बांधा प्यार

## जिले में धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन का पावन पर्व, बच्चों में दिखा उत्साह, भाई की लंबी उम्र की कामना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** ऊधमसिंह नगर जनपद में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर बच्चों के साथ ही महिलाओं और बुजुर्गों में काफी उत्साह नजर आया। वहीं बहनों ने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की तो भाइयों ने भी रक्षा का वचन दिया।

सोमवार को रक्षाबंधन पर्व पर राखी बांधने का शुभ मुहूर्त 1:30 बजे के बाद था। इस कारण लोगों ने तय समय के बाद ही राखी बांधी। वही रक्षाबंधन को लेकर सुबह से ही घरों में तरह-तरह के पकवान बनने शुरू हो गए थे। सुबह स्नान के बाद महिलाओं ने पहले घरों में बने मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद मंदिरों में पूजा अर्चना की और परिवार की खुशहाली के लिए कामना की।

वहीं राखी बांधने का शुभ मुहूर्त आते ही बच्चों में खुशी का माहौल दिखा। बहनों ने भाई की पूजा अर्चना कर और तिलक लगाकर कलाई में प्यार की डोर बांधी तो भाइयों ने भी बहनों को जिंदगी भर रक्षा का वचन दिया और पकवान खिलाकर मुंह मीठा किया। यह सिलसिला देर सांय तक चलता रहा। इस दौरान भाइयों ने बहनों को उपहार भी भेंट किए।

**बाजपुर।** भाई-बहन के स्नेह व प्रेम के अटूट बंधन का पर्व रक्षाबंधन क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जनजाति समाज में स्वयं निर्मित राखियां भाइयों की कलाई पर सजाई गईं। वहीं कुछ जगह पेड़ों को राखी बांध पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया गया।

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी एवं बिंदुखत्ता क्षेत्र में भाई-बहन के पवित्र प्रेम का पर्व रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया।


रुद्रपुर में भाई को राखी बांधने के बाद मिठाई खिलाती बहन। ● अमृत विचार


शांतिपुरी के गांधीनगर में भाई की आरती उतारती बहन रितिका।


काशीपुर में रक्षाबंधन पर्व पर भाई को राखी बांधती बहन।


बाजपुर में भाई को राखी बांधती बहन।

रक्षाबंधन पर जहां बाजारों में तरह-तरह के फल, मिष्ठान एवं राखी की दुकानें सजाई गयी तो वहीं खरीदारों की भीड़ से बाजार भी गुलजार दिखाई दिए।

**किच्छा।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में राखी का त्योहार हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वस्थ रहने तथा दीर्घायु होने की कामना की। छोटे-छोटे बच्चों ने रक्षाबंधन का त्योहार मनाते हुए एक दूसरे को उपहार भेंट किया।

# सुबह बाजार में भीड़, दोपहर बाद सन्नाटा

- बाजार में पुलिस सुरक्षा नहीं होने पर व्यापारियों ने जताई नाराजगी
- डीएम और एसएसपी से करेंगे मुलाकात

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सोमवार को राखी बांधने का शुभ मुहूर्त दोपहर बाद होने के कारण बाजार में काफी भीड़ नजर आई। हालांकि यह भीड़ मिठाई की दुकान, कपड़े ज्वैलरी आदि की दुकानों में दिखाई दी, जबकि सोमवार को साप्ताहिक बंदी के चलते अधिकांश बाजार बंद रहा।

लोगों ने सोमवार को रक्षाबंधन के चलते रविवार के दिन ही राखी, कपड़े, ज्वैलरी और अन्य सामानों की खरीदारी कर ली थी। रविवार को दोपहर के बाद मुख्य बाजार में लोगों की काफी भीड़ नजर आई थी। इससे कारोबारियों के चेहरे भी खिले नजर आए। सोमवार को भी इन दुकानों में लोगों ने जमकर खरीदारी की। हालांकि इस बार नगर निगम प्रशासन ने वाहनों की पार्किंग के लिए गांधी पार्क में जगह तय की थी। इस कारण लोगों ने अपने वाहन पार्क में ही खड़े किए। इससे मुख्य बाजार में त्योहार आदि के समय में लगने वाले जाम से व्यापारियों ने राहत की सांस ली। वहीं व्यापारियों ने रविवार को मुख्य बाजार में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से कोई इंतजाम नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि रक्षाबंधन के साथ ही अब त्योहार शुरू हो जाएंगे। ऐसे में पुलिस प्रशासन के द्वारा बाजार में किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था नहीं करना व्यापारी और आम जनता के हित में ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि शहर में आए दिन चेन लूट समेत अन्य घटनाएं हो रही हैं। इसे देखते हुए बाजार में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि इसको लेकर व्यापारी जल्द ही एसएसपी और जिलाधिकारी से मुलाकात करेंगे और समस्या रखेंगे।


काशीपुर में रोडवेज बस स्टेशन पर लगी भीड़।


दिनेशपुर में संच दिनेशपुर अध्यक्ष तरुण कुमार सिंह को राखी बांधती बहनें।

# एकल अभियान के तहत बहनों ने बांधे रक्षा सूत्र

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** एकल अभियान के तहत एकल विद्यालय की बहनों ने एकल अभियान संभाग अध्यक्ष हरीश बजाज व संच दिनेशपुर अध्यक्ष तरुण कुमार सिंह को तिलक लगाकर रक्षासूत्र बांधकर मिठाई खिलाकर अभियान की शुरुआत की। तत्पश्चात बहनों ने निर्धन परिवारों के बच्चों के घर-घर जाकर राखी बांधकर मिष्ठान वितरण किया।

सोमवार को एकल अभियान के तहत एकल विद्यालय की बहनों ने रक्षाबंधन पर्व पर निर्धन परिवारों के बच्चों के घर-घर जाकर राखी बांधकर मिष्ठान वितरण किया। उन्होंने समाज में बढ़ रही कुरीतियों को दूर करने के लिए निर्धन परिवारों के घर- घर जाकर बच्चों को पढ़ाने की अलख जलाई। कई परिवारों के बच्चों ने एकल विद्यालय में पढ़ने की जिज्ञासा रखी। इस दौरान बहनों ने थाने में थानाध्यक्ष व अधिकारियों सहित सिपाहियों को भी राखी बांधकर मिठाई खिलाई। इस मौके पर एकल अभियान में महिला समिति संच दिनेशपुर अध्यक्ष सीमा सरकार, दीपिका विश्वास, गीता मंडल, नयनतारा, ज्योतिका बाला, मोनिका, उत्तम सरकार मौजूद रहे।


किच्छा में रक्षाबंधन का त्योहार मनाते बच्चे। ● अमृत विचार

# जसपुर में बसों में भीड़, एटीएम बंद

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** रक्षाबंधन पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखियां बांधी और उनकी दीर्घायु की कामना की। समीपवर्ती नगर पंचायत महुआडाबरा, गांव सन्यासियों वाला, सूरजपुर, दादू वाला, गोरा फार्म, नारायणपुर, गोविंदपुर, भवानीपुर, कालिया वाला, कल्याणपुर, मेघा वाला, बढ़ियों वाला, निजामगढ़, पतरामपुर, भोगपुर डाम, हजीरो, खाली पार पट्टी, रामनगर वन आदि गांवों में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। इस दौरान बसों में काफी भीड़ देखी गई।

नगर के सुभाष चौक व पृथ्वीराज चौहान चौक प्राइवेट बस स्टैंडों पर कुछ रोडवेज बसें बिना रुके ही चली गईं। यात्री बसें रुकवाने के लिए पीछे दौड़ते देखे गए।

उधर, विभिन्न बैंकों के एटीएम भी जवाब दे गए। कई एटीएम बंद पाए गए। जो एटीएम खुले थे, वे तकनीकी खराबी होने के कारण खराब थे। इसके कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।


जसपुर में बस रुकवाने का प्रयास करते यात्री।



जसपुर में अगल-बगल बंद पड़े दो बैंकों के एटीएम। ● अमृत विचार


रुद्रपुर में रोडवेज बस में सीट पाने के लिए जद्दोजहद करते यात्री। ● अमृत विचार

## रक्षा बंधन पर रुद्रपुर में रोडवेज स्टेशन पर उमड़ी यात्रियों की भीड़

रुद्रपुर : रक्षा बंधन के पर्व पर रोडवेज स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। बरेली मार्ग पर यात्रियों की अधिक भीड़ रही। इस दौरान महिलाओं ने भी रोडवेज बसों में मुफ्त सफर का लाभ उठाया। वहीं विगत दिवस डिपो प्रबंधन की आय लक्ष्य के सापेक्ष चार लाख रुपये अधिक हुई। इससे डिपो प्रबंधन ने राहत की सांस ली है। सोमवार को रक्षाबंधन पर्व के चलते सुबह से ही रोडवेज स्टेशन पर यात्रियों की उमड़नी शुरू हो गई थी। भीड़ का यह सिलसिला दोपहर बाद तक जारी रहा। इस दौरान बरेली, टनकपुर काशीपुर, हल्द्वानी समेत विभिन्न मार्गों पर यात्रियों की काफी भीड़ देखी गई। वहीं महिलाओं ने भी रक्षाबंधन पर्व पर रोडवेज बसों में मुफ्त सफर का लाभ उठाया। इसी तरह की भीड़ रविवार को भी रही। डिपो प्रबंधन के अनुसार बरेली मार्ग पर भीड़ सबसे अधिक रही। डिपो के सहायक महाप्रबंधक केएस राणा ने बताया कि सोमवार को बरेली, टनकपुर काशीपुर और हल्द्वानी मार्ग पर यात्रियों की काफी भीड़ रही। हालांकि इस दौरान किसी भी यात्री को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने बताया कि रविवार को यात्रियों की भीड़ अधिक होने से डिपो की आय लक्ष्य 13 लाख रुपये से अधिक यानी 17 लाख रुपये हुई।

# टैक्सी चालकों ने वसूला लोगों से मनमाना किराया

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** रक्षाबंधन के त्योहार को लेकर रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की खासी भीड़ नजर आई।

इस दौरान महिलाओं ने उत्तराखंड रोडवेज की बसों में निशुल्क सफर किया। यात्रा के दौरान बसों की संख्या कम होने के चलते अपने गंतव्य तक जाने के लिए वाहनों के लिए यात्री इधर उधर भटकते नजर आए। किच्छा से बहेड़ी (बरेली) रूट पर यात्रियों की संख्या अधिक होने के चलते निजी एवं टैक्सी वाहन चालकों द्वारा अधिक किराया वसूला गया। किच्छा से बहेड़ी मार्ग पर चलने वाले ई-रिक्शा वाहनों की पूरे दिन चांदी रही।

## दिनेशपुर में खूब दिखा रक्षासूत्र का उल्लास

**दिनेशपुर :** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट किए। इधर पार्वतीय समाज के लोगों ने दोपहर बाद ऋषि तर्पण कर जनेऊ धारण किया। पंडितों द्वारा यजमानों के घर- घर जाकर मंगल कामना करते हुए रक्षा कवच बांधे। बाजार में मिठाई, फल, कपड़े व राखी की दुकानों पर सुबह से ही खरीदारी करने वालों की भीड़ रही। नगर के अलावा चक्कीमोड़, खटोला, मदनापुर, हरिपुरा, चरनपुर, ललपुरी, दलीपनगर, दुर्गापुर, कालीनगर व जाफरपुर में रक्षाबंधन पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। इधर थाने में तैनात थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत व सिपाहियों को भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री कविता नेगी के साथ दर्जनों महिलाओं ने मंगल कामना करते हुए उनकी कलाइयों पर राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया।


दिनेशपुर में भाई को राखी बांधती बहन।

## काशीपुर में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

**काशीपुर।** शहर में रक्षाबंधन को लेकर बच्चों के साथ ही महिलाओं और बुजुर्गों में काफी उत्साह नजर आया। वहीं बहनों ने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की तो भाइयों ने भी रक्षा का वचन दिया। सुबह स्नान के बाद महिलाओं ने पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली के लिए कामना की। इधर रोडवेज बसों में भी महिलाओं ने फ्री में यात्रा कर अपने घर पहुंची और भाईयों को राखी बांधी।

## सार-संक्षेप

### इंद्रजीत मंडल बने दुर्गा पूजा उत्सव कमेटी के अध्यक्ष

**दिनेशपुर :** शारदीय नवरात्र पर दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए दुर्गा पूजा उत्सव कमेटी की नई कमेटी का इंद्रजीत मंडल को अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि उत्सव कमेटी के अध्यक्ष पद के लिए छह सदस्यों ने अपनी दावेदारी ठोकी थी। अंत में संरक्षक कमेटी के निर्णय का सभी सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। रविवार शाम दुर्गा मंदिर परिसर में वरिष्ठ संरक्षक चंद्रकांत मंडल की अध्यक्षता में नई उत्सव कमेटी के गठन पर चर्चा की गई। सर्वप्रथम निवर्तमान अध्यक्ष मनोज राय उर्फ मुन्ना ने वर्ष 23- 24 का आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात पुरानी कमेटी को भंग किया गया। दुर्गा पूजा उत्सव कमेटी अध्यक्ष पद के इंद्रजीत मंडल, शिशिर तरफदार, गोविंद मंडल, दीपांकर राय, दीपक चक्रवर्ती व सोनू मंडल ने अपनी-अपनी दावेदारी पेश की। सर्वसहमति से एक मत न होने पर 24 सदस्यीय संरक्षक मंडल को अध्यक्ष पद का चयन करने की जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान अध्यक्ष पद को लेकर काफी गहमागहमी हुई। अंतिम समय में संरक्षक मंडल ने इंद्रजीत मंडल के नाम पर सहमति दी। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, नपं पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क व पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, कांग्रेस नेत्री ममता हालदार, पूर्व अध्यक्ष विजय मंडल, जिप पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, विकास बैरागी, गोपाल चक्रवर्ती, सरोज मंडल, हिमांशु सरकार, काजल राय, अनादिरंजन मंडल, मृत्युंजय सरकार, प्रोजीत मंडल, तारक बाछाड़, डॉ सुधीर राय, सुनीता मिस्त्री, सत्यजीत विश्वास, भोला शर्मा, आशुतोष राय, विशंभर लाल मिगलानी, प्रीतम गाईन, डॉ जेएल खुराना आदि मौजूद रहे।


नवनिर्वाचित अध्यक्ष इंद्रजीत मंडल व साथ में संरक्षक मंडल।

### राज्य आंदोलन के नायक स्व. बडोनी को याद किया

**शांतिपुरी :** उत्तराखंड क्रांति दल ने राज्य आंदोलन के नायक स्व. इंद्रमणि बडोनी की पुण्यतिथि पर शांतिपुरी नंबर एक में उनके जीवन चरित्र एवं राज्य आंदोलन में उनकी भूमिका के संबंध में चर्चा कर याद किया। यूकेडी के केंद्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह असगोला ने कहा कि बडोनी एक सच्चे देश भक्त की तरह उत्तराखंड के जमीनी सरोकारों से जुड़े हुए थे और राज्यवासियो को एक नई दिशा देने के लिए हमेशा लोगों के बीच रहा करते थे। जिलाध्यक्ष एमसी पांडेय ने कहा कि उत्तराखंड सरकार की ओर से वर्ष 2015 में स्व. बडोनी की जयंती पर सभी जिला कार्यालयों एवं स्कूल, कालेजों में बडोनी के जीवन पर वाद विवाद, भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए थे। लेकिन सरकार की अनदेखी के चलते कोई कार्यक्रम नहीं हो रहे हैं। इस मौके पर जीवन सिंह नेगी, भानू प्रताप मेहरा, सोनू बिष्ट, रमेश ऐरी, जमुना जोशी, ख्याली सिंह, खजान मठपाल, राजेंद्र बिष्ट, कमलेश भट्ट, महावीर कार्की, रमेश मिश्रा, बच्चन बिष्ट, मनोज तिवारी, रवि मिश्रा, कैलाश आदि मौजूद थे।

### अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक और अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित होंगे डॉ. सुरेंद्र

**खटीमा।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र विक्रम सिंह पडियार को शिक्षक दिवस के दिन प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक और अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह पुरस्कार वर्ष में उनके द्वारा किए गए शोध और अन्य एकेडमिक्स कार्य के लिए दिया जा रहा है। डॉ. सुरेंद्र पडियार मूल रूप से नैनीताल जिला के ओखलकांडा विकासखंड के नरतोला गांव के निवासी हैं और उत्तराखंड उच्च शिक्षा में वर्ष 2014 से महाविद्यालयों में गणित के प्राध्यापक के रूप अध्यापन का कार्य कर रहे हैं।


डॉ. सुरेंद्र विक्रम सिंह।

आस्था | मंदिरों में पूजा अर्चना को उमड़ी भीड़, भक्तों ने शिवलिंग पर किया दुग्धाभिषेक

# आखिरी सोमवार को गूंजा बम-बम भोले

- शिव की आराधना कर सुख समृद्धि की कामना की
- सुबह से ही लगने लगी मंदिरों पर श्रद्धालुओं की कतार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** श्रावण मास के आखिरी सोमवार को शिव मंदिरों में बाबा भक्तों का तांता लगा रहा। बम भोले के उद्घोष से शिवालय गूंज उठे और वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूजन सामग्री के साथ शिव की आराधना की और सुख समृद्धि की कामना की।

सोमवार की सुबह होते ही मंदिरों में शिव भजनों की गूंज होने लगी और बाबा भक्तों ने स्नान कर शिव की आराधना शुरू कर दी। सुबह सात बजे से ही शहर के मुख्य मंदिर पांच मंदिर, दुर्गा मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, तुलसी धाम मंदिर, बृहस्पति देव मंदिर, प्राचीन अटरिया मंदिर, मोटा हल्दी शिव मंदिर के अलावा वार्ड में स्थित मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। श्रद्धालुओं ने लंबी कतार में लगने के बाद शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।


शिव मंदिरों में पूजा अर्चना करते बाबा के भक्त। ● अमृत विचार

## हरिद्वार से लौटे शिव भक्तों का जोरदार स्वागत

**किच्छा।** सावन के अंतिम सोमवार को नगर के श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, श्री कृष्ण बलदेव मंदिर, श्री शिरडी साईं मंदिर, शनि मंदिर, काली मंदिर, माता कृष्णा देवी मंदिर सहित तमाम मंदिरों में शिव भक्तों की खासी भीड़ नजर आई। नगर के बरेली मार्ग स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में मुख्य पुजारी पंडित ब्रह्मानंद शर्मा की अगुवाई में सर्वप्रथम हरिद्वार से पैदल यात्रा कर गंगाजल लाने वाले शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर गंगाजल से अभिषेक किया। इससे पूर्व व्यापारी नेता एवं कांग्रेस जिला महामंत्री गुलशन सिंधी, लवी सहगल, व्यापारी नेता अक्षय बावा, प्यारे लाल बावा, दीपक बावा, दुर्गेश गुप्ता, रिक्की चावला, मुकेश कोहली, सुमित बावा, शरणजीत पुरेवाल, मन्नू बावा मौजूद रहे।


किच्छा में शिव भक्तों का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार


जन्यो-पुन्यो कार्यक्रम में जनेऊ धारण करते पर्वतीय समाज के लोग।

# ऋषि तर्पण जन्यो-पुन्यो कार्यक्रम में उमड़े भक्त

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** शैल सांस्कृतिक समिति (शैल परिषद की ओर से शैल सांस्कृतिक भवन प्रांगण में हर साल की भांति इस वर्ष भी ऋषि तर्पण जन्यो-पुन्यो कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में पर्वतीय समाज के लोगों ने मंत्रोच्चार के बीच जनेऊ का शुद्धिकरण कर पुनः धारण किया।

सोमवार को ज्योतिषाचार्य पंडित दिनेश चंद्र पंत, पंडित त्रिलोचन पनेरू द्वारा मंत्र जाप के साथ विधि-विधान से रक्षा सूत्र व जनेऊ को पवित्र किया गया और जनेऊ की महता की जानकारी दी। बताया कि ऋषि तर्पण मानव परमात्मा के प्रति श्रद्धा व कृतज्ञता को प्रकट करता है। ऋषि तर्पण श्रावण मास की पूर्णिमा को आस्था पूर्वक मनाया जाता है। पंडित सतीश लोहनी ने बताया कि ऋषि तर्पण मुख्यतः जनेऊ बदलने का पर्व है। जनेऊ 96 चक्र व 96 हजार ऋचाओं अर्थात दो लोकों का प्रतीक माना जाता है तथा तीन धागे (सूत्र) शरीर (पौरूष) वाणी एवं मन मस्तिष्क को वश में करने का माध्यम है। परिषद के अध्यक्ष गोपाल सिंह पटवाल ने कहा कि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति का बोध करना चाहिए और इसके महत्व को समझाना चाहिए।

## सार-संक्षेप

### सुप्रसिद्ध पंडित चिरंजीलाल शर्मा की पत्नी का निधन


गेंदा देवी।

**बाजपुर :** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध पंडित पं. चिरंजीलाल शर्मा की धर्मपत्नी गेंदा देवी (95) का स्वर्गवास सोमवार को मोहल्ला संजय कॉलोनी स्थित आवास पर हो गया। वह पिछले सप्ताहभर से अस्वस्थ चल रही थीं। मूल रूप से गोरीर झुनझुनू राजस्थान निवासी गेंदा देवी भी करीब 6 दशक पहले अपने पति स्व.चिरंजीलाल के साथ तराई में आकर बस गईं थीं। उस समय उनके पति वैश्य समाज के प्रमुख पंडित हुआ करते थे। तीन मूर्ति मंदिर की सभी पूजा-पाठ, हवन इत्यादि के साथ ही क्षेत्र में होने वाले छोटे से लेकर बड़े आयोजनों में पति-पत्नी की भागीदारी रहती थी। अब उनके पुत्र पं.शिव कुमार शास्त्री, पं.मूल शंकर शास्त्री, ऋषिकेश, विजय कुमार, जितेंद्र मिश्रा आदि अपने-अपने क्षेत्रों में धर्मकाज में लगे हुए हैं। पं.शिवकुमार शास्त्री ने बताया कि 20 अगस्त (आज) सुबह 10 बजे शमशान भूमि बाजपुर में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। रामराज रोड स्थित तीन मूर्ति मंदिर के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे पं.चिरंजीलाल शर्मा 8-9 अक्टूबर 2023 को परलोक शिधार चुके हैं।

### लापता युवक का सुराग नहीं मिलने से परिजन चिंतित


इरफान।

**जसपुर :** लापता युवक का 14वें दिन भी कोई पता नहीं चल पाया। इससे उसके परिजन अत्यधिक चिंतित हैं। जसपुर क्षेत्र के गांव पतरामपुर से करीब 6 किलोमीटर जंगल की जसपुर दक्षिणी रेंज के सीमावर्ती जंगल की अमानगढ़ रेंज (उत्तरप्रदेश) निवासी गुर्जर युवक इरफान पुत्र गुलाम मुश्तफा विगत विगत 6 अगस्त को घर से लापता हो गया था। परिजनों द्वारा काफी तलाश किये जाने के बावजूद उसका सोमवार तक भी कहीं कोई पता नहीं चल पा रहा है। इस कारण उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### नई बस्ती पचौरिया में हाथियों ने रौंदी धान की फसल

**खटीमा :** चकरपुर क्षेत्र में खटीमा रेंज के जंगल से सटे पचौरिया नई बस्ती गांव में हाथियों के झुंड ने दो एकड़ धन की फसल रौंद दी है। ग्रामीणों ने इस बाबत वनकर्मियों को अवगत करा दिया है। पचौरिया नई बस्ती में रविवार रात डेढ़ दर्जन से अधिक हाथियों का झुंड गांव में घुस आया। हाथियों द्वारा खेतों में फसल को चौपट करने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने ड्रम, कनस्तर बजाते हुए हाथियों को खदेड़ा। हाथियों के भगाए जाने तक हाथियों ने दो एकड़ से अधिक की धान की फसल रौंद दी। ग्रामीणों ने हाथियों को भगाने के बाद वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। ग्रामीणों की सूचना पर वन दरोगा नित्यानंद भट्ट, फारेस्ट गार्ड हिमांशु पंत, सुभाष चंद, विशेष राणा ने मौका मुआयना किया। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने को कहा। ग्रामीणों ने वन कर्मियों से वन्य जीवों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की।

### अवैध शराब के साथ आरोपी दबोचा

**खटीमा :** सत्रहमील पुलिस ने गश्त के दौरान साइफन चौकी मार्ग पर पुलिस को देख भागते संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 53 पाउच अवैध शराब बरामद की। पूछताछ में उसने स्वयं को ग्राम वनगवां निवासी परमजीत सिंह उर्फ पम्मा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया।

### 20 लीटर कच्ची शराब के साथ तस्कर दबोचा

**किच्छा :** पुलभट्टा थाना पुलिस ने रेलवे पटरी पुल के निकट बंगाली कॉलोनी, वार्ड नंबर 17, थाना पुलभट्टा निवासी सुरजीत सिंह को अवैध कच्ची शराब की तस्करी करते पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक के कट्टे में 40 पाउच में रखी गई 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर कब्जे में ले ली।

# भू-अभिलेखों की प्रतियों पर रक्षा सूत्र बांधा

## तहसील परिसर में भूमि बचाओ सत्याग्रह जारी, सरकार पर तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाने का लगाया आरोप

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर में भू-अभिलेखों की प्रतियों पर रक्षा सूत्र बांधकर अपनी भूमि बचाने का संकल्प लेते आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि से सरकार द्वारा छीने गए भूमिधरी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन स्थल पर सोमवार को पीड़ित किसानों, मजदूरों, व्यापारियों ने भू-अभिलेखों की प्रतियों पर रक्षा सूत्र बांधकर अपनी जमीनों की सुरक्षा का संकल्प दोहराया। पीड़ितों ने एकजुटता से कहा कि अपने पूर्वजों की खून-पसीने की कमाई और आधी सदी से भी अधिक समय से प्राप्त भूमिधरी अधिकारों को पाने के लिए अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ेंगे।

भू-अभिलेख पर रक्षा सूत्र बांधते हुए भावुक हुए पीड़ितों ने कहा कि पिछले 4 वर्ष से सरकार द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए हमारे अधिकारों को छीना गया है जिससे परिवारों की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, आर्थिक गतिविधियां रुक गई हैं, बहुत से लोगों के मकान आधे रुके हुए हैं, जो बच्चे लोन लेकर विदेश में पढ़ाई करना चाहते थे वह भी अधर में लटके हुए हैं। यहां तक कि अब लोग आत्महत्या को मजबूर होने लगे हैं, लेकिन सरकार द्वारा आश्वासन के बावजूद भी कोई समाधान नहीं किया गया और विपक्ष द्वारा भी प्रभावी प्रयास नहीं किए गए जिससे बाजपुर के हजारों परिवार अभी तक न्याय से वंचित हैं। भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन के संयोजक जगतार सिंह बाजवा, अगुवाई रजनीत सिंह सोनू, भाकियू कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा, व्यापारी नेता दर्शनलाल गोयल, अशोक गोयल आदि ने एकजुटता से कहा कि अपने अधिकारों के लिए अंतिम सांसों तक संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने की। इस मौके पर जोगिंदर सिंह, शेर सिंह, मनजीत सिंह, मुरारी लाल, राजकिशोर सिंह, सुनील पाठक, करण सिंह निक्कू, राजू निज्जर, देवेश प्रताप सिंह, बलजिंदर सिंह, सुखविंदर सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं भूमि बचाओ आंदोलन के 386वें दिन सोमवार को विचित्र सिंह प्रधान, मकसूद अहमद, सिकंदर सिंह, उदयवीर सिंह व मंगत सिंह क्रमिक अनशन पर बैठे जिन्हें किसान नेता जगतार सिंह बाजवा व कर्म सिंह पड्डा ने माल्यार्पण करके बैठाया।

## युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**बाजपुरः** पैदल जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन चालक ने चपेट में ले लिया जिसमें युवक घायल हो गया जिसे आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस वाहन सेवा की मदद से उपचार के लिए उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल युवक नशे में धुत बताया जा रहा है।

रविवार की देर रात करीब 11 बजे नानकमत्ता निवासी सतनाम सिंह (33) पुत्र बक्शीश सिंह बाजपुर में पैदल जा रहा था। इसी बीच नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर मुड़िया तिराहा के नजदीक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने उसे चपेट में ले लिया जिसमें सतनाम गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। दौड़कर पहुंचे आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस को फोन करके बुला लिया और घायल को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# मजदूरी के रुपयों को लेकर दो पार्टनरों में विवाद

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** मजदूरी के 80 हजार रुपये को लेकर दो पार्टनरों में विवाद हो गया है। एक पक्ष ने पुलिस चौकी बरहैनी में तहरीर देकर दूसरे पर पैसों की बेइमानी करने एवं मांगने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

मोहल्ला आदर्शनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी नईम ने पुलिस को बताया कि करीब ढाई माह पहले गुहाटी में फर्नीचर के कार्य का ठेका लिया था जिसका दूसरा पार्टनर ग्राम ककरा, हरपालपुर हरदोई उप्र का रहने वाला है। आरोप है कि पार्टनर ने मजदूरी की कुल रकम 2,60,000 स्वयं प्राप्त कर ली, जबकि पार्टनरशिप के हिसाब से 130,000 रुपये नईम को दिए जाने थे जिसमें पचास हजार रुपये ही दिए गए और बाकी के 80,000 रुपये उसने अपनी शादी के बाद देने की बात कही। आरोप है कि अब दूसरे पार्टनर के मन में बेइमानी आ गई है, जोकि रुपये मांगने पर उल्टा झूठे आरोप लगाकर फंसाने की धमकी दे रहा है। इतना ही नहीं उसके साथ गाली-गलौज एवं धमकी दी जा रही है। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

### रंजिशन गाली-गलौच व मारपीट का आरोप

**बाजपुर।** रंजिशन गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप एक ही परिवार के 6 महिला-पुरुष व बच्चों पर लगाते हुए पीड़िता ने स्थानीय पुलिस के साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र प्रेषित कर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मझरा खुशहालपुर निवासी लक्ष्मी पत्नी सुरेश सिंह ने पुलिस को बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने 16 अगस्त की देर सायं करीब सात बजे उसके पालतू मुर्गे की टांग तोड़ दी थी। आरोप है कि इस बाबत शिकायत करने पर आरोपी पक्ष के 6 महिला-पुरुष व बच्चों द्वारा गाली-गलौज की गई। विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गई। इतना ही नहीं हलावरों ने उसके घर का दरवाजा भी तोड़ दिया है। उसका मोबाइल, नाक में पहना सोने का फूल व गले का मंगलसूत्र भी छीन लिया है। उसके दो नाबालिग बच्चों के साथ भी मारपीट की गई है।


# भाई-भाभी पर पत्नी को उकसाने का आरोप

**बाजपुर।** एक युवक ने अपने भाई-भाभी पर उसकी पत्नी को उकसाकर लड़ाई झगड़ा करवाने एवं भविष्य में उसे बाजपुर में अकेले मिलने पर अगवा करवाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम रतनपुरा निवासी एक युवक ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि सोमवार की प्रातः करीब 9 बजे वह अपने घर में मौजूद था, जबकि उसकी पत्नी मायके गई हुई है। आरोप है कि इसी बीच उसकी भाभी ने उसके साथ बेवजह गाली-गलौज कर पत्नी को मायके से न आने देने की बात कही जिसमें उसका भाई भी भाभी की तरफदारी करने लगा। इतना ही नहीं इन दोनों ने उसे बाजपुर में अकेले मिलने पर अगवा कर जान से मरवाने की धमकी दी है। यह लोग उसकी पत्नी को उकसाकर घर में विवाद कराते आ रहे हैं।

## धर्म दर्शन

### श्रीकृष्ण और शिशुपाल




डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

"श्रीकृष्ण जरासंध जैसी राजशक्ति को समाप्त करने के बाद भारत के राजनैतिक आकाश में चमकने लगे किन्तु वे राजा तो थे नहीं, यादव -गणराज्य था। राजा न होने की वजह से उन्हें राजसभा में छत्रचंवर का औपचारिक राज-संमान नहीं दिया जाता था। जब राजसूय-यज्ञ में अग्रपूजा का सवाल आया, तब युधिष्ठिर ने भीष्म से पूछा कि अग्रपूजा का अधिकारी यहां कौन है? तब भीष्म ने श्रीकृष्ण को अग्रपूजा का अधिकारी घोषित कर दिया। इस पर राजसभा में विप्लव सा होने लगा, विद्रोह का नेतृत्व कर रहा था शिशुपाल।

शिशुपाल ने यहां तक कह दिया, हविषः प्राप्य निष्यंदं प्राशिता श्वेव निर्जने अर्थात जैसे अकेले में कुत्ता हविष्य को चाट लेता है, उस प्रकार कृष्ण ने अग्रपूजा को स्वीकार किया है। यह ग्वाला है, गाय चरानेवाला है, यह क्षत्रियोचित- सम्मान का अधिकारी कैसे हो गया? अनेक प्रकार से कृष्ण के विरुद्ध तर्क देते हुए शिशुपाल ने भीष्म को भी कलंक बतला दिया।

राजाओं से कहने लगा कि तुम युधिष्ठिर को कर क्यों देते हो, इसने तो भारत के सभी राजवंशों का अपमान किया है। जब बात बहुत बढ़ गई तब कृष्ण ने शिशुपाल को चेतावनी दी, संभलने को कहा और चक्र चला दिया। वहां श्रीकृष्ण का तेज अपरिमेय हो गया। कोई कुछ बोल नहीं पाया और सुलगने वाला आक्रोश भी शान्त हो गया। शिशुपाल वैसे तो रिश्ते का भाई था किन्तु जरासंध का सहयोगी था और रुक्मिणी स्वयंवर में भी द्वेष पाले हुए था।"

### वैदिक देव मंडल में विष्णु शब्द


डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

व्युत्पत्ति की दृष्टि से 'विष्णु' शब्द 'विस्' धातु से बना है। जिसका अर्थ है "अंतः प्रवेश"। यह आश्चर्य जनक कटु सत्य है कि वैदिक देव मंडल में इनका स्थान ऋग्वैदिक देवताओं-अग्नि, इन्द्र, वरूण, वायुसविता, मित्रावरूण, अश्विनी कुमारों, विश्वेदेवा, सोम, ऋभु, ऋत, मरूत्, त्वष्टा, सरस्वती नदी, दक्षिणा, इन्द्राणी, द्यौ आदि की तुलना में कम बहुत कम महत्वपूर्ण प्रतीत होता है। ऋग्वेद का मात्र एक ही सूक्त (1/154) इतना अधिक सार गर्भित है कि कालान्तर में यही उनको ऋग्वैदिक-अग्नि, इन्द्र, वरूण, वायु, सवितृ आदि देवों की तुलना में विष्णु को अत्यन्त शीर्ष और गरिमामय पद का अधिकारी बना देता है। ऋवे.(1/154) इस कथन में, इनके 'त्रिविक्रम' अर्थात तीन पग में तोनों लोक के मापन में विश्व के परम कल्याण की अंतर्कथा निहित थी। यजुर्वेद (5/150) का भी कथन है, "इदं विष्णु विचक्र में त्रेधा नित्यं पदम्।" स्पष्ट यजुर्वेद भी विष्णु देव के द्वारा तीनपग में ही विश्व-मापन से संपूर्ण विश्व जन के हित कल्याण हुआ था।

उनके "त्रिविक्रम उरूक्रम (ऋवे.1/154) की विशेषता ने ही उनको ब्रह्मा, विष्णु और शिव की त्रिमूर्ति का प्रमुख देव बना दिया। कुछ मनीषियों के अनुसार उनके त्रिविक्रम में प्रातः कालीन सूर्य, मध्य काल के प्रखर तेजस्वी मध्याह्न सूर्य तथा सायंकालीन शांत सूर्य के तीनों प्रकार की तेजस्विता का समावेस है।

कतिपय अन्य चिन्तकों के अनुसार, ऋग्वैदिक सूक्त में उनका स्वरूप एक वृहदाकार शरीरवाले युवक प्रतीत होता है। उन्हें 'उरूगाय' (विस्तृत पादप्रक्षेप करने वाला) एवं 'उरूक्रम (बहुत चौड़ाई में पग रखने वाला) कहा गया है। अपने इन्हीं पगों से त्रिलोक मापन का जगत कल्याणकारी कार्य किया था। इन्द्र ने वृत्र वध में इनकी सहायता ली थी (ऋवे.,1/20)। इन्द्र और विष्णु ने मिलकर शंबर के 12 दुर्गों को ध्वस्तकर दासों को पराजित किया था (वही, 7/98)। ऋग्वेद में ही अन्यत्र विष्णु के पराक्रमी होने के साथ-साथ उनके अत्यन्त गतिमान्, द्रुतगामी और तेजस्वी होने का भी उल्लेख (वही, 1/155-5 तथा 1/156) है। ऋग्वेद में अपेक्षाकृत कनिष्ठ देवता माने जाने वाले श्रीविष्णु ब्राह्मण साहित्य में सहसा, सर्वश्रेष्ठ होह उठते हैं (शत.ब्रा.,14/1/1/5)। ऐतरेय ब्राह्मण,1/1) के अनुसार यज्ञ विधान में विष्णु सर्वश्रेष्ठ तो अग्नि सबसे कनिष्ठ हो उठते हैः- "अग्निरूवैः देवायामधमो, विष्णुः परमः।/तदन्तरेण सरूवाः अन्याः देवताः।।"

अथर्ववेद में यज्ञ को उष्णता प्रदान करने के लिए, विष्णु का स्तवन किया गया है। देवा सुर संग्राम में देवों की पराजय के उपरान्त शरणागत देवताओं उनका सम्मान वापस दिलाने के लिए, वामन वेषधारी विष्णु ने विराट रूप धारण कर तीन पगों में तीनो लोक, वेद और वाक् को माप लिया था (शतपथ ब्राह्मण, 1/2/5, ऐतरेय ब्राह्मण, 6/15)। जहां तक उपनिषद साहित्य का प्रश्न है, मैत्रेयी उपनिषद में विष्णु को समस्त सृष्टि का धारणकर्ता अक्षरब्रह्म कहा गया है। कठोपनिषद्में साधक के आध्यात्मिक साधना का अंतिम "श्रेयस्" विष्णु का परमपद बताया गया है।

गृह्यसूत्रों में विष्णु भारतीयों के नित्यपूजन के प्रमुख देवता हैं। आपस्तंब, हिरण्केशिन्, पारस्कर आदि आचार्यों द्वारा प्रणीत विवाहविधि में सप्तपदी समारोहों में, अधोलिखित मंत्र का अत्यन्त श्रद्धा पूर्वक वैदिकमंत्रों के साथ ही पाठ किया जाता है। "विष्णुस्तां त्रानयतु।" (अर्थात विष्णु तुम्हारा मार्ग दर्शन करें रक्षा करे)।

## वर्ग पहेली-166

**बाएं से दाएं**

3. किसी व्यक्ति विशेष को प्राप्त विशेष प्रकार का अधिकार।
4. 1. बादल, मेघ 2. नागरमोथा 3. बाला नामक द्रव्यगंध।
5. 1. बिना कांटे का
7. चांदी का बना हुआ, जिसमें चांदी घुली-मिली हो।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी अधिकारी के द्वारा या अधिकारपूर्वक कहा या किया हुआ 2. अधिकारयुक्त, अधिकारपूर्ण।
2. चिट, कागज़ के टुकड़े पर लिखी हुई सूचना।
4. ऊर्जा की एक इकाई।
5. 1. जिसके शरीर पर चीर या वस्त्र न हो 2. वस्त्रविहीन, नंगा।
6. 1. वाचन करने वाला 2. वचन के रूप में अभिव्यक्त होने वाला 3. वचन संबंधी 4. बोध कराने वाला।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 | ■ | 2 |
| 3 | | | | | |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 4 | | | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| 7 | | | | | ■ |

### वर्ग पहेली -165 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 सा | ■ | 2 मो | 3 ज | ■ | 4 चि |
| ल | ■ | ■ | ल | ■ | क |
| ■ | 5 ख़े | रा | त | ख़ा | ना |
| 6 पु | ■ | ■ | रं | ■ | प |
| 7 रं | गा | 8 रं | ग | ■ | न |
| ज | ■ | गी | ■ | 9 ना | ■ |
| य | ■ | नी | ■ | ई | ■ |

## सुडोकू -79

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 3 | | | | 9 | | 4 |
| | 7 | | | | | | 5 | |
| 9 | 5 | | 8 | | | 2 | 6 | |
| | | | 6 | | 5 | | 7 | |
| | 2 | 5 | | | | 3 | 9 | |
| | 4 | | 9 | | 1 | | | |
| | 3 | 1 | | | 4 | | 8 | 2 |
| | 6 | | | | | | 3 | |
| 8 | | 7 | | | | 1 | 4 | |

### सुडोकू -78 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 5 | 1 |
| 2 | 7 | 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 4 | 3 | 6 | 9 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 | 5 | 6 | 4 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 1 | 6 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 | 8 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 अगस्त मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 08.32 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 05.45 तक तत्पश्चात शतभिषा 21 अगस्त 03.09 तक।

**मेष** — आज कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। नए संबंधों के जन्म लेने की संभावना बन रही है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर तनाव कम रहेगा। आवश्यक कार्यों को दोपहर के पहले पूरा कर लें। गठिया वात के रोगियों का दर्द बढ़ सकता है।

**वृष** — आज कारोबार को लेकर आप काफी गंभीर प्रयास करेंगे। परिवार में आपसी तालमेल जबरदस्त रहेगा। मित्र आपके लिए विशेष सहायक सिद्ध होंगे। रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धीरे-धीरे परिस्थितियां पूरी तरह से आपके पक्ष में हो जायेंगी।

**मिथुन** — आज दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने के अवसर मिलेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर कुछ अफवाहें उड़ सकती हैं। आपकी प्रतिभा लोगों के सामने नए रूप में उभरकर सामने आ सकती है।

**कर्क** — आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। बच्चों की पढ़ाई और एडमीशन को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में बड़ी उपलब्धियों को अर्जित करने में बेहतरीन सफलता मिल सकती है। वाहन में खराबी आ सकती है। माता का स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहने की आशंका है।

**सिंह** — आज कारोबार में नए साझेदारों को जोड़ सकते हैं। मौसमी बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। परिजनों का भरपूर स्नेह और सहयोग बढ़ेगा। आपके नए मित्र भी बन सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रमों में आप धन खर्च करेंगे।

**कन्या** — आज नई योजनाओं पर आप धन खर्च कर सकते हैं। व्यापार में आपको आंशिक धन लाभ प्राप्त होगा। प्रेमी जन के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। सहकर्मियों के बीच आपका वर्चस्व और प्रभाव बढ़ेगा। प्रोफेशनल शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन बेहद शानदार है।

**तुला** — आज नया मोबाइल फोन या कोई गैजेट खरीदने का विचार बनायेंगे। थोड़ी सी मेहनत से ही काम बन जाने से आपका मनोबल बढ़ेगा। आपकी उन्नति से शत्रु वर्ग हतोत्साहित होगा। बाहरी व्यक्तियों का हस्तक्षेप अपने काम पर न होने दें। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज भावुकता के कारण आप गलत निर्णय ले सकते हैं। महिला घरेलू कार्यों में काफी व्यस्त रहने वाली हैं। अपने गुस्से और वाणी पर नियंत्रण रखें। प्रेम संबंधों को लेकर कोई बड़ा वादा आज न करें। घर की साज-सज्जा में धन खर्च करेंगे।

**धनु** — आज व्यापार में आपको थोड़ी परेशानी उठानी पड़ेगी। धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। किसी बड़ी कंपनी से जॉब के नए अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। मित्रों और परिजनों की मदद करने का प्रयास करेंगे। किसी की आलोचना से निराश न हों।

**मकर** — आज आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। कला से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। ऑनलाइन सामान खरीदने का विचार बनायेंगे। वैवाहिक जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। व्यापार में भरपूर धन लाभ होगा।

**कुंभ** — आज आपका समय बहुत ही अच्छा है। घर में झगड़ा हो सकता है। अपने से छोटों को भी सम्मान दें। आप यात्रा के लिए जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप अपना लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर लेंगे। पुराने मित्रों से मिलना हो सकता है।

**मीन** — आज दिन का आधा भाग कठिनाई से बीतेगा। व्यापार में आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आप गलत बातों को सिद्ध करने में अपना समय बर्बाद न करें। घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। उग्र व्यवहार के कारण सबके निशाने में आ सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
जख्मी सिपाही — सुबह : 08.08
वीरे दी वेडिंग — शाम : 05.59

**&pictures**
लिंगा — सुबह : 10.39
घूमर — रात : 08.00

**Sony Pix**
मॉस्टर हंटर — सुबह : 07.56
2012 — शाम : 04.29

**Zee Cinema**
रिश्ते — सुबह : 08.52
सरदार गब्बर सिंह — शाम : 05.27

**Colors Cineplex**
सोनी महिवाल — सुबह :08.29
कुछ कुछ होता है — शाम : 06.56

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर शाम :05.27 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गोलू और उसकी शैतानियां
टीचर- तुमने कभी कोई अच्छा काम किया है?
गोलू- जी सर, बिल्कुल किया है!
टीचर- कौन सा?
गोलू- एक बार एक महिला आराम से घर जा रही थी,
मैंने उनके पीछे कुत्ता दौड़ा दिया, वह जल्दी घर पहुंच गई।

भिखारी- भाई एक रुपया दे दो, तीन दिन से भूखा हूं।
राहगीर- तीन दिन से भूखा है तो एक रुपये का क्या करेगा?
भिखारी- वजन देखना है कि कितना घटा!

## एक नजर

### बुग्याल से चरवाहा लापता, टीम रवाना

**बागेश्वर :** जनपद के उच्च हिमालयी क्षेत्र पिंडारी के बुग्याल से एक चरवाहा लापता है। सूचना पर पुलिस व प्रशासन की टीम रवाना हो गई है। बता दें कि उच्च हिमालयी क्षेत्र में गर्मी पड़ते ही कई लोग अपने गाय बकरियों को उंचाई स्थित बुग्यालों में भेजते हैं जिनके साथ चरवाहे भी होते हैं। इनके द्वारा बरसात के बाद वापस गांव आया जाता है जो कि उनके रोजगार में शामिल है। तोली निवासी चरवाहा बालक सिंह भी विगत दिनों ग्रामीणों के जानवरों को लेकर बुग्यालों में गया था तब से वह लापता है ग्रामीणों ने प्रशासन को इसकी सूचना दी जिस पर पुलिस व राजस्व पुलिस का दल क्षेत्र को आवश्यक उपकरणों के साथ रवाना हो गया है।

### युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**बागेश्वर :** कपकोट थाना अंतर्गत एक युवक की संदिग्ध हालात मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की और युवक के शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नान कन्यालीकोट निवासी 30 वर्षीय ललित प्रसाद पुत्र मोहन राम अपने कमरे में मृत अवस्था में मिला। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया व पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष कैलाश बिष्ट ने बताया कि युवक अविवाहित था। मामले की जांच की जा रही है।

# मां बाराही धाम में हजारों लोगों ने देखी 11 मिनट चली बग्वाल

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का मंदिर समिति ने किया स्वागत, मंदिर के छूटे अवस्थापना कार्य को मानसखंड कॉरिडोर में शामिल करने की घोषणा

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** मां बाराही धाम में बग्वाल युद्ध को देखने के लिए लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस वर्ष बग्वाल में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान मां बाराही मंदिर समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। 11 मिनट तक चले बग्वाल युद्ध में चार खाम चम्याल, गहरवाल, लमगड़िया और वालिग के अलावा सात थोकों के योद्धा फरों के साथ मैदान में उतरे। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि रीठा में रतिया नदी में बाढ़ सुरक्षा का निर्माण एवं वैकल्पिक एप्रोच रोड का निर्माण कार्य किया जायेगा। साथ ही मानसखंड कॉरिडोर के अन्तर्गत मां बाराही मंदिर के छूटे हुए अवस्थापना कार्यों को शामिल किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन भी किया।

धामी ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए सभी देवी-देवताओं को नमन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार देवभूमि की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ ही पौराणिक स्थलों का भी संवर्धन कर रही है। कहा कि चार धामों के साथ ही मानसखंड में मंदिरों को भी रोपवे से जोड़ने का कार्य जारी है। मां पूर्णागिरि धाम को रोप-वे से जोड़ा जा रहा है। मानसखंड यात्रा के तहत विशेष ट्रेन भी चलाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में मंदिरों के संवर्धन के साथ ही कृषि, दुग्ध उत्पादन, शिक्षा, बागवानी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही है। चम्पावत महाविद्यालय को सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कैंपस के रूप विकसित किया जा रहा है। चम्पावत मुख्यालय में एआरटीओ का उप कार्यालय खोला गया है। चम्पावत को आदर्श जिला बनाने के साथ ही उत्तराखंड को एक सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने पर राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोक कलाकार गिरीश बर्गली द्वारा तैयार 'जय मां बाराही' वीडियो को लांच किया। मुख्यमंत्री धामी द्वारा हेलीपेड के निकट जीआईसी परिसर देवीधुरा में पौधा रोपण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, विधायक खुशाल सिंह अधिकारी, विधायक राम सिंह कैड़ा, जिला अध्यक्ष निर्मल माहरा, पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र सिंह पाल, उपाध्यक्ष सेतु श्री राजशेखर जोशी, मंदिर समिति संरक्षक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, डीएम नवनीत पांडेय, एसपी अजय गणपति मौजूद रहे।


मां बाराही मंदिर परिसर में आयोजित बग्वाल युद्ध। ● अमृत विचार


मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत करते मां बाराही मंदिर समिति के सदस्य। ● अमृत विचार


मां बाराही की पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

# महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ किया उपवास

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** देश और प्रदेश में महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचार के विरोध में रक्षाबंधन पर्व पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज एक घंटे मौन उपवास पर बैठे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आज महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

जिलाध्यक्ष भोज ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में आज महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। महिलाओं के साथ दुष्कर्म के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कहा कि कोलकाता में भी प्रशिक्षु डाक्टर की रेप के बाद हत्या कर दी गई। देहरादून में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने देवभूमि को शर्मसार कर दिया। जबकि इससे पहले भी कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिला अपराध की घटनाओं को रोकने के बदले अपराध करने वालों को संरक्षण देने का काम कर रही है।

कहा कि जिस तरह महिलाओं पर अत्याचार मामले बढ़ रहे हैं। उसे रोकने में भाजपा सरकार पूरी तरह विफल हो गई है। अपराधियों को सजा नहीं मिलने से उनके हौसले और बुलंद हो रहे हैं।



मौन उपवास पर बैठे कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज। ● अमृत विचार

### बदहाल कानून व्यवस्था के खिलाफ दिया धरना

**बागेश्वर :** पार्टी जिला महामंत्री संगठन कवि जोशी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क में धरना दिया व एक घंटे का सांकेतिक उपवास किया। उन्होंने कहा कि आज भाई बहन के प्रेम के प्रतीक त्योहार के दिन उपवास से सरकार की आंखें खोलने का प्रयास किया गया है। कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड के बाद भी यदि सरकार जगी होती तो देहरादून बस डिपो में किशोरी के साथ गैंगरैप नहीं होता। कहा कि अंकिता का मामला फास्ट टेग कोर्ट में चलने के बाद भी अब तक इस पर कोई निर्णय नहीं हुआ है। इस दौरान कवि जोशी समेत सुनील पांडे, ईश्वर पांडे, गोकुल परिहार, भीम कुमार, कुंदन गोस्वामी, प्रकाश वाछमी, राहुल कुमार, पंकु कुमार, दिव्यांशु पिंडारी, देवेंद्र बघरी आदि उपस्थित थे।



बागेश्वर में उपवास में बैठे कांग्रेसी। ● अमृत विचार

## युवती पर हथियार से हमला, मुकदमा दर्ज

**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** जिला मुख्यालय में एक युवती पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नगर के मल्ला दन्या राजपुर निवासी युवती तबस्सुम अंसारी ने पुलिस में तहरीर दी है कि रविवार को अजीम अंसारी ने साजिश के तहत उन्हें जान से मारने का प्रयास किया। धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। हमले में उनके सिर पर गंभीर चोट पहुंची है। आरोप है कि इस बीच आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने आरोपी से भविष्य में भी जान का खतरा बताते हुए उचित कार्यवाही की मांग की है। इधर, पुलिस ने पीड़ित युवती की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

# रक्षाबंधन पर भाइयों ने लिया बहनों की रक्षा का संकल्प

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिलेभर में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर दीर्घायु होने की कामना की। वहीं, भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर आजीवन उनकी रक्षा का वचन दिया।

सोमवार को जिलेभर में भाई-बहनों ने रक्षाबंधन पर्व प्रेम और विश्वास, धार्मिक व सामाजिक रीति रिवाजों के साथ मनाया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर शुभ मुहूर्त में राखी बांधी। कई भाइयों ने बहनों के घर जाकर राखी बंधवाई। इससे पहले घरों में भी विभिन्न पकवान भी बनाए गए। इधर, अन्य दिनों की अपेक्षा नगर के स्टेशनों में भी चहल-पहल रही, वहीं दुकानें बंद होने से लोगों को परेशानी का भी सामना करना पड़ा। नगर समेत ग्रामीण इलाकों में सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना के कार्यक्रम हुए। पुरुषों ने भी शुभ मुहूर्त के तहत दिन में डेढ़ बजे जनेऊ धारण किया और बहनों ने भाइयों के कलाई में रक्षा सूत्र बांधे। इधर, अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी एकता बिष्ट ने भी परिवार संग रक्षाबंधन पर्व मनाया। इधर, बैरती में भी बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा बांधकर उनसे सुरक्षा का वचन लिया।


अल्मोड़ा के जाखनदेवी में भाई को राखी बांधती बहन।


बागेश्वर में भाई की कलाई पर राखी बांधती बहन।

### श्रावणी उपाकर्म पर विधि विधान से धारण किया जनेऊ

**अल्मोड़ा :** भुवनेश्वर महादेव मंदिर और रामलीला परिसर कर्नाटक खोला में श्रावणी उपाकर्म का आयोजन किया गया। कर्नाटक खोला में हर वर्ष श्रावणी उपकर्म का पर्व बड़े हर्षोल्लास व धूम-धाम से मनाया जाता है। इस दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पुरुषों ने जनेऊ और रक्षा सूत्र को प्रतिष्ठित करने के बाद सामूहिक रूप से जनेऊ धारण किया। श्रावणी उपाकर्म को ज्योतिषाचार्य एवं शिक्षाविद् डॉ. गिरीश चन्द्र जोशी ने संपन्न कराए। यहां पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक, विनोद कर्नाटक, राजेश कर्नाटक, राकेश कर्नाटक, ललित मोहन कर्नाटक, गिरीश कर्नाटक, दीप कर्नाटक, तनोज कर्नाटक, गौरव, पूरन चन्द्र तिवारी, लालती मोहन पंत आदि रहे।

### धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

**बागेश्वर :** जनपद में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के पास जाकर उनकी कलाई में राखी बांधी बदले में भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट किए। इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा होने के कारण लोगों ने सुबह के समय जनेऊ धारण तो की परंतु राखी बांधने का कार्य मुहूर्त के अनुसार डेढ़ बजे बाद किया। इस दौरान बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनके सुखमय व दीर्घायु जीवन की कामना की तथा भाइयों ने बहनों को उपहार देकर रक्षा का वचन दिया। इधर रोडवेज समेत टैक्सी यूनियन बागेश्वर ने रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों के लिए निशुल्क यात्रा की सुविधा की थी। पुंगरघाटी एक्सप्रेस के संचालक गोलू भाई ने बहनों के लिए निशुल्क वाहन सेवा संचालित की थी।

# महिलाओं पर अत्याचार चिंताजनक

संवाददाता रानीखेत

**अमृत विचार :** सोमवार को गांधी पार्क में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में महिलाओं के जघन्य अपराधों के विरोध में मौन व्रत कर विरोध दर्ज किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी संस्था की सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा एवं कांग्रेस कार्यकताओं को रक्षा सूत्र बांध कर अपना सहयोग दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि देश व प्रदेश में महिलाओं के साथ आये दिन दुराचार के मामले सामने आ रहे हैं जो कि बहुत ही दुःखद एवं चिंताजनक विषय है। ऐसे गंभीर विषय पर समाज को एकजुट होकर विरोध करना चहिए। कहा कांग्रेस पार्टी ऐसे जघन्य अपराधों का हमेशा से ही विरोध करती आई है। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड का मुख्य आरोपी आज भी प्रदेश सरकार की सह पर खुलेआम घूम रहा है। उन्होंने कर्नाटक में हुए डॉक्टर कांड की भी निंदा की।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट, पीसीसी सदस्य कैलाश पांडेय, वरिष्ठ कांग्रेस सदस्य हरीश आर्या, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, पूर्व प्रवक्ता अतुल जोशी, ज्येष्ठ प्रमुख ताड़ीखेत मोहन नेगी, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भिकियासैंण चंद्रशेखर, अगस्त लाल साह, पंकज जोशी, हेमंत सिंह बिष्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश आर्या, कमलेश बोरा, चरन जसवाल, प्रेम अधिकारी, अम्बा दत्त पंत, विश्व विजय सिंह माहरा, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, यतीश रौतेला आदि मौजूद रहे।



रानीखेत में मौन व्रत पर बैठे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा व कार्यकर्ता।

## आर्थिक आधार पर आरक्षण देने की मांग

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण संस्था की ओर से सोमवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें आर्थिक आधार पर आरक्षण दिए जाने की मांग उठाई। नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई।

नगर के एक होटल सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में जंगली जानवरों ने खेती चौपट कर दी है। लोग खेती छोड़ने को मजबूर हैं। इसके अलावा कहा कि नगर में पशुओं को आवारा छोड़ने वालों, गौरा कन्या धन योजना, पुरानी पेंशन बहाल करने और ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य सड़कों से जोड़ने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने की मांग भी उठाई। इस दौरान जमन सिंह, लक्ष्मण सिंह बोरा, रमेश सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।


कलाई पर बंधी राखी दिखाते भाई, साथ में बहन।

### नेपाल में भी रही रक्षाबंधन पर्व की धूम

**टनकपुर, अमृत विचार :** भाई-बहनों का पर्व रक्षाबंधन चम्पावत जिले में धूमधाम और परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस पर्व पर चम्पावत और लोहाघाट के अलावा जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा के बाजारों में भी खासी चहल-पहल रही है। वही परिवहन निगम की बसों और जीपों में भी काफी भीड़ रही है। इस मौके पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और भाइयों ने उनकी रक्षा के लिए वचन दिया और उन्हें उपहार भी दिए। इस पर्व पर पड़ोसी देश नेपाल में भी खासी धूमधाम रही।

**शहीद दिवस पर विशेष** — याद किये गए हरिकृष्ण उप्रेती और हीरामणि बडोला, कलाकारों एवं स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

# देघाट में स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में नम हुई आंखें

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** स्याल्दे ब्लॉक के देघाट में स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद हरिकृष्ण उप्रेती और हीरामणि बडोला की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान सभा में शहीदों को श्रद्धाजंलि देकर श्रद्धासुमन अर्पित की।

सोमवार को शहीद दिवस आयोजन समिति ने देघाट में शहीद दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में दोनों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इधर, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी शहीद हीरामणि बडोला के पैतृक गांव भेली पहुंचे और श्रद्धाजलि दी। कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में चौकोट के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। कहा कि शहीद बडोला व हरिकृष्ण का योगदान हमेशा इतिहास में उमर रहेगा। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, ब्लॉक प्रमुख दीपक किरोला, तहसीलदार दिवान गिरी गोस्वामी, दिनेश नाथ महंत, पूरन रजवार, रमेश चद्र पपनोई, कुंदन लाल, अशोक तिवारी, विरेंद्र रावत, देवेंद्र रावत, महेंद्र बंगारी, कुशलानंद, प्रकाश चंद्र, लीलाधर जोशी, राम दत्त, प्रयाग दत्त, गौरी दत्त, नंदन सिंह, नरेंद्र बिष्ट, आनंद सिंह रावत, महेश लाल वर्मा, दीवान सिंह सतवाल, मीनाक्षी आदि रहे।


देघाट के भेली गांव में शहीद हीरामणि बडोला को श्रद्धांजलि देते पूर्व सीएम हरीश रावत व अन्य।

### शहीदों ने बुलंद की थी अंग्रेजों के खिलाफ आवाज

19 अगस्त 1942 को कोलकता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की अगुवाई में आंदोलन का बिगुल फूंका गया। इसी का अनुसरण करते हुए क्रांतिवीर हरिमणि बडोला और हरिकृष्ण उप्रेती ने देघाट से आंदोलन शुरू किया था। इसी दिन पाली पछाऊ परगना स्थित देघाट के तल्ला, मल्ला व बिचला चौकोट में भी क्रांति शुरू हुई। बड़ी संख्या में क्रांतिकारी चौकोट पहुंचे और गोरों के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस दौरान अंग्रेज सैनिकों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इसमें कई क्रांतिकारी घायल हुए थे, जबकि क्रांतिवीर हीरामणि व हरिकृष्ण उप्रेती शहीद हो गए।

# मारपीट मामले में कार्यवाही की मांग

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार :** देवभूमि वाहन संचालन समिति ने एसएसबी के द्वारा चालकों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की।

देवभूमि वाहन संचालन समिति के सदस्यों के द्वारा थाने में ज्ञापन देकर सीमा पर एसएसबी के जवानों द्वारा टैक्सी चालकों के साथ मारपीट गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा कि चालक शंकर मौर्या व भूरा खान के साथ सीमा पर एसएसबी के जवानों के द्वारा मारपीट व गाली-गलौज का आरोप लगाया है। वहीं देवभूमि वाहन संचालन समिति के अध्यक्ष रफी अंसारी ने बताया कि एसएसबी चैकपोस्ट पर चैकिंग के दौरान जवानों के द्वारा टैक्सी चालकों के साथ बदतमीजी व मारपीट की जा रही है। जिसके कारण चालको में भय का माहौल है।

उपाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा की एसएसबी के द्वारा टैक्सी स्वामी व चालकों के साथ इस तरह की घटनाएं आए दिन होती रहती है। समिति ने पुलिस प्रशासन से चालकों के साथ मारपीट करने वाले एसएसबी जवानों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। कहा कि अगर पुलिस प्रशासन इस मामले में कार्यवाही नहीं करती है तो समिति क्षेत्र के सभी टैक्सी संचालकों को साथ लेकर आंदोलन करेगी। वहीं थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि अभी वह बग्वाल मेला देवीधुरा में है। आने पर ही मामले की जांच की जायेगी।


पुलिस को ज्ञापन सौंपते देवभूमि वाहन संचालन समिति के पदाधिकारी।

## एक नजर

### चमड़ा निर्यातकों का प्रतिनिधि मंडल 26 से रूस यात्रा पर

**नई दिल्ली।** चमड़ा क्षेत्र के 20 से अधिक अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल इस महीने रूस की यात्रा करेगा। इसका मकसद निवेश तलाशना और बढ़ते निर्यात अवसरों का लाभ उठाना है। यह तीन दिवसीय यात्रा 26 अगस्त से शुरू होगी। चमड़ा निर्यात परिषद के कार्यकारी निदेशक आर. सेल्वम ने एजेंसी को बताया कि वर्तमान में भारत छह करोड़ से आठ करोड़ अमेरिका डॉलर की चमड़े की वस्तुओं का निर्यात करता है, लेकिन यह अब भी कम है क्योंकि रूस में अपार अवसर हैं। सेल्वम ने कहा, हम मॉस्को में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय मेले यूरो शूज प्रीमियर कलेक्शन में भी हिस्सा लेंगे। हम निवेश आकर्षित करने, उत्पाद निर्माण में प्रौद्योगिकी सहयोग के उद्देश्य से एक प्रतिनिधिमंडल ले जा रहे हैं।


### सेबी निपटान योजना का 768 इकाइयों ने लाभ उठाया


**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को कहा कि इस साल लाई गई निपटान योजना के तहत बीएसई पर शेयर विकल्प खंड में कथित फर्जी कारोबार से संबंधित मामलों का कुल 768 इकाइयों ने निपटान किया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सेबी निपटान योजना, 2022 पेश की थी जिसमें इकाइयों को अपने मामलों का निपटान करने की अनुमति दी गई थी। नियामक ने इस योजना का हिस्सा नहीं बनने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही जारी रखी। इनमें से कुछ इकाइयों ने प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) में अपील करके निर्णयों को चुनौती दी थी।

# शेयर बाजार में सीमित कारोबार के बीच सेंसेक्स, निफ्टी लगभग स्थिर

## सेंसेक्स में मामूली 12 अंक की गिरावट, निफ्टी में 31.50 अंक की बढ़त

**मुंबई, एजेंसी**




स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को कारोबार सीमित रहा और बीएसई सेंसेक्स में मामूली 12 अंक की गिरावट आई। किसी ठोस संकेत के अभाव में निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रतिभागियों ने मूल्यांकन अधिक होने को लेकर चिंता के बीच प्रमुख शेयरों में मुनाफावसूली भी की। कारोबार सीमित दायरे में रहा और तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 12.16 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 80,424.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 80,724.40 अंक तक गया और नीचे में 80,332.65 अंक तक आया। हालांकि, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 31.50 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,572.65 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और आईसीआईसीआई बैंक नुकसान में रहीं। लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार शुरुआती लाभ बरकरार नहीं रख पाये।

## इंटरआर्क बिल्डिंग के आईपीओ को पहले दिन 3.19 गुना अभिदान

**नई दिल्ली।** निर्माण समाधान प्रदाता इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को सोमवार को पहले दिन ही पूर्ण अभिदान मिल गया। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, 600 करोड़ रुपये की शुरुआती शेयर बिक्री में 46,91,585 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 1,49,85,152 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं, जो 3.19 गुना अधिक है। गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 7.85 गुना अभिदान मिला, जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) की श्रेणी को 2.75 गुना अभिदान मिला। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के कोटे को 27 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 200 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं।

# जमा जुटाने के लिए विशेष अभियान चलाए बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंक कर्मचारियों को आगे आने के लिए कहा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से विशेष अभियान चलाकर जमा जुटाने के लिए ठोस प्रयास करने और ग्राहकों से जुड़ने के लिए बैंक कर्मचारियों को आगे आने के लिए कहा है। सीतारमण ने सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा बैठक में पीएसबी के वित्तीय मापदंडों, जमा जुटाने, डिजिटल भुगतान और साइबर सुरक्षा ढांचे के साथ-साथ वित्तीय समावेशन के तहत ऋण तक पहुंच और पीएसबी से संबंधित अन्य उभरते मुद्दों पर प्रदर्शन की समीक्षा की गई।

वित्त मंत्री ने कहा कि हालांकि ऋण वृद्धि में तेजी आई है, लेकिन ऋण वृद्धि को स्थायी रूप से वित्तपोषित करने के लिए जमा जुटाने में और सुधार किया जा सकता है और बैंकों से विशेष अभियान चलाकर जमा जुटाने के लिए ठोस प्रयास करने को कहा। सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से उभरते क्षेत्रों में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करके संबंधित शक्तियों का लाभ उठाने के लिए सहयोग की तलाश करने और बैंकिंग क्षेत्र में बदलावों के साथ तालमेल रखने के लिए खुद को तैयार करने का भी आग्रह किया।

## ओला इलेक्ट्रिक का शेयर 10 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भाविश अग्रवाल की अगुवाई वाली ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लि. का शेयर सोमवार को 10 प्रतिशत उछलकर उच्च सर्किट सीमा पर पहुंच गया। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी का शेयर नौ अगस्त को सूचीबद्ध हुआ था। यह अपने निर्गम मूल्य 76 रुपये के मुकाबले अबतक 92.14 प्रतिशत चढ़ चुका है। ओला इलेक्ट्रिक का शेयर सोमवार को बीएसई में 10 प्रतिशत चढ़कर 146.03 रुपये पर रहा। यह इसकी ऊपरी सर्किट सीमा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में यह 9.99 प्रतिशत चढ़कर 146.38 रुपये पर पहुंच गया।

# त्योहारी सत्र के लिए हवाई किराये में 25% तक वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कुछ अन्य मार्गों पर किराया 1-16 प्रतिशत के दायरे में बढ़ा

त्योहारी सत्र के लिए हवाई यात्रा के किराये में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है और दिवाली के लिए प्रमुख घरेलू मार्गों पर औसत एकतरफा टिकट की कीमत 10-15 प्रतिशत बढ़ चुकी है। दूसरी ओर ओणम के दौरान केरल के शहरों के लिए कुछ उड़ानों का किराया 20-25 प्रतिशत अधिक है।

एजेंसी के लिए ट्रैवल पोर्टल इक्सिगो के एक विश्लेषण से पता चलता है कि 30 अक्टूबर से पांच नवंबर के दौरान दिल्ली-चेन्नई मार्ग पर सीधी उड़ान के लिए इकोनॉमी श्रेणी का औसत एकतरफा किराया 25 प्रतिशत बढ़कर 7,618 रुपये है। यह किराया पिछले साल 10-16 नवंबर के मुकाबले है। इसी अवधि में मुंबई-हैदराबाद मार्ग पर टिकट की कीमत 21 प्रतिशत बढ़कर 5,162 रुपये हो गई है। दिल्ली-गोवा तथा दिल्ली-अहमदाबाद मार्गों पर किराया 19 प्रतिशत बढ़कर 5,999 रुपये तथा 4,930 रुपये हो गया है। विश्लेषण के अनुसार, कुछ अन्य मार्गों पर किराया 1-16 प्रतिशत के दायरे में बढ़ा है।

## एक माह में डेटा संरक्षण नियमों का मसौदा जारी कर सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि सरकार एक महीने के भीतर डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम के तहत नियमों का मसौदा जारी कर सकती है। मंत्री ने कहा कि सरकार ने पहले अधिनियम के डिजिटल कार्यान्वयन पर काम किया है और उसके अनुसार नियम बनाए हैं। वैष्णव ने यहां संवाददाताओं से कहा, मसौदा तैयार है और परामर्श के लिए नियमों का मसौदा एक महीने के भीतर जारी होने की उम्मीद है।

# ओवीएल ने वियतनाम के तेल ब्लॉक के लिए अनुबंध बढ़ाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दक्षिण चीन सागर के विवादित जलक्षेत्र में एक अन्य ब्लॉक की खोज के लिए तीन और साल मिले

पेट्रोलियम कंपनी ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) ने वियतनाम में कच्चे तेल एवं गैस के उत्पादन के लिए 16 साल का अनुबंध विस्तार हासिल किया है। इसके साथ ही उसे दक्षिण चीन सागर के विवादित जलक्षेत्र में एक अन्य ब्लॉक की खोज के लिए तीन और साल मिल गए हैं।

अधिकारियों ने कहा कि वियतनाम की सरकार ने नाम कोन सोन बेसिन के अपतटीय क्षेत्र में ब्लॉक 06.1 से उत्पादन के लिए उत्पादन साझाकरण अनुबंध को वर्ष 2039 तक बढ़ा दिया है। इसके अलावा दक्षिण चीन सागर में ब्लॉक 128 में तेल और गैस की खोज के लिए आठवां विस्तार भी ओवीएल को दिया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी की विदेशों में निवेश करने वाली इकाई ओवीएल की वियतनाम के नाम कोन सोन बेसिन में स्थित अपतटीय ब्लॉक 06.1 में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि लाइसेंस को 15 जून, 2026 तक बढ़ा दिया है।

## तीसरी, चौथी तिमाही में मजबूत मांग की उम्मीद : ईआईएच

**नई दिल्ली।** होटल चलाने वाली प्रमुख कंपनी ईआईएच लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की तीसरी और चौथी तिमाही में मजबूत मांग और होटल बुकिंग की उम्मीद है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी विक्रम ओबेरॉय ने कहा कि इससे पहले अप्रैल-जून के दौरान चुनाव और भीषण गर्मी के कारण मांग में कमी देखी गई थी। उन्होंने विश्लेषकों से कहा कि इस साल के आम चुनावों का मांग पर प्रभाव पिछले चुनावों की तुलना में अधिक था। उन्होंने कहा, हम अभी भी आशावादी हैं कि विदेश यात्रा में तेजी आ रही है।



## एक नजर

### केंद्रीय पर्यवेक्षकों में छत्तीसगढ़ के 12 आईएएस / आईपीएस अधिकारी शामिल

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनावों के परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है जिनमें छत्तीसगढ़ के 12 आईएएस/आईपीएस अधिकारी शामिल हैं। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक केंद्रीय पर्यवेक्षकों में छत्तीसगढ़ के जिन अधिकारियो को शामिल किया गया है, उनमें हिमशिखर गुप्ता, राजेश सिंह राणा, नरेंद्र कुमार दुग्गा, भीम सिंह, डॉ. प्रियंका शुक्ला, जय प्रकाश मौर्या, संजीव कुमार झा, विनित नंदनवार और ऋतुराज रघुवंशी (सभी आईएएस) तथा प्रशांत कुमार अग्रवाल, अभिषेक मीणा और उदय किरण (आईपीएस) शामिल हैं।

# विशेष अदालत को कार्रवाई 29 तक टालने का निर्देश

## उच्च न्यायालय ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ शिकायतों की सुनवाई के दौरान कहा

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सोमवार को विशेष एमपी/एमएलए अदालत को निर्देश दिया कि वह मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूमि आवंटन घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ शिकायतों की सुनवाई 29 अगस्त तक के लिए टाल दे। उच्च न्यायालय में इस मामले पर अगली सुनवाई 29 अगस्त को होगी। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने कहा, कोई स्थगन आदेश नहीं दिया गया है।

न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने कहा, चूंकि, इस मामले की सुनवाई इस अदालत में हो रही है और अभी



- न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने कहा स्थगन आदेश नहीं दिया गया

तक दलीलें पूरी नहीं हुई हैं, इसलिए अगली सुनवाई तक संबंधित अदालत अपनी कार्रवाई स्थगित कर दे। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता क्रमशः मुख्यमंत्री और राज्यपाल की ओर से पेश हुए। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर एमयूडीए मामले में उनके खिलाफ मुकदमे को मंजूरी देने से संबंधित राज्यपाल थावरचंद गहलोत के आदेश को चुनौती दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंजूरी आदेश बिना सोचे-समझे, वैधानिक आदेशों का उल्लंघन करते हुए और मंत्रिपरिषद की सलाह समेत भारत के संविधान के अनुच्छेद 163 के तहत बाध्यकारी संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत जारी किया गया है। सिद्धरमैया ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए और भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत, पूर्वानुमोदन व मंजूरी देने संबंधी 16 अगस्त के आदेश को चुनौती दी।

### राजनीतिक लड़ाई के दौरान मुझे ज्यादा जोश आता है

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को कहा कि राजनीतिक लड़ाई के दौरान उनका जोश बढ़ जाता है। सिद्धरमैया मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं के संबंध में उनके खिलाफ जांच की मंजूरी देने वाले



राज्यपाल थावरचंद गहलोत के आदेश से अप्रभावित नजर आए। आदेश को चुनौती देने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने के कुछ घंटों बाद मुख्यमंत्री ने कहा, मेरी अंतरात्मा बिल्कुल साफ है। सिद्धरमैया ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के वकील अभिषेक मनु सिंघवी उच्च न्यायालय में उनके मामले में पैरवी करेंगे। मुख्यमंत्री ने एक समारोह से इतर संवाददाताओं से कहा, मुझे न्यायपालिका पर भरोसा है। मुझे अदालत से राहत मिलने का पूरा भरोसा है, क्योंकि मैंने कोई गलत काम नहीं किया है। मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि वह पहली बार 40 साल पहले 17 अगस्त 1984 को मंत्री बने थे और उनके राजनीतिक जीवन में एक भी काला धब्बा नहीं है।

## सिंघवी ने तेलंगाना से राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन किया

**हैदराबाद, एजेंसी**

- कांग्रेस के विधायक दल ने सिंघवी की उम्मीदवारी का समर्थन किया

कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने तेलंगाना से राज्यसभा उपचुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार के रूप में सोमवार को नामांकन दाखिल किया। सिंघवी जब अपना नामांकन पत्र जमा करने के लिए राज्य विधानसभा पहुंचे, तब मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उनकी मंत्रिमंडलीय सहयोगी एवं तेलंगाना में पार्टी मामलों के लिए एआईसीसी प्रभारी दीपा दास मुंशी उनके साथ थीं। तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस के विधायक दल ने राज्यसभा उपचुनाव के लिए सिंघवी की उम्मीदवारी का रविवार रात समर्थन किया।

हैदराबाद में सीएलपी की एक बैठक के बाद पत्रकारों से मुखातिब मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने कहा कि बैठक में सिंघवी को कांग्रेस विधायकों, सांसदों और विधान परिषद सदस्यों से मिलवाया गया। वर्ष 2014 में विभाजन के बाद पड़ोसी आंध्र प्रदेश से विभिन्न मुद्दों पर जारी विवाद का जिक्र करते हुए रेवंत रेड्डी ने कहा कि सिंघवी के चुनाव से न केवल संसद में, बल्कि अदालतों में भी तेलंगाना की चिंताओं और समस्याओं को रेखांकित करने में मदद मिलेगी। सिंघवी ने कहा कि तेलंगाना में राज्यसभा उपचुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार के रूप में नामित होना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने हैदराबाद में कांग्रेस नेता के केशव राव से मुलाकात की।

## असमः गुवाहाटी के मॉल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**गुवाहाटी, एजेंसी**

- सिटी सेंटर मॉल को शाम करीब चार बजे खाली करा लिया गया

असम के गुवाहाटी के मध्य में स्थित एक मॉल के अधिकारियों को सोमवार को एक अज्ञात संगठन से बम की धमकी मिली, जिसके बाद इसे खाली करा दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

राज्य सचिवालय के नजदीक स्थित सिटी सेंटर मॉल को शाम करीब चार बजे खाली करा लिया गया। अधिकारियों ने शुरुआत में मॉल के अचानक बंद होने का कारण तकनीकी समस्या बताया था। असम पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मॉल के अधिकारियों को परिसर में बम के बारे में ई-मेल मिला था। यह ई-मेल पूरे भारत में 75 स्थानों पर भेजा गया था। हमें पता चला कि एड्रेस बार में कुल 75 प्राप्तकर्ता थे। इसमें मॉल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। यह घटना प्रतिबंधित उल्फा (आई) द्वारा राज्य के विभिन्न हिस्सों में 24 बम लगाने की घोषणा के चार दिन बाद हुई है।

### स्नेह का पर्व



सोमवार को नई दिल्ली में स्कूली बच्चों के साथ रक्षाबंधन समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। • एजेंसी

# राहुल ने जानीं कैब ड्राइवर की समस्याएं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि जब इंडिया समूह सरकार में आएगा तो इन समस्याओं का निदान होगा

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कैब चालक और डिलीवरी एजेंट से मिलकर उनकी समस्या से रूबरू हुए और कहा कि जब इंडिया समूह सरकार में आएगा तो इन श्रमिकों की समस्या का निदान किया जाएगा।

गांधी ने चालक सुनील उपाध्याय से मिलकर कैब ड्राइवर और डिलिबरी एजेंट की समस्याओं से रू-ब-रू हुए और कहा कि इनकी न कोई आर्थिक बचत है और न ही भविष्य का आधार है। इंडिया गठबंधन साथ मिलकर इनका आर्थिक और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा, आमदनी कम और महंगाई से निकलता दम - ये है भारत के गिग वर्कर्स की व्यथा। सुनील उपाध्याय के साथ एक उबेर यात्रा के दौरान चर्चा में और फिर उनके परिवार से मिल कर देश के कैब ड्राइवर्स और डिलीवरी एजेंट जैसे गिग वर्कर्स का हैंड टू माउथ इनकम में गुज़ारा तंगी से चल रहा है और इनकी कहीं कोई बचत नहीं है और न इनके परिवार के भविष्य का कोई आधार है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इनकी समस्या के समाधान के लिए कांग्रेस की राज्य सरकारें ठोंस नीतियां बना कर न्याय करेंगी और इंडिया समूह इसका देशव्यापी विस्तार सुनिश्चित करेगा।

# उदयपुर मामलाः घायल छात्र ने तोड़ा दम

**उदयपुर, एजेंसी**

- शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया

राजस्थान में उदयपुर शहर में शुक्रवार को स्कूली बच्चों में हुए विवाद में चाकू से हमला करने से गंभीर रूप से घायल छात्र ने सोमवार को दम तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना में गंभीर रूप से घायल एवं अस्पताल में भर्ती देवराज की दोपहर बाद में हालत बिगड़ने लगी और उसने दम तोड़ दिया। छात्र का शव अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया हैं।

अस्पताल में मौजूद छात्र के परिजनों से प्रशासन की बातचीत चल रही हैं। वहीं अस्पताल में जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारी मौजूद हैं और शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किया हैं और इसके लिए भारी पुलिस जाब्ता तैनात किया गया हैं। हालांकि देवराज की मौत की खबर सुनकर बड़ी संख्या में लोग अस्पताल आये लेकिन उन्हें बाहर ही रोक दिया गया और हालात को नियंत्रण में रखने के लिए शहर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात है। रक्षा बंधन के पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की गई हैं और शांति बनी हुई हैं तथा कहीं से कोई गड़बड़ की सूचना नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को स्कूल में दो छात्रों के बीच विवाद में चाकू से हमला करने से गंभीर रूप से घायल देवराज को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में हनुमान चालीसा का पाठ करके भी उसे बचाने के लिए प्रार्थना की गई लेकिन आखिर में उसे बचाया नहीं जा सका।

## मुंबई में बारिश का येलो अलर्ट जारी

**मुंबई।** मुंबई में एक सप्ताह तक तूफान और मध्यम वर्षा होने के आसार के लिये येलो अलर्ट जारी किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को बताया कि महाराष्ट्र के जिला ठाणे के लिए मंगलवार और बुधवार को अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी के सांताक्रूज स्टेशन ने रविवार तड़के 0.2 मिमी बारिश दर्ज की, जबकि कोलाबा वेधशाला ने 34 मिमी बारिश दर्ज की। सांताक्रूज स्टेशन पर तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया।

# चंपई सोरेन से अभी कोई बात नहीं हुई : मरांडी

**रांची, एजेंसी**



भाजपा की झारखंड इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को कहा कि चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की संभावनाओं को लेकर उनके साथ अभी कोई बातचीत नहीं हुई है। मरांडी ने कहा कि चंपई एक मंझे हुए नेता हैं और वह आगे की राह का निर्णय खुद लेंगे।

भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच चंपई रविवार दोपहर दिल्ली पहुंचे थे। बाद में उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि बतौर मुख्यमंत्री उन्होंने अत्यधिक अपमान झेला, जिसके बाद वह वैकल्पिक राह तलाशने के लिए मजबूर हो गए। मरांडी ने कहा, चंपई सोरेन से अभी तक कोई बातचीत नहीं हुई है। वह एक मंझे हुए नेता हैं और झारखंड राज्य के गठन के लिए चलाये गए आंदोलन का हिस्सा रह चुके हैं। वह अपनी आगे की राह के बारे में निर्णय खुद लेंगे। चंपई के सोशल मीडिया पोस्ट का जिक्र करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, इससे संकेत मिलता है कि वह बहुत आहत हैं। जिस तरह से मुख्यमंत्री पद से हटाया गया, उससे उन्होंने काफी अपमानित महसूस किया। चंपई ने पोस्ट में बताया कि तीन जुलाई को पार्टी विधायकों की बैठक में इस्तीफा देने को कहा गया।

### बन्ना गुप्ता शब्दों की मर्यादा को भूल गए : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को विभीषण कहने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि बन्ना गुप्ता अगर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को विभीषण बता रहे हैं तो यह स्पष्ट हो गया कि वर्तमान सरकार का कार्यकाल रावण राज के समान है। उन्होंने कहा कि चाटुकारिता में बन्ना गुप्ता शब्दों की मर्यादा को भूल गए और कोल्हान के एक जमीन से जुड़े कद्दावर आदिवासी नेता का अपमान कर रहे हैं।

## खेल डायरी

### आमंत्रण अंतर्राष्ट्रीय कराटे की मेजबानी करेगा भारत

**हैदराबाद।** जापान कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया (जेकेएआई) ने सोमवार को कहा कि भारत हैदराबाद में प्रतिष्ठित आमंत्रण अंतर्राष्ट्रीय कराटे टूर्नामेंट 2025 की मेजबानी करेगा। एसोसिएशन की जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि टूर्नामेंट गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में अगले वर्ष 18 से 22 जनवरी तक खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में दुनिया भर से तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है। इस दौरान जेकेएआई ने तीन टूर्नामेंटों की भी घोषणा की। 42वां जेकेए इंडिया नेशनल कराटे टूर्नामेंट 2025, 17वां ऑल इंडिया जेकेएआई क्यू लेवल कराटे टूर्नामेंट 2025, 12वां सासाकी, शोइची, मेमोरियल सीनियर्स नेशनल कराटे टूर्नामेंट 2025। इस अवसर पर सातवें डैन केएआई सेंसई ने कहा यह प्रतियोगिता जेकेए इंडिया के इतिहास में पहली बार भारत में आयोजित की जा रही है। मुझे उम्मीद है कि यह प्रतियोगिता कराटे के बारे में और अधिक जानकारी देगी, जो इसके अभ्यासकर्ताओं को आत्म-अनुशासन के जरिए उत्कृष्टता प्रदान करती है।

### जीव जांबिया लीजेंड्स में संयुक्त 12वें स्थान पर

**लुसाका (जांबिया)।** भारत के जीव मिल्खा सिंह जांबिया लीजेंड्स गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर रहे। जीव ने अंतिम दौर की शुरुआत चार होल में तीन बर्डी के साथ की। उन्होंने अंतिम दौर में कुल चार बर्डी, एक ईगल और तीन बोगी से तीन अंडर का स्कोर बनाया। जीव अब एचएसबीसी लीजेंड्स इंडियन चैंपियनशिप में खेलते हुए नजर आएंगे जिसकी मेजबानी वह स्वयं कर रहे हैं। जांबिया लीजेंड्स का खिताब दक्षिण अफ्रीका के कीथ होर्ने ने जीता जो लीजेंड्स टूर पर उनका पहला खिताब है।

### लाहिड़ी लिव गोल्फ में संयुक्त 42वें स्थान पर

**व्हाइट सल्फर स्प्रिंग्स (अमेरिका)।** ब्रूक्स कोपका ने जॉन राहम को पहले प्ले ऑफ होल में पछाड़कर यहां लिव गोल्फ का खिताब जीता जबकि भारत के अनिर्बान लाहिड़ी संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर रहे। कोपका ने अंतिम दौर में 63 जबकि राहम ने 65 का स्कोर बनाया। दोनों का कुल स्कोर 19 अंडर रहा जिसके बाद प्ले ऑफ में कोपका ने बाजी मारी। लाहिड़ी ने अंतिम दौर में पांच अंडर 65 का अपना टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन इसके बावजूद वह संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर रहे। लिव गोल्फ टूर पर 31 टूर्नामेंट में यह कोपका की पांचवीं जीत है।

### आमिर जमाल बांग्लादेश टेस्ट सीरीज से बाहर



**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर आमिर जमाल पीठ की चोट के बंगलादेश के साथ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को आमिर जमाल के टेस्ट सीरीज से बाहर होने की पुष्टि करते हुए कहा कि उनका शुरु में टीम में चयन किया गया था और उनकी भागीदारी फिटनेस क्लीयरेंस के अधीन थी। उनकी पीठ की चोट से पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है इस कारण वह 30 अगस्त से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से भी बाहर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वे पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं और अब लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपनी फिटनेस पर काम करेंगे। जमाल इस वर्ष मई से पीठ के निचले हिस्से की समस्या से जूझ रहे हैं। जमाल पाकिस्तान की टीम में एकमात्र तेज गेंदबाज ऑलराउंडर थे और उनकी जगह किसी दूसरे खिलाड़ी को टीम में जगह नहीं दी गई है। जमाल के बाद अब पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, मीर हमजा, खुर्रम शहजाद और मोहम्मद अली पर होगी।

# गुणवत्ता में सुधार हमारी प्राथमिकता : अनिल

नई दिल्ली, एजेंसी



- एआईएफएफ के नवनियुक्त महासचिव बोले- सुधार से ही बढ़ सकती है दर्शकों की संख्या और निवेश


अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के नवनियुक्त महासचिव पी. अनिल कुमार ने सोमवार को कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता फीफा, क्लबों, राज्य संघों और सरकार जैसे प्रत्येक हितधारक को शामिल करते हुए देश में फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार करना है।

अनुभवी खेल प्रशासक अनिल कुमार का फुटबॉल हाउस में एआईएफएफ कोषाध्यक्ष किपा अजय ने उप महासचिव एम सत्यनारायण की उपस्थिति में स्वागत किया। अनिल कुमार ने सोमवार को कार्यभार संभालने के बाद एआईएफएफ वेबसाइट से कहा अब, प्राथमिकता फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार की होगी। मुझे नहीं पता कि इसे उस स्तर पर लाने में हमें कितना समय लगेगा। लेकिन फिर भी हम इस उम्मीद के साथ शुरुआत कर रहे हैं कि हम कुछ बेहतर कर सकेंगे। जब तक हम सफल नहीं हो जाते, हम हार नहीं मानेंगे। उन्होंने कहा हम आप सभी भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों और भारतीय फुटबॉल का समर्थन करने वालों के साथ काम करना जारी रखेंगे। अनिलकुमार का मानना है कि जब गुणवत्ता में सुधार होगा, तो फुटबॉल देखने वाले दर्शकों की संख्या बढ़ेगी और फुटबॉल में निवेश बढ़ेगा।

भारतीय फुटबॉल हालांकि कई वर्षों से आगे बढ़ रहा है, लेकिन फीफा रैंकिंग को पैमाना बनाये तो यह अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाया है। हमारा ध्यान भारतीय फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार करने और इसे वैश्विक स्तर पर अधिक स्वीकार्य बनाने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने पर होगा।

# मुक्केबाजी: जैक पॉल से मुकाबला करने को तैयार हैं माइक टायसन

न्यूयॉर्क, एजेंसी



- 58 साल के टायसन की फिर रिंग में वापसी, 15 नवंबर को टेक्सास के आर्लिंगटन में होगा मुकाबला

माइक टायसन 58 साल के हैं और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण रिंग में उनकी वापसी को स्थगित करना पड़ा। यह दिग्गज मुक्केबाज फिर से दस्ताने पहनने के लिए तैयार है।

एक समय दुनिया के सबसे खतरनाक मुक्केबाज रहे टायसन फिर से रिंग में उतर कर खुद को खतरे में डाल सकते हैं। रविवार को जब उनसे पूछा गया कि वह जैक पॉल से मुकाबला क्यों करना चाहते हैं तो उन्होंने उत्तर दिया। टायसन ने खचाखच भरे संवाददाता सम्मेलन में कहा क्योंकि मैं ऐसा कर सकता हूं। क्या मेरे अलावा कोई और है जो ऐसा कर सकता है। इस मुकाबले में मेरे अलावा और कौन लड़ेगा। इस दौरान प्रशंसकों ने टायसन के समर्थन में नारे लगाए जबकि पॉल की हूटिंग की। टायसन और पॉल के बीच की यह मुकाबला पहले 20 जुलाई को होना था। टायसन को अल्सर की समस्या होने के कारण इसे टाल दिया गया था। यह मुकाबला अब 15 नवंबर को टेक्सास के आर्लिंगटन में होगा।

# विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्णिम गाथा लिखेंगे सुमित

**पेरिस पैरालंपिक : तीन बार विश्व रिकॉर्ड कायम करते हुए अंतिल ने तोक्यो पैरालंपिक भाला फेंक में 68.55 मीटर के साथ जीता था स्वर्ण**

नई दिल्ली, एजेंसी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की भारतीय दल के पैरालंपिक सदस्यों से बातचीत, देश का मान बढ़ाने के लिए दीं शुभकामनाएं। ● एजेंसी

तोक्यो पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल का लक्ष्य पेरिस खेलों में पुरुषों के एफ64 श्रेणी में अपने विश्व रिकॉर्ड में सुधार के साथ खिताब का बचाव करना है। सुमित 28 अगस्त से 8 सितंबर तक होने वाले खेलों के उद्घाटन समारोह में भाग्यश्री जाधव (गोला फेंक, एफ34 श्रेणी) के साथ भारतीय ध्वजवाहक भी होंगे।

सुमित ने तोक्यो पैरालंपिक में तीन बार विश्व रिकॉर्ड कायम करते हुए 68.55 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने इसके बाद 2023 पैरा विश्व चैंपियनशिप में 70.83 मीटर के थ्रो के साथ नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया और फिर हांग्झोऊ एशियाई पैरा खेलों में इसमें सुधार करते हुए 73.29 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। एफ 64 श्रेणी पैर के निचले हिस्से में विकार वाले खिलाड़ियों से संबंधित है जो प्रोस्थेटिक्स (कृत्रिम पैर) का उपयोग करके खड़े होने की स्थिति वाली स्पर्धा में भाग लेते हैं। सुमित ने साक्षात्कार में कहा कि वह पेरिस पैरालंपिक में अपने विश्व रिकॉर्ड में सुधार कर स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं। मेरा दीर्घकालिन लक्ष्य 80 मीटर की दूरी हासिल करना है लेकिन पेरिस पैरालंपिक में मैं 75 मीटर की दूरी के साथ स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करूंगा। सत्रह साल की उम्र में सड़क दुर्घटना में अपना एक पैर गंवाने वाले इस खिलाड़ी ने इस वर्ष मई में पैरा विश्व चैंपियनशिप में 69.50 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

सुमित ने कहा अभ्यास के दौरान मेरे प्रयास काफी निरंतर रहे हैं। मैंने तकनीक में कोई बदलाव किये बिना ताकत और मजबूती बढ़ाने पर काफी मेहनत की है। मेरी कोशिश रहेगी कि अपने पिछले रिकॉर्ड को बेहतर करूं। पिछले खेलों के चैंपियन और भारतीय ध्वजवाहक होने के कारण दबाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा अभी कोई दबाव नहीं है लेकिन पेरिस पहुंचने के बाद चीजों के बारे में पता चलेगा। एक बार जब आप खेल गांव या प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचते हैं तो चीजों थोड़ी अलग हो जाती है। मैं इस पल का लुत्फ उठाना चाहता हूं। भारत से पहली बार इतना बड़ा और मजबूत दल पैरालंपिक में जा रहा है और मुझे ध्वजवाहक बनने पर गर्व महसूस हो रहा है। पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारत के 84 खिलाड़ी 12 स्पर्धाओं में भाग लेंगे।

पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित इस खिलाड़ी ने कहा पैरालंपिक जैसे आयोजन में ध्वजवाहक होना एक अलग तरह की भावना होती है। यह पहली बार है जब मैं पैरालंपिक के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनूंगा। मैंने अभ्यास में अधिक समय दिया है। स्पर्धाएं तो चलती रहती हैं लेकिन मेरा लक्ष्य भारत को पैरालंपिक से पदक दिलाना है और पिछले तीन साल से मेरा पूरा ध्यान इसी पर है। मैं विदेश में अभ्यास करने की जगह देश में अभ्यास करना पसंद करता हूं। भारत में मुझे अभ्यास में कोई कमी महसूस नहीं हुई। मैं साइ के सोनीपत केंद्र में अभ्यास करता हूं, वहां भाला फेंक के लिए एक ट्रैक सहित विश्व स्तरीय सुविधाएं है।

### नीरज के प्रदर्शन में कोई कमी नहीं थी

सुमित से जब पूछा गया कि क्या ओलंपिक में नीरज चोपड़ा के रजत पदक से आपको भी थोड़ी निराशा हुई तो उन्होंने कहा नीरज भाई ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया, यह कहना गलत होगा कि उनके प्रयास से दिल टूटा। खेल में काफी कुछ दिन पर निर्भर करता है। तोक्यो में हमारा दिन था, पेरिस में अरशद नदीम का दिन था। मैं नीरज भाई के प्रदर्शन से काफी खुश हूं। ओलंपिक जैसे मंच पर दबाव में सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना मुश्किल होता है। मुझे उम्मीद है कि वह एक बार जब 90 मीटर की दूरी को पार कर लेंगे तो हमारे पास बहुत सारे स्वर्ण पदक आएंगे। सुमित ने कहा कि वह 2019 से टॉप्स योजना का हिस्सा हैं और इससे उन्हें हर तरह की मदद मिल रही है। मैं 2019 से टॉप्स योजना का हिस्सा हूं और उसी समय से प्रोस्थेटिक पैर विदेशों से मंगवा रहा हूं। प्रोस्थेटिक्स के साथ ही मेरे खेल में मुझे जो भी जरूरत होती है टॉप्स मुहैया करा देता है।

# भारत के खिलाफ गेंदबाजी का जिम्मा ग्रीन-मार्श पर : कमिंस

मेलबर्न, एजेंसी



- ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने कहा- ऑल राउंडरों का होना टीम के लिए बहुत फायदेमंद

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को उम्मीद है कि इस साल के आखिर में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट श्रृंखला के दौरान ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन और मिशेल मार्श गेंदबाजी का अधिक जिम्मा संभालेंगे। कमिंस चाहते हैं कि यह दोनों ऑलराउंडर नवंबर से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में टीम के अग्रणी तेज गेंदबाजों का कार्यभार साझा करें।

कमिंस ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा टीम में ऑलराउंडर होने से फायदा मिलता है। पिछले कुछ वर्षों में हम उनका उतना उपयोग नहीं कर पाए जितना हमने सोचा था। यह अच्छी बात है। उन्होंने कहा लेकिन इन गर्मियों के सत्र में कुछ अलग हो सकता है। हम ग्रीन और मार्श को गेंदबाजी में थोड़ा अधिक जिम्मेदारी दे सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने कहा ग्रीन जैसे खिलाड़ी ने शील्ड क्रिकेट में गेंदबाज के रूप में शुरुआत की थी, लेकिन टेस्ट मैचों में उसे ज्यादा गेंदबाजी नहीं करनी पड़ी। अब वह पहले से अधिक परिपक्व हो गया है। मुझे लगता है कि हम उस पर थोड़ा और अधिक निर्भर रहेंगे।

# बांग्लादेश में टी-20 विश्व कप खेलना मुश्किल : एलिसा

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने कहा है कि अक्टूबर में बांग्लादेश में महिला टी-20 विश्व कप खेलना शायद सही नहीं होगा क्योंकि इससे देश पर बहुत दबाव पड़ेगा जो अब भी बड़े पैमाने पर हुई हिंसा और विरोध-प्रदर्शनों से उबर रहा है जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे।

देश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया था और भारत भाग गई जबकि नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाया है। महिला टी-20 विश्व कप तीन से 19 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होना है जिसमें ऑस्ट्रेलिया सहित 10 टीमें भाग लेंगी। एलिसा ने कहा मुझे इस समय वहां खेलने के बारे में सोचना मुश्किल लग रहा है, यह ऐसे देश से संसाधन छीनना होगा जो संघर्ष कर रहा है।

# डब्ल्यूबीबीएल में हरमनप्रीत सहित तीन भारतीय खिलाड़ी हुए शामिल

मेलबर्न, एजेंसी




- महिला बिग बैश लीग में खेलेंगी दीप्ति और जेमिमाह रॉड्रिग्स
- 1 सितंबर को होने वाले ड्राफ्ट के लिए दस नाम किए जारी

महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) ड्राफ्ट के पहले ग्रुप के खिलाड़ियों में भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर समेत तीन भारतीय खिलाड़ियों का भी नाम शामिल है। लीग के लिये नामांकन समाप्त होने के बाद बीबीएल और डब्ल्यूबीबीएल के ड्राफ्ट के पहले ग्रुप के 10 खिलाड़ियों के नाम जारी किये। इन 10 खिलाड़ियों में हरमनप्रीत कौर, दीप्ति शर्मा और जेमिमाह रॉड्रिग्स के भी नाम शामिल है।

कौर को (मेलबर्न रेनेगेड्स) रिटेन कर सकती है। इसके अलावा शबनम इस्माइल (होबार्ट हरिकेंस), डैनी व्याट (पर्थ स्कॉर्चर्स), लॉरा वोल्वार्ड्ट (एडिलेड स्ट्राइकर्स), एलिस कैप्सी (मेलबर्न स्टार्स), हीथर नाइट (सिडनी थंडर) और सूजी बेट्स (सिडनी सिक्सर्स) भी अनुबंधित टीमों द्वारा रिटेन किये जा सकते है। इंग्लैंड की कप्तान हेदर नाइट के साथ एकदिवसीय और टी-20 में दुनिया की नंबर एक गेंदबाज सोफी एक्लस्टन का भी नाम इस डॉफ्ट में शामिल है। एक सितंबर को होने वाले ड्रॉफ्ट के लिए अभी 10 ही खिलाड़ियों के नाम जारी किये गए हैं। ऐसा माना जा रहा है इनमें से कुछ खिलाड़ियों को पुरानी टीम रिटेन भी कर सकती हैं। खिलाड़ियों को प्लेटिनम, गोल्ड, सिल्वर और ब्रान्ज वर्ग में रखा गया है और क्लबों को ड्राफ्ट के दौरान कम से कम दो को चुनना आवश्यक है। महिला बीबीएल का 10वां संस्करण टी-20 विश्वकप फाइनल के एक सप्ताह बाद 20 अक्टूबर से शुरु होगा और इसका समापन पांच दिसंबर को होगा। वहीं पुरुष बीबीएल 15 दिसंबर से 27 जनवरी तक खेला जाएगा।

# दीप्ति शर्मा ने लंदन स्पिरिट को जिताया पहला द हंड्रेड खिताब

लंदन, एजेंसी



ट्रॉफी के साथ दीप्ति शर्मा। ● एजेंसी

भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने वेल्श फायर के साथ खेले गये रोमांचक फाइनल मुकाबले के आखिरी ओवर में छक्का लगाकर लंदन स्पिरिट को महिला द हंड्रेड 2024 का पहला खिताब दिलाया।

महिला द हंड्रेड के फाइनल मुकाबले में स्पिरिट ने टॉस जीतकर फायर को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी फायर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने जल्द ही अपने तीन विकेट गवां दिए। इसके बाद जेस जॉनसन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। जॉनसन की (54) रनों की अर्धशतकीय पारी के दम पर फायर ने आठ विकेट पर 115 का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में स्पिरिट की शुरुआत धीमी रही और उसने 25 रन पर दो विकेट खोकर दिये थे। नाइट (24) के आउट होने के बाद डैनियल गिगिब्सन के आउट होने के बाद रेडमेन (34) भी जल्द ही आउट हो गई। स्पिरिट को जीत के लिए 11 गेंदों पर 12 रनों की दरकार थी और 110 के स्कोर पर ऐबिगेल फ्रीबॉर्न के रूप में छठा विकेट गिर गया। आखिरी पांच गेंदों पर पांच रन चाहिए थे। पहली दो गेंदों पर दो रन आए और इसके बाद दीप्ति ने हेली छक्का लगाकर स्पिरिट को पहली ट्रॉफी दिला दी। रोमांचक फाइनल मुकाबले में स्पिरिट ने वेल्श फायर को चार विकेट से हराया।

## बॉलीवुड हलचल

# विक्की की छावा का टीजर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल की आने वाली फिल्म छावा का टीजर रिलीज हो गया है। विक्की कौशल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म छावा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म छावा का टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें विक्की कौशल का बेहद अलग और दमदार लुक देखने को मिल रहा है। मेकर्स ने इस फिल्म का टीजर जारी करने के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। फिल्म इसी साल 6 दिसंबर को रिलीज होगी। फिल्म में विक्की कौशल, छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना भी हैं, जो छत्रपति संभाजी महाराज की पत्नी येसुबाई भोंसले का रोल निभा रही हैं। इसके अलावा फिल्म में अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता भी लीड रोल में हैं। फिल्म छावा का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है और मैडॉक फिल्म्स के तहत दिनेश विजान द्वारा इस फिल्म को निर्मित किया गया है। छावा के टीजर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए विक्की कौशल ने कैप्शन में लिखा, स्वराज्य के रक्षक, धर्म के रक्षक। #छावा- एक साहसी योद्धा के महाकाव्य की गाथा।


# रजनीकांत की वेट्टैयन 10 अक्टूबर को होगी रिलीज




**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। लाइका प्रोडक्शन ने वेट्टैयन की रिलीज की तारीख की घोषणा की है। उन्होंने रजनीकांत एक नया पोस्टर जारी किया है, इसके कैप्शन में लिखा है टारगेट लॉक्ड वेट्टैयन 10 अक्टूबर, 2024 से दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। सुपरकॉप के रूप में सुपरस्टार तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ में रिलीज हो रही है। फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। टीजे ज्ञानवेल निर्देशित इस फिल्म में रजनीकांत, अमिताभ बच्चन, फहद फासिल, राणा दग्गुबाती, मंजू वारियर, रितिका सिंह और दुशरा विजयन मुख्य भूमिका में हैं।

# सिनर सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में, इगा हारीं

मेसन (अमेरिका), एजेंसी



<< अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराने के बाद जश्न मनाते यानिक सिनर ● एजेंसी

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन महिला वर्ग में शीर्ष खिलाड़ी इगा स्वियातेक को आर्यना सबालेंका से हार का सामना करना पड़ा।

सबालेंका फाइनल में अमेरिकी जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी, जबकि सिनर का सामना फ्रांसिस टियाफो से होगा। इटली के खिलाड़ी सिनर ने तीन घंटे, सात मिनट तक चले मैच में 7-6 (9) 5-7 7-6 (4) से जीत दर्ज की। टियाफो ने एक अन्य सेमीफाइनल में होल्गर रूण को 4-6, 6-1, 7-6 (7-4) से पराजित किया। महिलाओं के सेमीफाइनल में सबालेंका ने स्वियातेक को 6-3 6-3 से हरा कर पहली बार सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में जगह बनाई। इससे पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियातेक का पिछले 15 मैच से चला आ रहा विजय अभियान भी थम गया। पेगुला ने बारिश से प्रभावित दूसरे सेमीफाइनल में पाउला बडोसा को 6-2, 3-6, 6-3 से हराया।

### नागल विंस्टन सलेम ओपन से बाहर



**विंस्टन-सलेम (अमेरिका)।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल यहां पहले दौर में ही बोर्ना कोरिच से सीधे सेटों में हारकर एटीपी 250 प्रतियोगिता विंस्टन सलेम ओपन से बाहर हो गये। नागल एक घंटे 10 मिनट तक चले मैच में क्रोएशियाई खिलाड़ी से 4-6, 2-6 से हार गए। नागल मुकाबले में मिले एकमात्र ब्रेकप्वाइंट को बदलने में सफल रहे लेकिन इस बीच उन्होंने चार बार अपनी सर्विस गंवाई। पुरुष युगल में पूर्व जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन दक्षिणेश्वर सुरेश ब्रिटेन के अपने जोड़ीदार लुका पॉव के साथ चुनौती पेश करेंगे। अमेरिका में कॉलेज सर्किट में खेलने वाले दक्षिणेश्वर एकल मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए थे। वह क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में अमेरिका के चौथी वरीयता प्राप्त लर्नर टीएन से 3-6, 4-6 से हार गए थे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

